


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-29 अंक : 325 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) फाल्गुन कृ.4 2081 रविवार, 16 फरवरी-2025

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ❊ पृष्ठ : 16+32 मूल्य : 8 रुपये

## भारत खुद 5वीं पीढ़ी का फाइटर जेट बना रहा

बेंगलुरू, 15 फरवरी (एजेंसियां)। भारत खुद के 5वीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान एएमसीए प्रोजेक्ट पर काम कर रहा है, जो 2-3 साल में पूरा हो जाएगा। रूस भी भारत को यह फाइटर जेट बेचने का ऑफर दे चुका है। रूसी हथियार कंपनी ने बेंगलुरू एयर शो में कहा कि विमान की सप्लाई के अलावा हम भारत में इसका जॉइंट प्रोडक्शन भी करेंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि इस साल से अमेरिका भारत को कई अरब डॉलर के सैन्य उपकरण बेचेगा। साथ ही एफ-35 स्टील्थ फाइटर्स देने का भी रास्ता साफ करेगा। ट्रम्प ने भले ही भारत को एफ-35 विमान देने की पेशकश कर दी हो, लेकिन इस डील को पटरी पर लाना आसान नहीं होगा।

# 'बोडो समुदाय को सशक्त बनाने के लिए अथक प्रयास कर रहा एनडीए'

## कोकराझार में विधानसभा सत्र पर बोले पीएम मोदी



नई दिल्ली, 15 फरवरी (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असम में आंदोलन के केंद्र रहे कोकराझार में 17 फरवरी को आयोजित होने वाले ऐतिहासिक एक दिवसीय विशेष विधानसभा सत्र का स्वागत किया है। पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि केंद्र और असम दोनों में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकारें बोडो समुदाय को सशक्त बनाने और बोडो आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए अथक प्रयास कर रही हैं।

**सीएम सरमा ने बताया सत्र का प्रमुख एजेंडा**

वहीं, असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने विकास के बारे में जानकारी दी और कहा कि सत्र का एक प्रमुख एजेंडा छठी अनुसूची क्षेत्रों के प्रशासन को मजबूत करना होगा। इस पल को अपने राजनीतिक करियर का सबसे महत्वपूर्ण क्षण बताते हुए सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन के लिए भी धन्यवाद दिया है।

**'17 फरवरी को मील का पत्थर हासिल करेगा असम'**

सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, '17 फरवरी को असम ऐतिहासिक मील का पत्थर हासिल करेगा, क्योंकि कोकराझार, जो कभी बोडोलैंड आंदोलन का केंद्र था, एक दिवसीय विशेष विधानसभा सत्र आयोजित करेगा। मुख्य एजेंडा छठी अनुसूची क्षेत्रों के प्रशासन को मजबूत करना होगा, जिसमें राज्यपाल का अभिभाषण एक प्रमुख आकर्षण होगा।' उन्होंने कहा, यह माननीय प्रधानमंत्री के असम के प्रति अटूट प्रेम और माननीय गृह मंत्री के मार्गदर्शन से संभव हुआ है। उनका नेतृत्व शांति, स्थिरता और प्रगति की ओर हमारी यात्रा को आगे बढ़ाता रहेगा।

**मैंने जीवंत बोडो संस्कृति देखी थी**

मुख्यमंत्री के पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रधानमंत्री ने इसका स्वागत किया और कोकराझार की अपनी यात्रा को भी याद किया। पीएम मोदी ने लिखा 'केंद्र और असम दोनों में एनडीए सरकारें बोडो समुदाय को सशक्त बनाने और बोडो आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए अथक प्रयास कर रही हैं। ये कार्य और भी अधिक जोश के साथ जारी रहेंगे।

## टेक्सटाइल सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए 'भारत टेक्स 2025' में भाग लेंगे पीएम मोदी

नई दिल्ली, 15 फरवरी (एजेंसियां)। भारत वैश्विक कपड़ा कंपनियों के लिए एक विश्वसनीय और सस्टेनेबल सोर्सिंग गंतव्य बन गया है। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को राष्ट्रीय राजधानी में 'भारत टेक्स 2025' वैश्विक सम्मेलन को संबोधित करेंगे।

प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी भारत मंडपम में शाम करीब 4 बजे कार्यक्रम में भाग लेंगे और सभा को संबोधित करेंगे। 14-17 फरवरी तक आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम पूरे टेक्सटाइल वैल्यू चेन (कच्चे माल से लेकर तैयार उत्पादों सहित सहायक उपकरण) को एक ही छत के नीचे लाता है।

'भारत टेक्स' प्लेटफॉर्म टेक्सटाइल इंडस्ट्री का सबसे बड़ा कार्यक्रम है, जिसमें दो स्थानों पर फैला एक मेगा एक्सपो शामिल है और पूरे टेक्सटाइल इकोसिस्टम को प्रदर्शित करता है।

भारत वस्त्र और परिधान का छठा सबसे बड़ा निर्यातक है और देश ने 2023 में 34 बिलियन डॉलर मूल्य की वस्त्र वस्तुओं का निर्यात किया। जिसके साथ 45 मिलियन से अधिक लोगों को सीधे रोजगार मिला है। इसमें 70 से ज्यादा कॉन्फ्रेंस सेशन, राउंडटेबल, पैनल डिस्कशन और मास्टर क्लासेस की विशेषता वाला एक वैश्विक स्तर का कॉन्फ्रेंस सेशन भी होगा। इस कार्यक्रम में प्रदर्शनी, हैकाथॉन-आधारित 'स्टार्टअप पिच फेस्ट' और इनोवेशन फेस्ट और प्रमुख निवेशकों के माध्यम से स्टार्टअप के लिए फंडिंग के अवसर प्रदान करने वाली तकनीक और डिजाइन चुनौतियां शामिल होंगी।

# सीबीआई डायरेक्टर के चयन में सीजेआई क्यों : धनखड़

> जब नियम बना था, तब सिस्टम ने घुटने टेके > अब वक्त है इसे बदलने का

भोपाल, 15 फरवरी (एजेंसियां)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि सीबीआई डायरेक्टर या अन्य बड़े अधिकारियों (चीफ इलेक्शन कमिश्नर) के सिलेक्शन पैनल में चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया कैसे हिस्सा ले सकते हैं। न्यायिक सक्रियता और अतिक्रमण के बीच की रेखा पतली है, लेकिन लोकतंत्र पर इसका प्रभाव मोटा है।

धनखड़ ने आगे कहा- यह बात हैरान करती है कि हमारे जैसे देश या किसी भी लोकतंत्र में, भारत के मुख्य न्यायाधीश सीबीआई डायरेक्टर के चयन में कैसे भाग ले सकते हैं। क्या इसके लिए कोई कानूनी तर्क हो सकता है? उपराष्ट्रपति ने शुक्रवार को भोपाल में नेशनल ज्यूडिशियल एकेडमी में एक सभा को संबोधित करते हुए ये बातें कहीं।

**सीबीआई डायरेक्टर को चुनने की क्या प्रक्रिया है :**

सीबीआई डायरेक्टर की नियुक्ति दिल्ली स्पेशल पुलिस एस्टेब्लिशमेंट एक्ट, 1946 के आर्टिकल 4ए के तहत की जाती है। डायरेक्टर का सलेक्शन तीन सदस्यीय कमेटी करती है। इसमें प्रधानमंत्री, लोकसभा नेता प्रतिपक्ष और चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया शामिल होते हैं।



(फाइल फोटो)

**सीबीआई डायरेक्टर और चुनाव आयुक्त की नियुक्ति की प्रोसेस एक जैसी थी :**

सीबीआई डायरेक्टर के चयन की प्रक्रिया चुनाव आयुक्त की नियुक्ति जैसी ही था। मुख्य चुनाव आयुक्त के चयन के लिए भी प्रधानमंत्री, लोकसभा नेता प्रतिपक्ष और चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया की तीन सदस्यीय कमेटी करती थी, लेकिन सरकार ने नया कानून लाकर इसमें बदलाव किया। फिलहाल चीफ इलेक्शन कमिश्नर के सिलेक्शन का प्रोसेस विवादों में है।

**सीजेआई को पैनल से बाहर रखने पर विवाद**

> 2 मार्च 2023 को सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया कि सिलेक्शन पैनल में सीजेआई को शामिल करना जरूरी है। इससे पहले सिर्फ केंद्र सरकार इनका चयन करती थी।

> 21 दिसंबर 2023 को केंद्र सरकार सीईसी और ईसी की नियुक्ति, सेवा, शर्तें और कार्यकाल से जुड़ा नया बिल लेकर आई। इसके तहत चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति तीन सदस्यों का पैनल करेगा।

> इसमें प्रधानमंत्री, लोकसभा में विपक्ष का नेता और एक केंद्रीय कैबिनेट मंत्री शामिल होंगे। सीजेआई को इस पैनल से बाहर रखा गया। 2023 में शीतकालीन सत्र के दौरान बिल दोनों सदनों में पास हो गया।

**मामला सुप्रीम कोर्ट में, 19 फरवरी को सुनवाई होगी :**

नए कानून पर विपक्ष ने आपत्ति दर्ज कराई थी इस कानून पर विपक्षी दलों का कहना था कि सरकार सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ के आदेश के खिलाफ बिल लाकर उसे कमजोर कर रही है। कांग्रेस कार्यकर्ता जया ठाकुर ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है।

ईसी की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका पर 19 फरवरी को सुनवाई होगी। मामले की सुनवाई 12 फरवरी को होनी थी, लेकिन केस लिस्ट नहीं हुआ था।

# 'ड्रोन की क्रांति को समझने में असफल रहे प्रधानमंत्री'

> राहुल गांधी का सरकार पर हमला



(फाइल फोटो)

नई दिल्ली, 15 फरवरी (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को केंद्र की भाजपा सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि भारत में प्रतिभा तो है, लेकिन युवाओं को रोजगार देने के लिए नई तकनीक में औद्योगिक कौशल विकसित करने की जरूरत है। इसके लिए उसे मजबूत उत्पादन आधार की जरूरत है। इसके लिए खोखले शब्दों की जरूरत नहीं है। उन्होंने जोर देकर कहा, भारत के युवाओं के लिए आगे आने और यह सुनिश्चित करने का समय है कि भारत पीछे न छूटे। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मौजूदा वक्त में युद्ध क्षेत्र और अन्य जगहों पर ड्रोन की उपयोगिता का जिक्र किया। उन्होंने शनिवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसकी क्रांति को समझने में असफल रहे हैं। दरअसल, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने ड्रोन और उससे जुड़ी प्रौद्योगिकी को लेकर एक वीडियो अपने यूट्यूब चैनल पर अपलोड किया। उन्होंने कहा, ड्रोन ने संचार के लिए बैटरी, मोटर और ऑप्टिक्स के संयोजन से युद्ध के क्षेत्र में क्रांति ला दी है। ड्रोन सिर्फ प्रौद्योगिकी नहीं हैं, बल्कि वे एक मजबूत औद्योगिक प्रणाली द्वारा संचालित निचले स्तर के नवाचार हैं। उन्होंने युद्ध क्षेत्र को ही बदल दिया है। टैंक, तोपखाने और यहां तक कि विमान वाहक को कम प्रासंगिक बना दिया है। राहुल ने कहा कि यह क्रांति सिर्फ युद्ध के बारे में नहीं है- यह उद्योग, एआई (कृत्रिम मेधा) और प्रौद्योगिकी की अगली पीढ़ी के बारे में है। उन्होंने कहा, दुर्भाग्य से प्रधानमंत्री मोदी इसे समझने में असफल रहे हैं, जबकि वह टेलीप्रॉम्प्टर की मदद से भाषण देते हैं।

# आतंकवादी संगठन से संबंध के आरोप में तीन सरकारी कर्मचारी बर्खास्त



जम्मू, 15 फरवरी (एजेंसियां)। जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शनिवार को तीन सरकारी कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया है। इनमें एक पुलिस कांस्टेबल, एक शिक्षक और वन विभाग का कर्मचारी शामिल हैं। उपराज्यपाल ने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 311(2)(सी) के तहत इन कर्मचारियों को बर्खास्त किया क्योंकि जांच में यह पाया गया कि इनकी आतंकवादी संगठनों से संबंध थे।

यह कार्रवाई उपराज्यपाल द्वारा सुरक्षा समीक्षा बैठक के अगले दिन की गई थी जिसमें उन्होंने आतंकियों और उनके नेटवर्क के खिलाफ अभियान का निर्देश दिया था। फिरदौस भट्ट जो 2011 में कांस्टेबल बना था जिसने लश्कर-ए-तैयबा आतंकवादी संगठन के लिए काम किया। मई 2024 में आतंकवाद के आरोप में गिरफ्तार किया गया और वर्तमान में वे कश्मीर के कोट भलवाल जेल में बंद हैं। भट्ट ने आतंकवादी हमलों के लिए हथियारों की आपूर्ति करने में मदद की थी और कई पुलिस अधिकारियों को भी धमकियां दी थीं।

## साजिशों का हुआ पर्दाफाश

**निसार अहमद खान (कर्मचारी वन विभाग) :**

निसार अहमद खान ने 1996 में वन विभाग में कार्य शुरू किया और वे आतंकवादी संगठन हिजबुल मुजाहिद्दीन के लिए काम कर रहा था। जो 2000 में एक बड़े आतंकवादी हमले में सहयोग किया था और फिर 2016 में घाटी में हिंसा भड़काने का काम किया।

**मोहम्मद अशरफ भट्ट (शिक्षक) :**

अशरफ भट्ट जो 2008 में शिक्षक के रूप में नियुक्त हुए थे जो लश्कर-ए-तैयबा के लिए काम किया और युवा छात्रों को आतंकवाद के लिए उकसाया। और वह 2022 में गिरफ्तार किया गया और वे वर्तमान में रियासी जिला जेल में बंद हैं। सुरक्षा एजेंसियों ने इन कर्मचारियों को धोखेबाज और देशद्रोही करार दिया, जिन्होंने भारतीय राज्य से वेतन प्राप्त करने के बावजूद आतंकवादी गतिविधियों में भाग लिया।

# महाकुंभ मेला प्रयागराज के कई पंडालों में अचानक लगी आग

> सेक्टर 18 और 19 के बीच हुआ शॉर्ट सर्किट

प्रयागराज, 15 फरवरी (एजेंसियां)। महाकुंभ मेला प्रयागराज में एक बार फिर आग लगने की घटना से हड़कंप मच गया है। जानकारी के मुताबिक महाकुंभ सेक्टर 18 और 19 के बीच कई पंडालों में अचानक आग लग गई है। आग लगने के कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। प्रशासन का कहना है कि आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया है। आग कल्पवासियों द्वारा खाली किए गए कुछ पुराने तंबू में लगी थी। फिलहाल के हताहत होने की सूचना नहीं है।

जानकारी के मुताबिक महाकुंभ मेले में सेक्टर 19 के मोरी मार्ग पर आग लगाने के सूचना आई। इसके बाद 10 मिनट में फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं।

भीड़ को मौके से हटाया गया। हालांकि तब तक अयोध्या धाम का लवकुश आश्रम जलकर खाक हो गया। बताया जा रहा है कि आग शाम 5.45 बजे शॉर्ट सर्किट के चलते लगी थी।

## महाकुंभ में कई बार लग चुकी है आग

प्रयागराज में महाकुंभ शुरू होने के बाद 7वें दिन ही सेक्टर 19 में भीषण आग लगी थी। इस दौरान कई टेंट आग में जल गए और सिलेंडर भी फटने की आवाज दूर तक सुनी गई थी।

बता दें दो दिन पहले यानी 13 फरवरी को भी महाकुंभ मेला क्षेत्र के दो अलग-अलग जोन में आग लगी थी, जिस पर काबू पा लिया गया था। इससे पहले 9 फरवरी को सेक्टर 9 के कल्पवासी टेंट में सिलेंडर लीक होने से भी आग लग चुकी है। ताजा आग की घटना को लेकर महाकुंभ मेला प्रशासन समेत अन्य टीम मौके पर जांच में जुट गई है।

# विवाद समाधान का रचनात्मक तरीका है मध्यस्थता, न्याय को बनाएं लचीला और समयबद्ध : सीजेआई खन्ना



(फाइल फोटो)

मुंबई, 15 फरवरी (एजेंसियां)। भारत के मुख्य न्यायाधीश सीजेआई संजीव खन्ना ने शनिवार को कहा कि सभी विवाद न्यायालय और मुकदमेबाजी के लिए उपयुक्त नहीं होते हैं। उन्होंने मध्यस्थता को विवाद समाधान का एक प्रभावी तरीका बताया। बता दें कि सीजेआई नागपुर में महाराष्ट्र राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय (एमएनएलयू) के तीसरे दीक्षांत समारोह में वहां उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहें थे।

**हर मामले को कानूनी रूप देना गलत :**

सीजेआई ने आगे कहा कि हर मामले को सिर्फ कानूनी दृष्टिकोण से नहीं बल्कि मानवता की कहानी के रूप में देखना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय कानूनी सहायता प्रणाली दुनिया की सबसे मजबूत प्रणालियों में से एक है, जहां सभी हितधारकों को मदद मिलती है। मुख्य न्यायाधीश ने कानूनी कार्रवाई से पहले आपसी मध्यस्थता की बात पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मध्यस्थता न केवल विवादों को हल करने का तरीका है, बल्कि यह रचनात्मक समाधान भी प्रदान करता है, जो रिश्तों को भी मजबूत करता है। साथ ही उन्होंने वकीलों को समस्या समाधानकर्ता बताया। उन्होंने कहा कि उन्हें कानूनी और मानवीय दोनों दृष्टिकोण से समाधान निकालने चाहिए।

**समाधान को होना चाहिए और लचीला :**

सीजेआई ने आगे कहा कि आज की समस्याएं अधिक गतिशील हो गई हैं, और उनके समाधान को भी लचीला होना चाहिए। उन्होंने न्याय के मार्ग को बाधा नहीं बनने की आवश्यकता पर जोर दिया। सीजेआई ने सभी से परंपरा से परे सोचने और न्याय प्रदान करने के तरीके को और अधिक लागत प्रभावी और समयबद्ध बनाने का आग्रह किया।

**जलवायु परिवर्तन का भी किया उल्लेख :**

भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना ने शनिवार को कहा कि न्याय प्रदान करने के पारंपरिक तरीकों से परे सोचना और उसे लागत प्रभावी व समयबद्ध बनाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी को ऐसे अनदेखे और जटिल चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, जिनकी हमारे पूर्वजों ने कभी कल्पना भी नहीं की थी, जैसे जलवायु परिवर्तन, जो न केवल हमारे पर्यावरण के लिए खतरा है, बल्कि मानवाधिकारों और सामाजिक न्याय के ढांचे को भी प्रभावित कर रहा है।

# दिल्ली में आप के 3 पार्षद भाजपा में शामिल

## दोनों पार्टियों के बीच अब सिर्फ 3 सीटों का अंतर, अप्रैल में मेयर चुनाव

नई दिल्ली, 15 फरवरी (एजेंसियां)। विधानसभा चुनाव में जीत के बाद अब दिल्ली म्यूनिसिपल कॉर्पोरेशन (एमसीडी) में भी भाजपा की सरकार बन सकती है। आम आदमी पार्टी के 3 पार्षद शनिवार को भाजपा में शामिल हो गए।

भाजपा में शामिल होने वालों में एंड्रयूज गंज से पार्षद अनीता बसोया, आरके पुरम से पार्षद धर्मवीर और चपराना से पार्षद निखिल शामिल हैं। भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने उन्हें पार्टी में शामिल करवाया। इनके अलावा आप के 4 नेताओं ने भी भाजपा जॉइन की। संदीप बसोया अपने समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हुए। वे आप से नई दिल्ली के जिला अध्यक्ष रह चुके हैं। दिल्ली म्यूनिसिपल कॉर्पोरेशन (एमसीडी) के मेयर का चुनाव इसी साल अप्रैल में होने वाले हैं। पिछला चुनाव नवंबर 2024 में हुआ था। हालांकि कार्यकाल सिर्फ 5 महीने का ही है। तब आप के महेश खिंची ने भाजपा के किशन लाल को केवल 3 वोटों से हराया था। तब 263 वोट डाले गए थे।

खिंची को 133, लाल को 130 वोट मिले थे, जबकि 2 वोट अवैध हो गए थे।

दिल्ली नगर निगम में कुल 250 पार्षद की सीटें हैं। इनमें से 11 पार्षद सांसद और विधायक बन गए हैं। इस तरह अब पार्षदों की संख्या 239 बची है। जिसमें से 119 सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी के हैं जबकि 113 बीजेपी के हैं। वहीं 7 पार्षद कांग्रेस के हैं। 3 और पार्षदों के निकल जाने की वजह से आप की संख्या 116 पर गिर गई है, यानी कि भाजपा के साथ उनका अंतर महज 3 सीटों का रह गया है।

## रणवीर अलाहाबादिया का केस अभिनव चंद्रचूड़ लड़ेंगे

नई दिल्ली, 15 फरवरी (एजेंसियां)। एक शो में बेहद घृणित टिप्पणी पर फंसे यूट्यूबर रणवीर अलहाबादिया ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। शुक्रवार सुबह 10:30 बजे, सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस (सीजेआई) संजीव खन्ना की पीठ में 'इंडियाज गॉट लेटेंट' के विवाद का हाई प्रोफाइल केस की सुनवाई हुई।

जैसे ही कार्यवाही शुरू हुई, अलाहाबादिया का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील अदालत में पेश हुए। यह वकील पिछले आठ साल छह महीने से सुप्रीम कोर्ट में कोई केस नहीं लड़े थे। लेकिन उनकी उपस्थिति ने सबका ध्यान खींचा। क्योंकि ये कोई और नहीं, ठीक पहले के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ के बेटे हैं।

नाम है-अभिनव चंद्रचूड़। भारत के न्यायिक हलकों में चंद्रचूड़ परिवार का नाम काफी सम्मानित है। उनके पिता मई 2016 में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश नियुक्त हुए थे, और बाद में भारत के मुख्य न्यायाधीश बने।

# भाजपा की भाषा बोल रहे हैं पलानीस्वामी : सीएम स्टालिन

चेन्नई, 15 फरवरी (एजेंसियां)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और सत्ताधारी डीएमके के अध्यक्ष एमके स्टालिन ने शनिवार को आरोप लगाया कि एआईएडीएमके महासचिव एदापद्दी के पलानीस्वामी इन दिनों भाजपा की भाषा बोल रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भजापा और एआईएडीएमके मिले हुए हैं। स्टालिन ने केंद्रीय बजट में तमिलनाडु की अनदेखी करने का भी आरोप लगाया और कहा कि बीते कुछ वर्षों से राज्य को कोई फंड नहीं मिला है।

दरअसल हाल ही में एआईएडीएमके महासचिव के पलानीस्वामी ने कहा था कि दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजे इंडी गठबंधन के लिए बड़ा झटका हैं। जब पलानीस्वामी के बयान पर सीएम स्टालिन से प्रतिक्रिया मांगी गई तो उन्होंने कहा कि मैं पहले ही कह चुका हूं कि पालनीस्वामी का बयान देखकर लगता है कि यह भाजपा का बयान है। एआईएडीएमके का शीर्ष नेतृत्व भाजपा की भाषा बोल रहा है।



(फाइल फोटो)

उन्होंने कहा कि एआईएडीएमके और भाजपा का पर्दे के पीछे गुप्त गठबंधन है और वे इसे साबित कर सकते हैं। डीएमके चीफ ने कहा कि पलानीस्वामी को बयान देने से पहले अपनी असफलताओं पर ध्यान देना चाहिए। 'उंगालिल ओरुवन' अभियान के दौरान डीएमके अध्यक्ष ने मीडिया से बात की। इस दौरान उनसे पुडुकोटिल जिले में पानी के टैंक में मानव मल मिलाने की घटना की, डीएमके की सहयोगी सीपीआईएम और वीसीके द्वारा की जा रही सीबीआई जांच की मांग को लेकर सवाल किया गया और पूछा गया कि क्या गठबंधन में कोई मतभेद हैं?

## 122 करोड़ के गबन मामले में न्यू इंडिया सहकारी बैंक का महाप्रबंधक गिरफ्तार, साथियों पर भी मामला दर्ज

मुंबई, 15 फरवरी (एजेंसियां)। मुंबई पुलिस ने 122 करोड़ रुपये के गबन मामले में न्यू इंडिया सहकारी बैंक के महाप्रबंधक हितेश मेहता को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने हितेश व उनके सहयोगियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है और जांच अपनी आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) को सौंपी है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि उन्हें रविवार को स्थानीय अदालत में पेश किया जाएगा। एक अधिकारी ने बताया कि मेहता को शहर पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने तीन घंटे से अधिक समय तक पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया। अधिकारी ने बताया कि मेहता को इस मामले के संबंध में जांच एजेंसी के दक्षिण मुंबई कार्यालय में अपना बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया गया था। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बृहस्पतिवार को सहकारी बैंक पर कई प्रतिबंध लगा दिए, जिसमें जमाकर्ताओं की ओर से धन निकासी पर भी प्रतिबंध शामिल है।

# जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार में रखे कीमती सामानों की बनेगी सूची

भुवनेश्वर, 15 फरवरी (एजेंसियां)। ओडिशा के कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने शनिवार को राज्य विधानसभा को बताया कि पुरी के जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार में रखे कीमती सामानों की सूची खजाने में चल रहे मरम्मत कार्य के पूरा होने के बाद बनाई जाएगी। बता दें कि, बीजू जनता दल के विधायक तुषारकांति बेहरा के एक प्रश्न के लिखित उत्तर में मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की तरफ से स्वीकृत दिशा-निर्देशों के अनुसार 14 जुलाई, 2024 को रत्न भंडार खोला गया था।

मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने मामले में बताया कि खजाने से आभूषणों को स्थानांतरित करने के बाद, एएसआई (भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण) की तरफ से मरम्मत कार्य प्रगति पर है। मंत्री ने कहा, 'मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद आभूषणों की सूची बनाई जाएगी। उसके बाद ही आभूषणों के बारे में विस्तृत जानकारी दी जा सकेगी।' उन्होंने कहा कि 'रत्न भंडार' के अंदर संग्रहीत कीमती सामानों की पिछली सूची 13 मई से 23 जुलाई, 1978 के बीच बनाई गई थी। सदन को दिए गए एक अन्य लिखित बयान में मंत्री हरिचंदन ने कहा कि पुराने भूमि अभिलेखों से एकत्र किए गए आंकड़ों से पता चलता है कि ओडिशा के 30 में से 24 जिलों में श्री जगन्नाथ महाप्रभु बिजे, पुरी के नाम पर कुल 60,426.943 एकड़ जमीन है। उन्होंने कहा कि इन जमीनों में से 38,061.892 एकड़ जमीन वर्तमान में श्री जगन्नाथ महाप्रभु बिजे, पुरी के नाम पर अधिकार अभिलेख में है। मंत्री ने आगे कहा कि मंदिर को वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान राज्य में उपलब्ध भू-संपत्तियों से 33.02 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है। इसी प्रकार, पुरी तहसील में 259 भूखंडों में फैली श्री जगन्नाथ महाप्रभु बिजे, पुरी की 607.760 एकड़ भूमि पुरी में प्रस्तावित वेदांत विश्वविद्यालय के लिए अधिग्रहित की गई है और मंदिर कार्यालय को इसके लिए 8.80 करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं।

# न्यू इनकम टैक्स बिल-31 सदस्यीय कमेटी गठित

**> भाजपा सांसद बैजयंत पांडा अध्यक्ष > महुआ मोइत्रा भी शामिल > समिति अपनी सिफारिशें देगी**



नई दिल्ली, 15 फरवरी (एजेंसियां)। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने नए इनकम टैक्स बिल के लिए 31 सदस्यीय सिलेक्ट कमेटी गठित कर दी। भाजपा सांसद और ओडिशा के केंद्रपाड़ा से सांसद बैजयंत पांडा को चेयरमैन बनाया गया है। कमेटी को अगले सत्र के पहले दिन रिपोर्ट सौंपनी है। मौजूदा बजट सत्र 4 अप्रैल को समाप्त होगा। मानसून सत्र जुलाई के तीसरे या चौथे हफ्ते में शुरू हो सकता है। कमेटी के सदस्यों में निशिकांत दुबे, जगदीश शेट्टार, पीपी चौधरी, सुधीर गुप्ता, नवीन जिंदल, अनिल बलूनी, दीपेंद्र हुड्डा, महुआ मोइत्रा, सुप्रिया सुले आदि शामिल हैं।

नए इनकम टैक्स बिल ये समिति अपनी सिफारिशें देगी, फिर सरकार कैबिनेट के माध्यम से इस पर निर्णय लेगी कि क्या इन संशोधनों को शामिल करने की जरूरत है। इसके बाद विधेयक संसद में वापस आएगा और फिर सरकार इसके रोलआउट की तारीख पर फैसला करेगी। सरकार पिछले कई सालों से इनकम टैक्स कानून को आसान बनाने की कोशिश कर रही थी। इसके लिए 2018 में एक टास्क फोर्स बनाई गई थी, जिसने 2019 में अपनी रिपोर्ट सौंपी थी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 13 फरवरी को लोकसभा में नया आयकर इनकम टैक्स बिल पेश किया था।

622 पन्नों वाला बिल 6 दशक पुराने इनकम टैक्स एक्ट 1961 को रिप्लेस करेगा। प्रस्तावित कानून को आयकर अधिनियम 2025 कहा जाएगा और अप्रैल 2026 में प्रभावी होने की उम्मीद है। मौजूदा इनकम टैक्स एक्ट 1961 में पारित किया गया था। जो 1 अप्रैल 1962 से प्रभावी था। इसमें वित्त अधिनियम के तहत 65 बार में 4 हजार से ज्यादा संशोधन हुए।

इनकम टैक्स बिल में असेसमेंट ईयर को टैक्स 'ईयर' से रिप्लेस किया गया है। बिल के पन्ने 823 से घटकर 622 रह गए हैं। हालांकि, चैप्टर्स की संख्या 23 ही है। सेक्शन 298 से बढ़ाकर 536 कर दिए गए हैं और शेड्यूल्स भी 14 से बढ़कर 16 हो गए है। क्रिप्टो एसेट्स को किसी भी अनडिस्क्लोज्ड इनकम के तहत गिना जाएगा, जैसे अभी नकदी, बुलियन और ज्वेलरी को शामिल किया जाता है। ऐसा इसलिए किया गया है ताकि डिजिटल ट्रांजैक्शन को भी पारदर्शी और कानूनी तरीके से कंट्रोल किया जा सके।

बिल में टैक्सपेयर्स चार्टर को शामिल किया गया है, जो टैक्स पेयर्स के अधिकारों को प्रोटेक्ट करेगा और टैक्स प्रशासन को ज्यादा ट्रांसपेरेंट बनाएगा। यह चार्टर टैक्सपेयर्स के हितों की रक्षा करने के साथ टैक्स अधिकारियों के अधिकारों और जिम्मेदारियों को भी साफ करेगा।

### न्यू टैक्स रिजीम में 12 लाख रुपए तक की कमाई पर टैक्स नहीं

इससे पहले बजट में इनकम टैक्स को लेकर बड़ी राहत दी गई थी। न्यू टैक्स रिजीम के तहत अब 12 लाख रुपए तक की कमाई पर कोई टैक्स नहीं देना होगा। नौकरीपेशा लोगों के लिए 75 हजार के स्टैंडर्ड डिडक्शन के साथ यह छूट 12.75 लाख रुपए हो जाएगी। सैलरी से संबंधित कटौतियां, जैसे कि स्टैंडर्ड डिडक्शन, ग्रेच्युटी और लीव एनकैशमेंट को अब एक ही जगह पर लिस्ट कर दिया गया है। पुराने कानून में मौजूद मुश्किल एक्सप्लेनेशन और प्रावधानों को हटा दिया गया है, जिससे टैक्सपेयर्स के लिए इसे समझना आसान हो जाएगा।

## केरल में 3 दिन में रैगिंग का दूसरा मामला

**ऑर्डर नहीं मानने पर जूनियर का हाथ तोड़ा, स्कूल के तीन स्टूडेंट अरेस्ट**

कन्नूर, 15 फरवरी (एजेंसियां)। केरल के कन्नूर जिले में एक सरकारी हायर सेकेंडरी स्कूल के 5 छात्रों को जूनियर स्टूडेंट के साथ रैगिंग करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। घटना 12 फरवरी की है। मामला अब सामने आया है। पुलिस के मुताबिक, पांच सीनियर छात्रों ने ऑर्डर न मानने पर एक जूनियर छात्र से मारपीट की।

उसका हाथ तोड़ दिया। पीड़ित छात्र 11वीं क्लास का है। उसकी पहचान मोहम्मद निहाल के रूप में हुई है। केरल में रैगिंग से जुड़ा तीन दिन में यह दूसरा मामला है। इससे पहले कोट्टायम के नर्सिंग कॉलेज में पांच सीनियर्स ने तीन जूनियर छात्रों के कपड़े उतारकर उन्हें प्रताड़ित किया था। कोलवल्लूर पुलिस ने बताया कि पांच छात्रों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। इनमें से तीन को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि दो अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

# खबरें जरा हटके

## एक रुपये के सिक्के से शख्स ने सजाई पूरी कार, 80 लाख लोगों ने देख डाला वीडियो



एक मिडिल क्लास फैमिली के लिए कार महत्वपूर्ण चीजों में से एक है। बड़े शहरों में तो खास तौर पर लोग कार में चलना पसंद करते हैं। बहुत से लोग कई सालों तक पैसे बचाने के बाद अपने पसंदीदा रंग का कार खरीद पाते हैं।

कुछ अपने मन मुताबिक कार को मॉडिफाई भी कराते हैं, जिससे उसका पूरा डिजाइन बदल जाता है। इन दिनों सोशल मीडिया पर एक ऐसा ही कार का वीडियो वायरल हो रहा है, जिसे देखकर लोग हैरान रह गए हैं। इस कार की खासियत यह है कि इसे एक रुपये के सिक्कों से सजाया गया है। जी हां, आपने बिल्कुल सही सुना! इस कार को पूरी तरह से एक रुपये के सिक्कों से कवर किया गया है, जो इसे एक बेहद ही अनोखा और आकर्षक लुक दे रहा है। कार का नंबर प्लेट देखकर ये कहा जा सकता है कि यह गाड़ी राजस्थान की है।

**कार को सिक्कों से सजाने का अनोखा आइडिया**

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में देखा जा सकता है कि कार को एक रुपये के सिक्कों से कितने करीने से सजाया गया है। कार का हर एक हिस्सा सिक्कों से कवर किया गया है, जिससे यह देखने में बेहद ही सुंदर लग रही है। साथ ही इस बात का भी ध्यान रखा गया है कि कार शीशा और नंबर प्लेट पर कोई पर कोई प्रभाव न हो। वीडियो में कार को सड़क पर चलते हुए भी दिखाया गया है, जिसे देखकर लोग हैरान रह जाते हैं। कार को सिक्के से सजाने का आइडिया बेहद अनोखा है, यही वजह है कि सोशल मीडिया पर इस कार की कई तस्वीरें और वीडियो खूब वायरल हो रहे हैं। लोग इस कार को देखकर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। कुछ लोग इसे 'पैसे वाली कार' कह रहे हैं, तो कुछ लोग इसे 'अनोखी कार' की संज्ञा दे रहे हैं। वहीं, कुछ लोग इस कार को सिक्के से सजाने वाले के दिमाग की दाद दे रहे हैं।

# महाराष्ट्र का संस्कृति विभाग रणवीर रैना मामले की जांच करेगा

**पुलिस को बंद मिला अलाहबादिया का फ्लैट, वे 2 समन के बाद भी पेश नहीं हुए**



मुंबई, 15 फरवरी (एजेंसियां)। यूट्यूबर रणवीर अलाहबादिया के इंडिया गोट लैटेंट शो में दिए विवादित बयान की जांच महाराष्ट्र का संस्कृति विभाग भी करेगा। मंत्री आशीष शेलार की अध्यक्षता में संस्कृति विभाग ने रणवीर विवाद की जांच के आदेश दिए। मंत्री ऑफिस के मुताबिक इंडियाज गॉट लैटेंट शो में अश्लीलता के बारे में विभाग को शिकायतें मिली थीं। ऐसे ही अन्य शो बिना उचित अनुमति के दर्शकों को टिकट देकर चलाए जा रहे हैं।

वहीं, मुंबई पुलिस (खार स्टेशन) और असम पुलिस को टीमें भी रणवीर के वर्सोवा वाले फ्लैट पर पहुंचीं, लेकिन वो बंद मिला। रणवीर को आज मुंबई पुलिस (खार पुलिस स्टेशन) में पेश होना है। क्योंकि वे शुक्रवार को पेश नहीं हुए। पुलिस अधिकारी ने बताया कि रणवीर को अपने विवादित बयान की जांच के सिलसिले में 13 फरवरी को पुलिस के सामने पेश होने का कहा गया था, लेकिन वे नहीं आए। पुलिस ने उन्हें दूसरा समन जारी कर 14 फरवरी को पेश होने को कहा था। अधिकारी ने कहा था कि रणवीर ने पुलिस से रिक्वेस्ट की है कि उसका बयान उनके घर पर ही दर्ज किया जाए, लेकिन ऐसा नहीं किया गया है।

असम में भी रणवीर के खिलाफ केस दर्ज हुआ है, इसलिए असम पुलिस भी पूछताछ करना चाहती है। इसके अलावा रणवीर अलाहबादिया ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की। इसमें उनके खिलाफ पूरे भारत में दर्ज एफआईआर को एक साथ जोड़ने की मांग की गई।

## अनुराग ठाकुर बोले-हम केंद्र से लगातार दे रहे पैसा

**प्रदेश सरकार रखे सकारात्मक सोच**

बिलासपुर, 15 फरवरी (एजेंसियां)। प्रदेश के विकास के लिए केंद्र से लगातार पैसा दिया जा रहा है। प्रदेश कांग्रेस सरकार को चाहिए कि प्रदेश के विकास के लिए सकारात्मक सोच रखे।

यह बात सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने कही। सांसद अनुराग सिंह ठाकुर शनिवार को बिलासपुर पहुंचे बिलासपुर पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से उनका भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान अनुराग ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार ने सभी वर्गों को ध्यान में रखते हुए बजट प्रस्तुत किया है।

इस बजट से विपक्षियों के चेहरे मुरझाए हुए हैं। अनुराग ठाकुर ने कहा कि भानुपल्ली-बैरी रेल लाइन में प्रदेश सरकार की देनदारी 2700 करोड़ रुपये हो चुकी है। इसके बावजूद केंद्र सरकार ने इस परियोजना को बंद नहीं होने दिया है।

# सभी मंत्रियों, विधायकों और अधिकारियों के घरों पर लगेंगे स्मार्ट मीटर

*मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश*



देहरादून, 15 फरवरी (एजेंसियां)। उत्तराखंड में सभी मंत्रियों, विधायकों और अधिकारियों के घरों पर स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे। मुख्यमंत्री धामी ने इस संबंध में निर्देश दिए। प्रमुख सचिव ऊर्जा ने इस संबंध में जानकारी दी। अब तक 24 हजार उपभोक्ताओं के घर पर स्मार्ट मीटर लग चुके हैं। वहीं स्मार्ट बिजली मीटर पर राजनीतिक करंट इतना बढ़ गया है कि कांग्रेस और भाजपा के बीच जुबानी जंग छिड़ चुकी है। किच्छा के कांग्रेस विधायक ने स्मार्ट मीटर तोड़कर अपने विरोध इजहार किया तो कांग्रेस के कई नेता उनके समर्थन में उतर आए। उधर भाजपा ने भी कांग्रेस पर पलटवार कर दिया। पार्टी ने कहा कि कांग्रेस स्मार्ट मीटर विरोधी रवैया बिजली चोरी रोकने में बाधक बन रहा है। जबकि हिमाचल सहित कांग्रेस शासित राज्यों में भी स्मार्ट बिजली मीटर लगे हैं। पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि स्मार्ट मीटर उपभोक्ता और प्रदेश दोनों की आर्थिकी के लिए जरूरी है। उन्होंने विपक्ष के आरोपों को भ्रामक दुष्प्रचार से प्रेरित करार दिया। कहा, स्मार्ट मीटर से उपभोक्ताओं को बिजली खपत से जुड़ी सूचनाओं की ऑनलाइन उपलब्धता, पल-पल के बिजली के उपयोग की जानकारी, सभी जरूरी सूचनाओं के संदेश, बिजली के उपयोग की तुलना आदि सहित आसानी से भुगतान के कई विकल्प मिलेंगे। देश भर में लगभग 20 करोड़ स्मार्ट मीटर लगाया जाना स्वीकृत किया गया है और 55 लाख से अधिक स्मार्ट कनेक्शन लगाए जा चुके हैं।

## अरबपति कारोबारी रखता था करोड़पति नौकर, घर से मिला इतना कैश

नोट गिनते-गिनते थक गए अधिकारी




आयकर विभाग इनकम टैक्स चोरी को लेकर सख्त हो गई है. ऐसे लोगों को पुलिस गिरफ्त में ले रही है, जो सरकार को धोखा देकर इनकम टैक्स की चोरी करते हैं. इसके लिए आए दिन इनकम टैक्स ऑफिसर्स अलग-अलग जगहों पर रेड मारते रहते हैं. अब कानपुर आयकर विभाग और जीएसटी ने छापेमारी कर पान मसाला कारोबारी को पकड़ा है. इस करोबारी ने पान मसाला के कारोबार के अलावा इत्र की कंपनी के जरिये भी करोड़ों के इनकम टैक्स की हेराफेरी की है.

बुधवार से आयकर विभाग की टीम ने कानपुर के एसएनके कंपनी की फैक्टरियों के अलावा मालिक के घर पर छापा मारा. इलाके में एसएनके की पहचान पान मसाला बनाने के लिए होती है. छापेमारी में कारोबारी के घर से टीम को कई किलो सोना मिला. इसके अलावा कैश इतनी भारी मात्रा में मिला कि अधिकारी इसे गिन नहीं पाए. बाद में कैश गिनने के लिए मशीनें मंगवाई गई.

पान मसाला कारोबारी के घर छापा मारने के बाद अधिकारी भी हैरान रह गए. चालीस करोड़ के गहनों के अलावा लगभग पंद्रह करोड़ का कैश भी बरामद किया गया. साथ ही कई दस्तावेज भी मिले. कागजों के मुताबिक़, कारोबारी का नौकर भी करोड़पति है. ये नौकर कई सालों से कारोबारी के घर काम कर रहा था. उसके नाम पर दिल्ली, गाजियाबाद, मुंबई, नोएडा आदि में प्रॉपर्टी खरीदी गई है. इसके साथ ही सत्तर करोड़ की टैक्स चोरी के सबूत भी मिले हैं. रेड में सामने आया कि कारोबारी ने सौ से अधिक फर्जी कंपनियां खोल रखी थी. इनके जरिये उसने सत्तर करोड़ से अधिक टैक्स की चोरी की थी. टीम ने कारोबारी के कानपुर के अलावा कन्नौज में स्थित फैक्टरियों में भी छापा मारा था.

## वायनाड पुनर्वास के लिए केंद्र के ऋण की शर्तों पर केरल के मंत्री ने उठाए सवाल, कहा-यह क्रूर मजाक है

वायनाड, 15 फरवरी (एजेंसियां)। केरल के राजस्व मंत्री के राजन ने शनिवार को केंद्र द्वारा वायनाड पुनर्वास के लिए स्वीकृत 529.50 करोड़ रुपये के ऋण की शर्तों को डरावना और क्रूर मजाक बताया। उन्होंने कहा कि वायनाड के पुनर्वास के लिए केंद्र द्वारा जारी राशि से यह स्पष्ट होता है कि वायनाड और केरल में भूस्खलन पीड़ितों के प्रति केंद्र सरकार का रवैया नहीं बदला है।

राजन ने कहा कि केंद्र ने केरल को बिना शर्त वित्तीय सहायता देने के बजाय, ऋण के साथ कठोर शर्तें लगाई हैं, जिसमें 31 मार्च तक पूरी राशि का उपयोग करना अनिवार्य है। साथ ही मामले में वायनाड के कुछ आपदा प्रभावित लोगों ने अपनी निराशा व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि वे निराश हैं और आरोप लगाया कि केंद्र और राज्य सरकार उन्हें एक पाले से दूसरे पाले में गेंद की तरह फेंक रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब प्रधानमंत्री ने यहां आकर हरसंभव मदद का वादा किया था, तो हमें उम्मीदें थीं, लेकिन अब हमें केवल ऋण दिया गया है।

**राज्य सरकार ने बताया व्यावहारिक समस्या**

मामले में राज्य के वित्त मंत्री के एन बालगोपाल ने भी 31 मार्च तक पूरी राशि का उपयोग करने की शर्त को व्यावहारिक समस्या बताया। इसके अनुसार, केंद्र से जारी की गई राशि को 10 कार्य दिवसों के भीतर कार्यान्वयन एजेंसियों को भेजना जरूरी है। अगर इसमें देरी हुई, तो राज्य को ब्याज का भुगतान करना होगा।

# पीएम मोदी की मानसिकता पिछड़ा वर्ग विरोधी

*पीएम के लिए ये क्या बोले गए तेलंगाना सीएम*



हैदराबाद, 15 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जोरदार हमला बोला है। तेलंगाना सीएम ने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी जन्म से पिछड़े वर्ग (बीसी) से नहीं हैं और उनकी मानसिकता पिछड़ा वर्ग विरोधी है। रेड्डी ने यह भी कहा कि सत्तारूढ़ कांग्रेस यदि आवश्यक हुआ, तो मोदी के खिलाफ लड़ाई की घोषणा करेगी। क्योंकि केंद्र ने हैदराबाद मेट्रो रेल के विस्तार जैसी परियोजनाओं को मंजूरी नहीं दी है। कुछ लोगों की इस टिप्पणी का जिक्र करते हुए कि रेवंत रेड्डी तेलंगाना के अंतिम रेड्डी मुख्यमंत्री होंगे, उन्होंने कहा कि उन्हें अंतिम होने में कोई आपत्ति नहीं होगी।

**पीएम के लिए क्या बोले तेलंगाना सीएम?**

सीएम रेवंत रेड्डी ने हैदराबाद तेलंगाना कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित युवा कांग्रेस की बैठक में राज्य में कांग्रेस सरकार की ओर से कराए गए जाति सर्वेक्षण पर एक पावरपॉइंट प्रस्तुति के दौरान दावा किया कि गुजरात का मुख्यमंत्री बनने से पहले मोदी की जाति अगड़ी जाति थी। उन्होंने कहा कि मोदी जी कहते हैं कि वह पिछड़ा वर्ग हैं। वास्तव में मोदी जी पिछड़ा वर्ग से नहीं हैं। वह कानूनी रूप से पिछड़ा वर्ग (बीसी) में परिवर्तित हो गए हैं।

रेड्डी ने आरोप लगाया कि मोदी ने मुख्यमंत्री बनने के बाद कानून बनाकर अपने समुदाय को पिछड़े वर्गों में शामिल कर दिया। उन्होंने कहा कि हालांकि उनके (मोदी) प्रमाण पत्र में कहा गया है कि वह पिछड़ा वर्ग (बीसी) से हैं, लेकिन उनकी मानसिकता पिछड़ा वर्ग (बीसी) विरोधी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर मोदी पिछड़ा वर्ग से आते हैं, तो 2021 में जनगणना क्यों नहीं कराई गई और पिछड़े वर्गों की जनसंख्या का पता क्यों नहीं लगाया गया।

जाति सर्वेक्षण के आंकड़ों में त्रुटि होने के आरोपों का जिक्र करते हुए रेड्डी ने कहा कि केंद्र को सामान्य जनगणना के तहत जाति जनगणना करानी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) और भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) स्वार्थ के लिए जाति सर्वेक्षण के आंकड़ों में खामियां ढूंढने की कोशिश कर रही हैं। रेड्डी ने कहा कि बीजेपी आंकड़ों में खामियां ढूंढने की कोशिश कर रही है। क्योंकि कांग्रेस नेता राहुल गांधी आगे और दबाव बनाएंगे, जो पहले ही संसद में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार पर पूरे देश में जाति जनगणना नहीं कराने का आरोप लगा चुके हैं। विकास परियोजनाओं के लिए धन स्वीकृत नहीं करने और मंजूरी न देने के लिए केंद्र की एनडीए सरकार पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र ने बिहार और गुजरात जैसे राज्यों को धन मंजूर किया है।

## हर दिन हवाई जहाज से ऑफिस जाती है ये महिला, वजह जानकर हैरान हो जाएंगे आप



ऑफिस आने-जाने के लिए कई लोग सार्वजनिक परिवहन का इस्तेमाल करते हैं, तो कुछ लोग निजी वाहन से दफ्तर जाते हैं। लेकिन क्या आपने कभी सुना है कि कोई ऑफिस जाने के लिए हवाई जहाज का इस्तेमाल करता है? एक महिला ऑफिस आने-जाने के लिए हवाई जहाज का इस्तेमाल करती है। यह जानकर हैरान आपको यकीन नहीं हो रहा होगा, लेकिन यह पूरी तरह से सच है।

दरअसल, मलेशिया में रहने वाली एक भारतीय मूल की महिला हवाई जहाज से ऑफिस आती जाती है। इस महिला का नाम रेचेल कौर है, जो अपने बच्चों की देखभाल के लिए हर दिन 600 किलोमीटर की हर दिन यात्रा करती हैं। इसकी वजह से वह ऑफिस आने-जाने के लिए हवाई जहाज का इस्तेमाल करती हैं। मलेशिया के पेनांग शहर में भारतीय मूल की महिला रेचेल अपने परिवार के साथ रहती हैं और उनका दफ्तर कुआलालमपुर में हैं। वह पेनांग शहर से हर दिन अपने दफ्तर कुआलालमपुर जाती हैं। उनका कहना है कि उनके दिन की शुरुआत सुबह चार बजे हो जाती है, क्योंकि उन्हें सुबह 9 बजे दफ्तर पहुंचना होता है। वह तैयार होकर सुबह पांच दफ्तर के लिए निकलती हैं। रेचेल कौर घर से खुद गाड़ी चलाकर एयरपोर्ट तक जाती हैं, जिसमें उन्हें 50 मिनट लगते हैं। वह बताती हैं कि उनका विमान सुबह 6 बजकर 30 मिनट पर उड़ान भरता है और वह 40 मिनट के बाद कुआलालमपुर पहुंच जाता है। वह 7 बजकर 45 मिनट तक अपने दफ्तर पहुंच जाती हैं।

# मणिपुर में घायल आठ सीआरपीएफ कर्मियों की देखभाल में लगाए आठ कमांडेंट

**देंगे तीन-तीन घंटे की शिफ्ट ड्यूटी**




नई दिल्ली, 15 फरवरी (एजेंसियां)। देश के सबसे बड़े केंद्रीय अर्धसैनिक बल, 'सीआरपीएफ' में गुरुवार को हुई हृदय विदारक घटना ने फोर्स को हिलाकर रख दिया है। मणिपुर के इंफाल पश्चिम जिले के लाम्फेल में सीआरपीएफ के शिविर में हवलदार संजय कुमार ने अपने साथियों पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दी। इस घटना में एक उप-निरीक्षक और एक सिपाही की मौत हो गई। बाद में हवलदार संजय ने खुद को भी गोली मार ली, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। फायरिंग में आठ अन्य जवान घायल हुए हैं। अब इन घायलों की देखभाल के लिए आठ कमांडेंट की ड्यूटी लगाई गई है। विभिन्न बटालियनों से ये कमांडेंट क्षेत्रीय आयुर्विज्ञान संस्थान (आरआईएमएस) इंफाल में पहुंचकर तीन-तीन घंटे की शिफ्ट में ड्यूटी देंगे। बताया जाता है कि इस तरह का आदेश बल में पहली बार निकला है। इतना ही नहीं, आरआईएमएस में हर घायल जवान को एक एसआई के कंट्रोल में दो-दो अटेंडर प्रदान किए जाने का भी आदेश जारी किया गया है।

बल के अटेंडर भी किसी एक बटालियन से नहीं आएंगे, बल्कि अलग-अलग बटालियनों से ये आरआईएमएस पहुंचेंगे। यह आदेश जारी हुआ है। सभी कमांडेंट अलग अलग जगहों पर तैनात हैं। इन सभी अधिकारियों की अस्पताल में 3-3 घंटे की डयूटी लगाई गई है। ये कमांडेंट हर दो घंटे में सेक्टर हेडक्वार्टर को घायलों के स्वास्थ्य की रिपोर्ट देंगे। जैसे 109 बटालियन के कमांडेंट को दोपहर 12 बजे से तीन बजे तक अस्पताल में रहना होगा। उसके बाद 69 वीं बटालियन के कमांडेंट का नंबर आएगा। उन्हें तीन बजे से छह बजे तक अस्पताल में रहना है। इसी तरह 34 बटालियन 'डैट' के कमांडेंट को शाम छह बजे से रात नौ बजे तक अस्पताल में घायल जवानों के पास रहना है।

## सीएम मान को धमकी आतंकी पन्नू ने फिर उगला जहर

जालंधर, 15 फरवरी (एजेंसियां)। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को धमकी दी गई है। यह धमकी किसी और ने नहीं बल्कि खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने दी है। आतंकी पन्नू ने एक बार फिर देश के खिलाफ जहर उगला है।

पंजाब के जालंधर के कस्बा नकोदर में प्रतिबंधित संगठन सिख फॉर जस्टिस के प्रमुख गुरपतवंत सिंह पन्नू ने एक बार फिर खालिस्तान के समर्थन में पोस्टर लगाए हैं। ये पोस्टर नकोदर में sएक नहीं बल्कि चार जगहों पर लगाए गए हैं। नकोदर के स्टेट पब्लिक स्कूल, गुरु नानक नेशनल कॉलेज, डॉ. अंबेडकर चौक, नकोदर और आदर्श कॉलोनी नकोदर में खालिस्तानी पोस्टर मिले हैं। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस ने जांच भी शुरू कर दी है।

## सीएम सिद्धारमैया ने जल जीवन मिशन पर भाजपा की आलोचना की

**कर्नाटक के साथ धोखाधड़ी का लगाया आरोप**



बंगलूरू, 15 फरवरी (एजेंसियां)। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने शनिवार को जल जीवन मिशन (जेजेएम) को लेकर भाजपा की आलोचना की है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने जल जीवन मिशन (जेजेएम) के लिए राज्य को घोषित धनराशि जारी नहीं करके कर्नाटक के साथ धोखा किया है। साथ ही मुख्यमंत्री ने केंद्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री वी सोमन्ना पर निशाना साधते हुए कहा कि वे झूठ बोल रहे हैं।

बता दें कि वी सोमन्ना ने लोकसभा में कहा था कि कर्नाटक को जल जीवन मिशन के तहत 28,623 करोड़ रुपये का आवंटन हुआ, लेकिन राज्य ने केवल 11,760 करोड़ रुपये खर्च किए। इस पर सिद्धारमैया ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जवाब देते हुए कहा कि केंद्रीय मंत्री कर्नाटक को नुकसान पहुंचाने के लिए केंद्र सरकार की कोशिशों को छिपा रहे हैं। मामले में मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि कर्नाटक के लिए जल जीवन मिशन के तहत कुल 49,262 करोड़ रुपये का आवंटन था, जिसमें केंद्र का हिस्सा 26,119 करोड़ रुपये और राज्य का हिस्सा 23,142 करोड़ रुपये था। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र ने कर्नाटक को केवल 11,760 करोड़ रुपये जारी किए, जो उसकी प्रतिबद्धता का केवल 45 प्रतिशत है, जबकि राज्य ने 29,413 करोड़ रुपये खर्च किए।

THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

स्वतंत्र वार्ता

# मेरा हैदराबाद

रविवार, 16 फरवरी, 2025 3

सुविचार: जब मुझे विश्वास है कि मेरा ईश्वर मेरे साथ है। तो क्या फर्क पड़ता है कि कौन मेरे खिलाफ है।

## प्रधानमंत्री पर टिप्पणी करने से पहले रेवंत को सोचना चाहिए : बंडी संजय



हैदराबाद, 15 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। केंद्रीय मंत्री बंडी संजय ने कहा कि मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी जाति के बारे में बात करने से पहले एक बार सोचना चाहिए और कहा कि देश के किसी भी प्रधानमंत्री का सम्मान किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, रेवंत रेड्डी को बताना चाहिए कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी किस जाति और धर्म से ताल्लुक रखते हैं। सिद्दीपेट में आयोजित एक कार्यक्रम में मीडियाकर्मियों से बात करते हुए बंडी संजय ने स्पष्ट किया कि कांग्रेस सरकार ने ही प्रधानमंत्री मोदी की जाति को पिछड़ी जाति की सूची में शामिल किया था और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में 27 पिछड़ी जाति के सांसदों को केंद्रीय मंत्री बनाया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार द्वारा किए गए एक सर्वेक्षण के अनुसार, 46 प्रतिशत आबादी पिछड़ी जाति की है और उन्होंने सीएम से पूछा कि राज्य में कितने पिछड़ी जाति के लोगों को मंत्री बनाया गया है? उन्होंने दावा किया कि मोदी ने ऊंची जातियों में गरीबों को पहचाना है। उन्होंने आरोप लगाया कि सीएम द्वारा की गई छह गारंटियों के कार्यान्वयन से ध्यान हटाने के लिए पीएम की जाति के बारे में चर्चा की जा रही है। उन्होंने दावा किया, कांग्रेस और बीआरएस छह गारंटियों के बारे में बात नहीं कर रहे हैं। यह केवल भाजपा थी जिसने 317 जीओ पर बात की थी। यह भाजपा ही थी जिसने बेरोजगारी मार्च का नेतृत्व किया था। हमने कर्मचारियों के लिए लड़ाई लड़ी। संजय ने कहा कि अगर सीएम रेवंत रेड्डी 10 साल पुराने मुस्लिम आरक्षण को हटा दें और पिछड़े वर्गों को आरक्षण देने के लिए केंद्र को एक रिपोर्ट भेजें तो वे पीएम मोदी को मना लेंगे। उन्होंने दावा किया कि स्थानीय निकाय चुनावों में पिछड़े वर्गों के लिए आवंटित सीटों पर मुस्लिम उम्मीदवारों के जीतने का खतरा था। स्थानीय चुनावों में पिछड़े वर्गों के साथ अन्याय हो रहा है। रेवंत रेड्डी की सरकार गंभीर गलतियां कर रही है। अगर जाति जनगणना ठीक से हुई है, तो अब दोबारा सर्वेक्षण की योजना क्यों बनाई जा रही है? कांग्रेस की जाति जनगणना गलतियों का एक झमेला है, उन्होंने आरोप लगाया। इस बीच, बंडी संजय ने भाजपा विधायक राजा सिंह की नाखुश टिप्पणी पर प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि पार्टी के नियम व्यक्तिगत नेताओं के लिए नहीं बदलते हैं और कहा कि पार्टी के आंतरिक मामलों में जाति नहीं देखी जाती है। पार्टी किसी एक व्यक्ति को लक्ष्य करके अपने फैसले नहीं बदलती है। अगर कोई समस्या है, तो उसे पार्टी के संज्ञान में लाया जाना चाहिए। सार्वजनिक रूप से इस तरह की बात करना ठीक नहीं है।

### पीएम मोदी की जाति पर रेवंत की टिप्पणी गैरजिम्मेदाराना

**केंद्रीय कोयला मंत्री किशन रेड्डी की आलोचना**



हैदराबाद, 15 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। केंद्रीय कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी ने शनिवार को तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी की उस टिप्पणी को लेकर उन पर निशाना साधा जिसमें उन्होंने कहा था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जन्म से पिछड़े वर्ग से नहीं हैं। नलगोंडा में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि गुजरात में जब कांग्रेस सत्ता में थी, तब मोदी के समुदाय को पिछड़ी जाति की सूची में शामिल किया गया था। उन्होंने इस बात की ओर इशारा किया कि 1970 के बाद अविभाजित आंध्र प्रदेश में कुछ जातियों को पिछड़ी जातियों के रूप में मान्यता दी गई थी, उन्होंने आश्चर्य जताया कि क्या रेवंत रेड्डी यह भी दावा करेंगे कि वे सभी समुदाय पिछड़ी जातियां नहीं हैं। तेलंगाना में भाजपा के अध्यक्ष किशन रेड्डी ने कहा कि वह (रेवंत रेड्डी) इतना गैरजिम्मेदाराना ढंग से कैसे बोल सकते हैं? अगर आप कोई बयान देते हैं, तो वह तथ्यों पर आधारित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा ने पिछड़े वर्गों के कल्याण के लिए कई कदम उठाए हैं।

## बी.टेक स्नातकों के लिए 'बीएफएसआई स्किलिंग' पाठ्यक्रम : श्रीधर बाबू

हैदराबाद, 15 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना सरकार ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (जीसीसी) में अपने युवाओं के लिए रोमांचक कैरियर के अवसरों को खोलने के प्रयासों की अगुआई कर रही है, आईटी और उद्योग मंत्री दुदिल्ला श्रीधर बाबू ने घोषणा की। हैदराबाद तेजी से जीसीसी के लिए एक संपन्न केंद्र के रूप में उभर रहा है, जिसमें 355 केंद्र हैं जो 3 लाख से अधिक पेशेवरों को रोजगार देते हैं, शहर शीर्ष वैश्विक दिग्गजों को आकर्षित कर रहा है जो अपनी उपस्थिति स्थापित करने के लिए उत्सुक हैं- विशेष रूप से तेजी से बढ़ते बैंकिंग, वित्तीय सेवा और बीमा (बीएफएसआई) क्षेत्र में। बीएफएसआई कंसोर्टियम और इक्विप के सहयोग से, तेलंगाना स्किल यूनिवर्सिटी ने अभिनव 'बीएफएसआई-स्किलिंग' कार्यक्रम शुरू किया है। यह परिवर्तनकारी चार महीने का कोर्स



बैंकिंग परिचालन, वित्तीय बाजार, बीमा, निवेश बैंकिंग, सॉफ्टवेयर विकास, प्रोग्रामिंग, एप्लिकेशन और डेटाबेस प्रबंधन, साइबर सुरक्षा, क्लाउड कंप्यूटिंग और आवश्यक सॉफ्ट स्किल्स में अत्याधुनिक कौशल के साथ बी.टेक स्नातकों को सशक्त बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। स्नातक, जो सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूरा करते हैं, उन्हें समर्पित प्लेसमेंट सहायता का लाभ मिलेगा, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि वे होनहार करियर में आत्मविश्वास से कदम बढ़ा सकें। प्रमाणन और प्रशासनिक लागतों के लिए केवल 5 हजार रुपये के नाममात्र एकमुश्त शुल्क के साथ कार्यक्रम सुलभ है। चयन एक योग्यता प्रवेश परीक्षा पर आधारित होगा, जिसमें वर्तमान बैच के लिए 1,320 बी.टेक स्नातक पहले से ही पंजीकृत हैं। परीक्षा इस रविवार को गाच्चीबोवली में प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग स्टाफ कॉलेज ऑफ इंडिया (ईएससीआई) परिसर में आयोजित की जाएगी। श्रीधर बाबू ने उद्योग की उभरती जरूरतों के अनुरूप गतिशील पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। इच्छुक स्नातकों को नवीनतम अपडेट और अवसरों के लिए अक्सर स्किल यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर जाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

### पूर्व विधायक कोनप्पा ने निर्दलीय चुनाव लड़ने की खाई कसम

कुमराम भीम आसिफाबाद, 15 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। सिरपुर (टी) के पूर्व विधायक कोनेरू कोनप्पा ने कांग्रेस में अंदरूनी कलह को उजागर करते हुए कहा कि अगर तेलंगाना में विधानसभा चुनाव होते हैं तो वे निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने यह बयान शुक्रवार को वीरधांडी गांव कौतला मंडल में एक सभा को संबोधित करते हुए दिया। कोनप्पा ने बताया कि उन्होंने विभिन्न पार्टियों के टिकट पर तीन बार सिरपुर (टी) सीट जीती है। उन्होंने कहा कि वे जनता के समर्थन से जल्द ही फैसला लेंगे। उन्होंने घोषणा की कि अगर निकट भविष्य में तेलंगाना में चुनाव होते हैं तो वे निर्दलीय के तौर पर चुनाव लड़ना चाहेंगे। उन्होंने उन अफवाहों का खंडन किया जिनमें दावा किया गया था कि वे बीआरएस में शामिल होंगे।

पूर्व विधायक ने लोगों से वीरधांडी गांव में पेनगंगा नदी पर प्रस्तावित पुल के निर्माण के लिए आंदोलन शुरू करने का आह्वान किया , जो तेलंगाना और महाराष्ट्र के लोगों को जोड़ेगा। वह चाहते थे कि पुल निर्माण में देरी के लिए वे नेताओं से भिड़ें। उन्होंने दावा किया कि उन्होंने राज्य में सबसे ऊंची कृषि बिजली लाइनों को कौटाला मंडल में स्वीकृत कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे कृषि क्षेत्र को फलने-फूलने में मदद मिली।

## सीएम रेवंत ने राहुल गांधी से मुलाकात की, मंत्रिमंडल विस्तार पर चर्चा की

हैदराबाद, 15 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने शनिवार को नई दिल्ली में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता (एलओपी) राहुल गांधी से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने राहुल गांधी के साथ मंत्रिमंडल विस्तार और तेलंगाना कांग्रेस से जुड़े कई अहम मुद्दों पर चर्चा की। बाद में मीडियाकर्मियों से बातचीत में रेवंत रेड्डी ने कहा कि उन्होंने राहुल गांधी को तेलंगाना में जाति जनगणना के बारे में पूरी जानकारी दी और बताया कि जाति जनगणना पूरी तरह वैज्ञानिक तरीके से की गई है। उन्होंने कहा, तेलंगाना में एक जनसभा होगी और मैंने राहुल गांधी से इसमें शामिल होने का अनुरोध किया है।

मुख्यमंत्री ने विपक्षी दलों पर तेलंगाना में जाति जनगणना को लेकर जानबूझकर हंगामा करने का आरोप लगाया और कहा कि जाति जनगणना राजनीतिक दृष्टिकोण से नहीं बल्कि जन कल्याण के दृष्टिकोण से की गई है। रेवंत रेड्डी ने कहा, जाति जनगणना में कोई त्रुटि नहीं थी। हम विधानसभा में प्रस्ताव पेश करेंगे और संसद में विधेयक पेश करेंगे।

मैंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा दिए गए मार्गदर्शन का बारीकी से पालन किया है। मुख्यमंत्री ने पार्टी बदलने वाले विधायकों के संबंध में सुप्रीम कोर्ट के फैसले का इंतजार करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के फैसले से पहले अयोग्यता याचिका के संबंध में लोगों को गुमराह करने के लिए बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव की आलोचना की। रेवंत रेड्डी ने सबिता इंद्र रेड्डी और तलसानी श्रीनिवास यादव की राजनीतिक संबद्धता पर सवाल उठाया, उन्होंने किस पार्टी के तहत चुनाव जीते और मंत्री के रूप में कार्य किया। मुख्यमंत्री ने कहा, हालांकि कुछ लोग मुझसे असहमत हो सकते हैं, और अन्य मुझे स्वीकार नहीं कर सकते हैं, मैं अपने कर्तव्यों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हूं। मैंने कांग्रेस पार्टी की ओर से लोगों से वादे किए हैं, और अगर मैं उन्हें पूरा करने में विफल रहता हूं तो वे मुझे जवाबदेह ठहराएंगे।

## किशोरी के पिता ने की बेटी को परेशान करने वाले व्यक्ति की हत्या

संगारेड्डी, 15 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। एक किशोर लड़की के पिता ने प्रेम के नाम पर अपनी किशोर बेटी को परेशान करने वाले एक विवाहित व्यक्ति की हत्या कर दी। पीड़िता की हत्या के चार दिन बाद आरोपी गोपाल ने शनिवार को नारायणखेड़ पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। मृतक दशरथ (26) दो बच्चों का पिता था। कथित तौर पर उसने मेघ्या नायक थांडा में कक्षा 9 की छात्रा को परेशान करने की कोशिश की, जहां गोपाल और उसका परिवार रहता था। दशरथ के इरादों को देखते हुए गोपाल ने उसे खत्म करने का फैसला किया। उसने चार दिन पहले दशरथ की हत्या कर दी और शव को निज़ामपेट के पास जंगल में जला दिया।

दशरथ की पत्नी ने थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने जब पूछताछ शुरू की तो गोपाल ने शनिवार को पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया। पुलिस जंगल में शव की तलाश कर रही है।

### 2 हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार, 2 किलो गांजा जब्त

हैदराबाद, 15 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। कमिश्नर टास्क फोर्स (दक्षिण पूर्व) ने दो व्यक्तियों को पकड़ा जिनके खिलाफ हिस्ट्रीशीटर दर्ज हैं और उनके पास से 2.3 किलोग्राम गांजा जब्त किया। पकड़े गए लोगों में बरकास निवासी हबीब तल्हा बिन अब्दुल कादिर (27) और चंचलगुडा निवासी के आनंद अग्रवाल उर्फ मोहम्मद जोएब (28) शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, दोनों कई वर्षों से फरार थे और उनके खिलाफ विभिन्न अदालतों द्वारा जारी 10 गैर जमानती वारंट लंबित थे। सूचना के आधार पर टास्क फोर्स के उपनिरीक्षक शेख कविउद्दीन के नेतृत्व में एक टीम ने उन्हें पकड़ लिया।



मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने बंजारा जाति के आध्यात्मिक मार्गदर्शक के रूप में संत सेवालाल महाराज की प्रशंसा की। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने शनिवार को नई दिल्ली में संत सेवालाल महाराज के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में कांग्रेस नेता रोहिन रेड्डी शामिल हुए।

### किशोर ने 2 लोगों पर चाकू से किया हमला

हैदराबाद, 15 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। पुराने शहर के कालापत्थर में शुक्रवार रात एक लड़के ने चाकू से दो लोगों पर हमला कर दिया, जिससे वे घायल हो गए। कालापत्थर इंस्पेक्टर मोहम्मद आसिफ के अनुसार, एक किशोर मक्का कॉलोनी रोड पर टहल रहा था, तभी स्थानीय निवासी सैफ और उसके दोस्तों ने उसे रोका और किसी बात पर कहासुनी के बाद उसकी पिटाई कर दी।

इसके बाद लड़का वहां से चला गया और अपने घर जाकर अपने भाई अराफात को इस बारे में बताया। इसके बाद अराफात और उसका दोस्त वसीम मक्का कॉलोनी में आए और सैफ से झगड़ा किया और उसे चेतावनी दी। इंस्पेक्टर मोहम्मद आसिफ ने बताया कि इस विवाद के दौरान सैफ घर में गया और चाकू लेकर आया, जिससे उसने अराफात और वसीम पर वार कर खून बहने लगा। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर सैफ और अन्य को पकड़ने के लिए टीमें गठित कीं।

## अग्रसेन बैंक के एटीएम केंद्र का उद्घाटन



हैदराबाद, 15 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। अग्रसेन सहकारी शहरी बैंक लिमिटेड के प्रथम एटीएम केंद्र का उद्घाटन शनिवार को दोपहर 1.00 बजे सिद्दिअम्बर बाजार शाखा में मुख्य अतिथि विनोद कुमार कीमती द्वारा किया गया। एटीएम मशीनों का उद्घाटन विशिष्ट अतिथि बजरंग लाल अग्रवाल एवं सत्यनारायण चनानिया द्वारा किया गया। एटीएम बैंक के सभी ग्राहकों के साथ-साथ अन्य सभी बैंकों के डेबिट कार्ड रखने वाले ग्राहकों के लाभ के लिए प्रतिदिन चालू रहेगा। उद्घाटन के पश्चात अतिथियों एवं बैंक के अध्यक्ष प्रमोद कुमार केडिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष- सीए नवीन कुमार अग्रवाल, उपाध्यक्ष सुरेश कुमार अग्रवाल, नारायण दत्त अध्यक्ष- निदेशक मंडल एवं अन्य निदेशकों द्वारा उनका अभिनंदन किया गया।

इस अवसर पर प्रमोद कुमार केडिया ने बताया कि तीन नई शाखाओं के इंटीरियर और फर्नीचर का काम जोरों पर है और बैंक 2 मार्च, 2025 को अट्टापुर शाखा, 6 मार्च, 2025 को हिमायतनगर शाखा और 16 मार्च, 2025 को बंजारा हिल्स शाखा खोलने के लिए तैयार है।

उन्होंने सभी से अनुरोध किया कि वे तीनों नई शाखाओं के उद्घाटन समारोह के लिए अपना समय निकालें। केडिया-अध्यक्ष, सीए नवीन कुमार अग्रवाल-वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सुरेश कुमार अग्रवाल-उपाध्यक्ष, नारायण दत्त-अध्यक्ष-बीओएम, मोहन अग्रवाल, राजेश कुमार अग्रवाल, श्रीमती अंजू केडिया, सीए पंकज कुमार अग्रवाल, महेश कुमार अग्रवाल, श्रीमती अपूर्व अग्रवाल, गोपाल चंद अग्रवाल विशेष आमंत्रित सीए विनय कुमार गोयल, थे। इस अवसर पर सतीश कुमार अग्रवाल, दिनेश चंद्र शर्मा, राजेश कुमार अग्रवाल, सूरजमल कांकाणी, श्याम सुंदर मुंदड़ा, विंथ गुप्ता, संदीप जैन, मदन चोरडिया, आनंद गोयल एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। सीईओ सी.वी. राव, डीजीएम आनंद अग्रवाल, शाखा प्रबंधक प्रसाद गोलेगांवकर एवं अन्य स्टाफ सदस्य भी उपस्थित थे।

सातवीं पुण्यतिथि



स्व. श्री आशारामजी देवड़ा
सुपुत्र: स्व.श्री गमनारामजी देवड़ा मरुधर मे गजनीपुरा
स्वर्गवास: 16-02-2018
स्मरणकर आपको, श्रद्धा सुमन अर्पित करते है।
सदैव रहे आर्शीवाद आपका, प्रभु से प्रार्थना करते है।।
: श्रद्धांजलि अर्पितकर्ता : चम्पाबाई (धर्मपत्नी), रामलाल, लुम्बाराम (भाई), देवीबाई (बहन), ताराराम-तीजादेवी, जसाराम-टीपुदेवी, बजाराम-लीलादेवी, रमेश-तीजादेवी, प्रेमाराम-देवी (पुत्र-पुत्रवधु), भंवरीदेवी-कुकाराम, भोनीदेवी-स्व.खेतारामजी (पुत्री-दामाद), प्रकाश, दिनेश, मुकेश, जगदीश, संजय, श्रवण, महेन्द्र, दिलीप, हरीश, आयुष (पौत्र), ललिता, कुसुम, ममता, डिम्पल, संतोषी, कविता, वीना, प्रियंका (पौत्री), करीना, आदित्य, अंकित, दीक्षित, सिद्धार्थ, पूर्वी (पड़पौत्र-पड़पौत्री), फुआराम, ढगलाराम, हंसाराम, लालाराम (भतीज) एवं समस्त देवड़ा परिवार
: फर्म : * विजयलक्ष्मी इन्डस्ट्रीस, नाचारम 9849431101
* विजयलक्ष्मी इन्टरप्राईस, तुरुप बाजार
* विजयलक्ष्मी मार्केटिंग, तुरुप बाजार
P.Solankey

।। सोलहवीं पुण्यतिथि ।।



स्व.श्रीमती मीराबाई चोयल
: धर्मपत्नी : स्व.श्री राजारामजी चोयल
स्वर्गवास- 16-02-2009 (मरुधर में साँसरी)
स्नेह आपका था हम पर, करते है नमन आपको।
श्रद्धा के सब सुमन समर्पित, रखेंगे सदैव स्मरण आपको।।
: श्रद्धांजलि अर्पितकर्ता :
घीसुलाल काग (भाई), प्रकाश-सुकियाबाई, वेनाराम-फुलनदेवी (पुत्र-पुत्रवधु), कन्याबाई-स्व.हुकमारामजी, कमलाबाई-स्व.कालूरामजी, भँवरीबाई-जगदीशजी (पुत्री-दामाद), सुमित्रा-प्रवीणजी चौहान (पौत्री-दामाद), सुनील-कंचन, पंकज-सीमा (पौत्र-पौत्रवधु), करण (पौत्र), आरती (पौत्री), धिआन, यौविक (पडपौत्र), आरव, रेयान (पडदोयता) एंव समस्त चोयल परिवार
: फर्म : * गणेश मार्केटिंग - धम्माईगुड़ा
* भगवती हार्डवेयर - कन्दीगुड़ा (सैनिकपुरी)
9347114211, 9441079272
P.Solankey

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः।।
Tervi Vidhi



Smt. Anusuya Bai
(W/o Late. Thakur Mahadev Laxman Singh Ji)
(D.O.B: 15-02-1932 | D.O.D: 05-02-2025)
With heavy hearts, we share the passing of our beloved mother, who left for her heavenly abode on 5th February 2025. Her love, warmth, and blessings will forever remain in our hearts.
Tervi Vidhi
Date : 16th February 2025
Time : 10:00 AM onwards
Tervi vidhi at Our Residence
Lunch follows (1:00PM) : At Hazari Bhavan
Goshamahal Hyderabad-500012.
(Scan QR for Location)
-: In Grief :-
Behari Singh & Family : 9948587380, 9030082353

पूर्व तट रेलवे
(1) सूचना सं.: eT-North-WAT-01-2025
दिनांक: 07.02.2025
कार्य का नाम : वाल्टियर मण्डल के सहायक मण्डल अभियन्ता/रायगड़ा के अधिकार क्षेत्र के अधीन रायपुर-विजयनगरम लाइन के कुनेरु-गुमड़ा सेक्शन के बीच कि.मी.368/11-13 पर RV-266 में एवं कि.मी.369/17-19 पर RV-267 में समपार के बदले में सीमित ऊंचाई वाले उपमार्ग का निर्माण।
कार्य की अनुमानित लागत : ₹8,74,08,926.96, EMD : ₹5,87,100/-
(2) सूचना सं.: eT-North-WAT-02-2025
दिनांक: 07.02.2025
कार्य का नाम : वाल्टियर मण्डल के सहायक मण्डल अभियन्ता/रायगड़ा के अधिकार क्षेत्र के अधीन सिंगापुर रोड-डोंकिनवलसा सेक्शन के बीच साइड ड्रेन की मरम्मत एवं ड्रेन वॉल को ऊंचा करना।
कार्य की अनुमानित लागत : ₹1,65,33,070.33, बिड सिक्युरिटी : ₹2,32,700/-
कार्य पूरा होने की अवधि : 12 (बारह) महीने (दोनों क्रम सं. के लिए)।
निविदा बंद होने की तिथि व समय : 04.03.2025 को 1500 बजे (दोनों निविदा के लिए)।
ऐसी ई-निविदा के तहत डाक / कूरियर / फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।
उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।
द्रष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन / शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 15 (पन्द्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुन: अवलोकन करें।
मण्डल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), वाल्टियर
PR-979/P/24-25

।। श्री हरि ।।
छठी पुण्यतिथि



स्व.श्रीमती अणचीबाई चोयल
धर्मपत्नी: स्व.श्री घीसारामजी मरुधर मे धाकड़ी (सोजत)
स्वर्गवास: दि.16-02-2019
छाया मिले आपकी हरदम, सिर पर आपका हाथ हो
जीवन के हर मोड़ पर, सदा आपका आशीर्वाद हो
* * : श्रद्धांजलि अर्पितकर्ता : * *
बाबूलाल-झमकुदेवी (पुत्र-पुत्रवधु) (पूर्व अध्यक्ष सीरवी समाज जीडिमेटला), सुकियाबाई-अचलारामजी हाम्बड़ (पुत्री-जंवाई), सुनिल-राजीदेवी, संतोष-कौशल्यादेवी (पौत्र-पौत्रवधु), लक्ष्मी-अशोकजी वरपा (पौत्री-जंवाई), मंगलाराम-पेमादेवी पंवार (भतीज-बहु), दिलीप, हरिश, विनीत, पूजा, पायल (पड़पौत्र-पड़पौत्री) एवं समस्त चोयल परिवार
: फर्म : चौधरी ज्वैलर्स मैन मार्केट, शापुरनगर
9849681230, 7032700700
P.Solankey

# सीएम नीतीश आज जाएंगे दिल्ली

## पीएम मोदी से मुलाकात कर सौगातों के लिए धन्यवाद देंगे



**पटना, 15 फरवरी (एजेंसियां)।**
बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 16 फरवरी, रविवार को दिल्ली रवाना होंगे। जहां वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर सकते हैं। इस बैठक में वह केंद्रीय बजट 2023-24 में बिहार को मिली सौगातों के लिए पीएम मोदी का धन्यवाद करेंगे। इसी कारण, 17 फरवरी को उनकी निर्धारित प्रगति यात्रा स्थगित कर दी गई है।

**बिहार को बजट में मिली सौगातें**
केंद्रीय बजट 2023-24 में बिहार के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं, जिनमें शामिल हैं:
मखाना बोर्ड की स्थापना- बिहार के पारंपरिक मखाना उद्योग को बढ़ावा देने के लिए एक अलग बोर्ड बनाया जाएगा।
पश्चिमी कोसी नहर परियोजना- इस परियोजना के लिए केंद्र सरकार ने वित्तीय सहायता की घोषणा की है, जिससे किसानों को सिंचाई की बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।
ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट, बिहटा- राज्य में हवाई कनेक्टिविटी को मजबूती देने के लिए बिहटा में नया एयरपोर्ट बनाया जाएगा।
फूड टेक्नोलॉजी संस्थान- बिहार में खाद्य प्रसंस्करण और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फूड टेक्नोलॉजी एंटरप्रेन्योरशिप एंड मैनेजमेंट की स्थापना होगी।

**पीएम मोदी का बिहार दौरा**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 फरवरी को भागलपुर आएंगे, जहां वे पीएम किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त जारी करेंगे। साथ ही, वह नई परियोजनाओं की भी घोषणा कर सकते हैं। एनडीए गठबंधन इस दौरे की तैयारियों में जुट गया है, जिससे आगामी लोकसभा चुनावों के मद्देनजर बिहार को विशेष महत्व मिल रहा है।

# 'मर गया है चुनाव आयोग

## नोटिस भेजा तो कोर्ट में होगी बात' अखिलेश बोले-बीजेपी को उसी की भाषा में देंगे जवाब

लखनऊ, 15 फरवरी (एजेंसियां)। राजधानी लखनऊ स्थित सपा कार्यालय में पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने शनिवार को प्रेस वार्ता को संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने मिल्कीपुर चुनाव से लेकर विभिन्न मुद्दों पर भाजपा को घेरा। उन्होंने एक बार फिर कहा कि चुनाव आयोग मर गया है। चुनाव आयोग नोटिस भेजेगा तो कोर्ट में बात की जाएगी। वहां हमें अपनी बात और भी तफसील से रखने का मौका मिलेगा। सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार ने महाकुंभ को लेकर 144 साल का भ्रम फैलाया। इससे बड़ा मिस मैनेजमेंट कभी नहीं देखा गया। कहा कि भाजपा की ट्रोलर टीम जिस तरह की भाषा का प्रयोग करेगी, उसे उसकी भाषा में ही जवाब दिया जाएगा। डरी हुई भाजपा, सपा की मीडिया सेल पर हमला कर रही है।



**भाजपा तोड़ रही भाषा की मर्यादा**
समाजवादी व्यापार सभा के अध्यक्ष मनीष जगन अग्रवाल की गिरफ्तारी पर कहा कि मनीष अब समाजवादी मीडिया सेल के हिस्सा नहीं हैं। यदि भाजपा गलत भाषा का प्रयोग करेगी तो सपा भी उसका मुहंतोड़ जवाब देगी। हमने पहले गलत भाषा का प्रयोग नहीं किया। भाजपा लगातार भाषा की मर्यादा तोड़ रही है। जब समझौता हो गया था, तब इसको कौन तोड़ रहा है। हमारी सैकड़ों शिकायतें पड़ी हैं। लेकिन, भाजपा पर कोई कार्यवाही नहीं हो रही है।

# अमेरिका से भारतीयों के डिपोर्टेशन पर आरजेडी सांसद मनोज झा ने कहा, ऐसी अमानवीयता नहीं देखी

पटना, 15 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिका से भारतीयों के डिपोर्टेशन पर राष्ट्रीय जनता दल आरजेडी सांसद मनोज कुमार झा की प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से अमेरिका हमारे देश के नागरिकों के साथ डिपोर्टेशन के नाम पर अमानवीयता कर रहा है यह गलत है। हमारे देश के नागरिकों के साथ गरिमा का व्यवहार होना चाहिए जिस तरह से उनका डिपोर्टेशन के तहत भेजा जा रहा है यह अमानवीय है। पहले भी डिपोर्टेशन होता रहा है लेकिन इस तरह से अमानवीयता नहीं अपनाई गई थी।
वहीं महाकुंभ पर आरजेडी सांसद मनोज कुमार झा ने कहा कि कुंभ तो पहले भी होता था जब योगी-मोदी नहीं थे। तबसे कुंभ चला आ रहा है आगे भी कुंभ होता रहेगा इसको राजनीति का विषय नहीं बनाना चाहिए।



**5 फरवरी को 104 भारतीय को किया गया डिपोर्ट**
बता दें कि 5 फरवरी को अमेरिकी मिलिट्री का एक एयरक्राफ्ट 104 भारतीय को लेकर अमृतसर में लैंड हुआ था। इन सभी लोगों को अमेरिका में घुसने की अवैध कोशिश करते हुए पकड़ा गया था। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आदेश के बाद भारतीय नागरिकों को डिपोर्ट किया गया था। डिपोर्ट किए गए प्रवासियों में सबसे अधिक संख्या पंजाब के लोगों की हैं। पंजाब के 68, हरियाणा के 33, गुजरात के 8, यूपी के 3, महाराष्ट्र के 3, गोवा के 2, राजस्थान के 2 हिमाचल और जम्मू के 1-1 लोग शामिल थे। अब बार फिर 119 अवैध भारतीय प्रवासियों को लेकर दो विमान 15 और 16 फरवरी को अमृतसर पहुंचेंगे।

**डेपुटेशन पर गरमाई सियासत**
भारतीयों के डिपोर्टेशन को लेकर देश में सियासत गरमाई हुई है। संसद में भी इस मामले पर खूब हंगामा हुआ था। विपक्ष ने प्रवासीय भारतीयों के हथकड़ी और बेड़ियों से जकड़े जाने का आरोप लगाया था। जिसके बाद सरकार को भी मामले पर सफाई देनी पड़ी थी। केंद्रीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि ये प्रक्रिया कोई नई नहीं है। इससे पहले भी अमेरिका अवैध प्रवासियों को डिपोर्ट करता रहा है। उन्होंने साल दर साल डेटा भी दिखाया।

### उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड महाकुंभ पर अफजाल अंसारी के विवादित बयान पर कलराज मिश्र का पलटवार

# कुंभ पर व्यंग्य नहीं करना चाहिए

प्रयागराज, 15 फरवरी (एजेंसियां)। प्रयागराज में महाकुंभ को लेकर गाजीपुर से समाजवादी पार्टी के सांसद अफजाल अंसारी ने विवादित बयान है जिस पर राजस्थान के पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्रा ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति का हिस्सा है। अच्छा होता कि वो कुंभ के स्नान पर इस तरह व्यंग्य नहीं कसते। हमें किसी भी संस्कृति और विचार से जुड़े लोगों की परंपराओं और भावनाओं के सम्मान करना चाहिए। कलराज मिश्र ने सपा सांसद के बयान की निंदा करते हुए कहा कि भगवान करे उनका बयान चरितार्थ हो अगर वह कहते हैं कि स्नान करने जाने वालों को मुक्ति प्राप्त होगी तो यह अच्छी बात है। लेकिन, अच्छा यह होता कि वो कुंभ स्नान पर व्यंग ना करते। सनातन परंपरा बहुत ही प्राचीन है और महाकुंभ भारतीय संस्कृति का हिस्सा है। किसी भी संस्कृति और विचार से जुड़ने वाले लोग यहां की परंपरा और लोगों की भावनाओं को मनाना चाहिए।
पूर्व राज्यपाल ने इस दौरान अमेरिका से हथकड़ी लगाकर भेजे गए भारतीयों के वीडियो पर भी जवाब दिया और कहा कि अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे भारतीयों को बेड़ियों में भेजना ठीक नहीं है। यह अमानवीय व्यवहार है इसे ठीक करना चाहिए। इस मामले पर प्रधानमंत्री को अमेरिका से बात करना चाहिए, ताकि आगे से ऐसा अमानवीय व्यवहार ना हो। बता दें कि अफजाल अंसारी ने संत रविदास जयंती के कार्यक्रम में महाकुंभ को लेकर विवादित बयान दिया था, उन्होंने कहा कि 'मान्यता है कि संगम तट पर नहाकर व्यक्ति का पाप धुल जाएगा, पाप धुल जाएगा इसका मतलब आगे बैकुंठ में जाने का रास्ता खुल जाएगा। 'ऐसे में जो भीड़ देखने को मिल रही उससे लगता है कि अब नर्क में कोई बचेगा ही नहीं और उधर हाउसफुल हो जाएगा।' इस दौरान उन्होंने रेल में उमड़ती भीड़ और भगदड़ में मारे गए लोगों के आंकड़ों को लेकर भी सवाल उठाए।

# पीके ने तेजस्वी के वादों पर उठाया सवाल

## भड़के राजद ने कहा- वे भाजपा की बी टीम के बेचैन व्यक्ति हैं

पटना, 15 फरवरी (एजेंसियां)। बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले राजद और जसुपा के बीच जुबानी जंग तेज हो गई है। एक ओर जहां जन सुराज पार्टी (जसुपा) के सूत्रधार प्रशांत किशोर (पीके) ने तेजस्वी यादव द्वारा जनता से किए गए वादों को खोखला बताया है। वहीं, राजद ने इस पूरे मामले में प्रतिक्रिया देते हुए पीके को बेचैन व्यक्ति और भाजपा की बी-टीम बताया है।



**राजद के वादे पर पीके का कटाक्ष**
राजद पर कटाक्ष करते हुए पीके ने कहा कि हम जनता से झूठे वादे नहीं करते और न करेंगे। राजद ने 'माई-बहिन मान योजना' की घोषणा की है, जिसके अंतर्गत हर महिला को प्रति माह 2500 रुपये दिए जाएंगे। इस हिसाब से प्रति वर्ष 1.5 लाख करोड़ रुपये खर्च होंगे, क्योंकि बिहार में छह करोड़ महिलाएं हैं। जब बिहार का कुल बजट ही 2.40 हजार करोड़ का है तो इतनी राशि आएगी कहां से। जसुपा उन पार्टियों की तरह नहीं हैं, जो सब कुछ करने का वादा करते हैं, लेकिन करते कुछ नहीं। हम जनता से मात्र वही वादे करेंगे, जिन्हें शत प्रतिशत पूरा कर सकें। स्थिति व संभावना का पूरा आकलन करने के बाद वादा और जनता को बताएंगे कि उसे किस तरीके से पूरा करेंगे।

**राजद ने बताया बेचैनी**
राजद के प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने कहा कि महिलाओं को आर्थिक न्याय देने की तेजस्वी यादव की सोच से पीके इतना बेचैन और घबराए हुए क्यों है। सबको पता है कि भाजपा को जुमलेबाजी में महारत हासिल करवाने वाले पीके ही हैं। अपनी पीआर एजेंसी की चिंता रखने वाले पीके जान लें कि वे भाजपा की बी-टीम हैं और राजनीति उनके वश की नहीं। भाजपा के इशारे पर वे आखिर कब तक तेजस्वी के प्रति ऐसी भाषा का उपयोग करते रहेंगे। जनता अच्छी तरह से जान-समझ चुकी है कि आप बिहार में किसके लिए राजनीति कर रहे हैं।

**जनता तक जननायक के विचार पहुंचाने निकले राजद के 11 रथ**
शुक्रवार को राजद के कर्पूरी विचार रथ पार्टी के प्रदेश कार्यालय से जिलों के लिए रवाना हो गए। प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू ने हरी झंडी दिखाकर उन 11 रथों को रवाना किया। वे रथ विभिन्न जिलों का परिभ्रमण कर जनता के बीच जननायक कर्पूरी ठाकुर के विचारों का प्रचार-प्रसार करेंगे।

**17 फरवरी को पहुंचेंगे सीतामढ़ी**
पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि अंत में वे सभी रथ 17 फरवरी को सीतामढ़ी जिला अंतर्गत सोनबरसा पहुंचेंगे, जहां जननायक की 37वीं पुण्यतिथि पर राजद की ओर से मुख्य समारोह का आयोजन हुआ है। रणविजय साहू ने कहा कि महागठबंधन सरकार द्वारा 65 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की गई थी। उसे केंद्र सरकार ने संविधान की नौवीं अनुसूची में सम्मिलित नहीं किया। यह गरीब और लाचार वर्ग के साथ षड्यंत्र है। नौकरी और रोजगार के संकल्प को विद्वेष की राजनीति से कमजोर किया जा रहा है। इसके विरुद्ध हम सभी को लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव के नेतृत्व में एकजुट होना है।

# प्रयागराज में भीषण सड़क हादसा

## बस और बोलेरो की टक्कर, 10 लोगों की मौत, 19 लोग घायल



प्रयागराज, 15 फरवरी (एजेंसियां)। प्रयागराज में देर रात भीषण सड़क हादसा हो गया। मिर्जापुर हाईवे पर बस और बोलेरो की टक्कर में 10 लोगों की मौत हो गई जबकि 19 लोग घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शवों को कब्जे में ले लिया है। साथ ही घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि बोलेरो में सवार सभी 10 श्रद्धालु संगम स्नान के लिए मेला क्षेत्र जा रहे थे। इसी बीच उनकी बोलेरो हादसे का शिकार हो गई।
जानकारी के अनुसार, मेजा में प्रयागराज-मिर्जापुर हाईवे पर शुक्रवार देर रात हुए यह भीषण सड़क हादसा हुआ। हादसे में 10 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। श्रद्धालुओं से भरी बोलेरो और बस में आमने-सामने की टक्कर हुई है। हादसे में बोलेरो सवार सभी 10 श्रद्धालुओं ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।
बोलेरो में सवार सभी श्रद्धालु छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले के रहने वाले थे। ये लोग संगम स्नान के लिए मेला क्षेत्र में आ रहे थे। जानकारी के मुताबिक सभी मृतकों की उम्र 25 से 45 वर्ष के बीच है और सभी पुरुष हैं। वहीं इस हादसे में बस में सवार 19 श्रद्धालु भी जख्मी हुए हैं जो संगम स्नान के बाद वाराणसी जा रहे थे। सभी घायलों को सीएचसी रामनगर में भर्ती कराया गया है। बस में सवार सभी श्रद्धालु मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले के रहने वाले हैं। लहीं मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने इस दर्दनाक हादसे पर गहरा शोक जताया है। प्रयागराज महाकुंभ में श्रद्धालुओं से भरी कार में आग लग गई। देखते ही देखते यह कार जलकर राख हो गई। जानकारी के मुताबिक यह हादसा शास्त्री ब्रिज एंट्री पॉइंट के पास रात करीब 2:15 बजे हुई।

# कॉमेडियन अनुभव बस्सी के शो पर भी लगाई जाए रोक, अपर्णा यादव ने डीजीपी को लिखा पत्र



लखनऊ, 15 फरवरी (एजेंसियां)। मशहूर पॉडकास्टर रणवीर अल्लाहबादिया विवाद के बीच उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने अब लखनऊ में आयोजित एक और कॉमेडियन के शो पर रोक लगाने की मांग की है। अपर्णा यादव ने लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में होने वाले कॉमेडियन अनुभव सिंह बस्सी के शो पर रोक लगाने को कहा है। उन्होंने कहा कि अनुभव बस्सी के शो में भी अक्सर अश्लील टिप्पणियां की जाती हैं। राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने इस संबंध में यूपी के डीजीपी को पत्र लिखा है और लखनऊ में होने वाले अनुभव सिंह बस्सी के शो पर रोक लगाने की मांग की हैं। उन्होंने कहा कि उनके शो में अक्सर महिलाओं को लेकर अभद्र टिप्पणियां की जाती है। इस तरह के अश्लील और अभद्र शो पर रोक लगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वो इस संबंध में सीएम योगी आदित्यनाथ से भी बात करेंगी।

**अपर्णा यादव ने की शो पर रोक लगाने की मांग**
अपर्णा यादव ने कहा कि बस्सी यूट्यूब पर लोगों के हंसाने के नाम पर माताओं, बहनों को गालियां देते हैं, इससे देश के लोगों पर गलत प्रभाव पड़ता है। उनके यूट्यूब पर कई वीडियो में इस तरह की बाते हैं। भारतीय न्याय संहिता की धारा 294 में अश्लीलता को लेकर अपराध का वर्गीकरण किया गया है। जिसमें सेक्शन घ में किसी भी कारोबार में अश्लीलता को अपराध माना गया है। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में सीएम योगी के भी कई कार्यक्रम होते हैं जो प्रदेश के विकास को गति देने वाले होते हैं। ऐसी जगह पर ये कार्यक्रम नहीं होने चाहिए।
बीजेपी नेता ने कहा कि वो इस संबंध में एलडीए को भी चिट्ठी लिखेंगी। बता दें इन दिनों कॉमेडियन समय रैना के इंडियाड गॉट लेटेंट शो में पॉडकास्टर रणवीर अल्लाहबादिया के आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर विवाद मचा हुआ है। इस शो में अल्लाहबादिया ने अपने माता-पिता को लेकर अभद्र टिप्पणी की। इस मामले में समय रैना, अपूर्वा मखीजा समते कई लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया।

### भोजपुर में एक बदमाश गिरफ्तार, सात जिंदा कारतूस बरामद

**हथियार के तलाश में जुटी पुलिस, गुप्त सूचना के आधार हुई कार्रवाई**

आरा, 15 फरवरी (एजेंसियां)। भोजपुर जिले के उदवंतनगर थाना पुलिस ने सात कारतूस के साथ एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी थाना क्षेत्र के पूर्वी डेम्हा क्षेत्र से की गई है। हालांकि, हथियार की बरामदगी नहीं हो सकी। इसे लेकर आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी की गई है। पकड़ा गया आरोपित कृष्णा सिंह पूर्वी डेम्हां गांव का निवासी है। बरामद कारतूस पिस्टल का बताया जा रहा है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक संदिग्ध अवैध हथियार और कारतूस लेकर जा रहा है, जिसके आधार पर घेराबंदी कर संदिग्ध को पकड़ा गया। तलाशी के दौरान सिर्फ सात कारतूस ही मिला। थानाध्यक्ष राम कल्याण यादव के अनुसार, पुलिस के डर से इधर-उधर हथियार फेंके जाने की संभावना जताई जा रही है।

# दर-दर भटक रहा परिवार, बीमारी से ग्रस्त है बच्चा

## इलाज में लगेंगे 26 करोड़, सरकार से लगाई मदद की गुहार

अलीगढ़, 15 फरवरी (एजेंसियां)। अलीगढ़ का एक परिवार अपने बच्चे के इलाज के लिए आर्थिक मदद के लिए दर-दर भटक रहा है। यह परिवार पिछले 22 महीने से अपने मासूम बच्चे के इलाज के लिए दर-दर भटक रहा है, लेकिन परिवार की मदद के लिए किसी ने अभी तक हाथ आगे नहीं बढ़ाया है। बच्चे के इलाज में मदद के लिए मदद परिवार के लोगों ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर इलाज में मदद की गुहार लगाई है।
मगर अभी तक सरकार की तरफ से कुछ रिस्पॉंस नहीं आया है। बच्चे को जो बीमारी है उसके इलाज के लिए 26 करोड़ रुपये का इंतजाम परिवरीजनों को करना पड़ेगा। यह परिवार लगातार अलग-अलग विभागों के साथ सरकार की योजनाओं से वंचित है। बताया जाता है मध्य प्रदेश जबलपुर के रहने



वाले व हाल निवासी स्वप्लिन खुराना निजी अंतर्राष्ट्रीय बैंक में काम करते हैं।
उनकी शादी अलीगढ़ की हरमीत कौर से 2021 में हुई थी, शादी के बाद बेटा अंगद पैदा हुआ। डेढ़ साल तक जब बच्चा चल नहीं पाया तो उन्होंने बेटे अंगत को बेंगलुरु जबलपुर सहित अन्य स्थान पर जाकर अलग-अलग डॉक्टर को दिखाया। इलाज के दौरान पता लगा कि बच्चा 'ड्यूचेन मस्कुलर डिस्ट्रॉफ़ी' नामक गंभीर बीमारी से ग्रस्त है। बच्चों की मांसपेशियां धीरे-धीरे कमजोर हो रही है।

**बच्चे के परिवार को सरकार से मदद की दरकार**
पीड़ित परिवार के मुताबिक, डॉक्टर ने बताया कि बच्चे का जीवन बचाने के लिए जीवन रक्षक जीन थेरेपी इंजेक्शन लगाना अति आवश्यक है जिसकी कीमत 26 करोड रुपए होती है।
पीड़ित परिवार ने जिलाधिकारी अलीगढ़ सहित अन्य जगहों पर पहुंचकर अधिकारियों से अपने बच्चों को बचाने की गुहार लगाई है। आज तक पीड़ित को कहीं से भी कोई उम्मीद नजर नहीं आई। पीड़ित परिवार ने बताया कि प्रशासनिक अधिकारियों के कई बार चक्कर काटे गए, देश के प्रधानमंत्री, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को भी पत्र लिखा, लेकिन आज तक उनके बेटे को बचाने के लिए किसी भी तरह का कहीं से भी कोई जवाब नहीं मिला। उनके परिवार को आज भी सरकार से मदद की आस है। अब देखना होगा पीड़ित परिवार की मदद के लिए कौन आगे आता है।फिलहाल यह परिवार लगातार अपने बच्चे की लंबी उम्र के लिए मन्नत मांगता नजर आ रहा है।

# देवरिया में 2500 रुपए रिश्वत लेते ओएस गिरफ्तार

**पैन कार्ड संशोधन के लिए मांगे रुपए, सीबीआई की टीम ने रंगे हाथों पकड़ा**

देवरिया, 15 फरवरी (एजेंसियां)। देवरिया में आयकर विभाग के एक अधिकारी की भ्रष्टाचार में संलिप्तता का मामला सामने आया है। सीबीआई की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा ने ऑफिस सुपरिटेंडेंट (ओएस) अजय कुमार मौर्य को पैन कार्ड संशोधन के नाम पर 2500 रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। मामला नगर पालिका रोड देवरिया निवासी गणेश प्रसाद गोंड की शिकायत से सामने आया। गणेश प्रसाद के पास पहले से एक पैन कार्ड था, लेकिन संशोधन के दौरान गलती से दूसरा पैन कार्ड बन गया। इस दूसरे कार्ड को निरस्त करवाने के लिए उन्होंने देवरिया आयकर विभाग में आवेदन किया था।
इस दौरान ओएस अजय मौर्य ने उनसे पैन कार्ड सरेंडर करने के लिए 2500 रुपए की रिश्वत की मांग की। 13 फरवरी को गणेश प्रसाद ने सीबीआई में शिकायत दर्ज कराई। शिकायतकर्ता ने अपने एक पारिवारिक सदस्य की जांच एजेंसी में तैनाती का जिक्र करने के बावजूद ओएस रिश्वत लेने पर अड़ा रहा।

# 6 एकड़ में उगाई अफीम, जवानों को लग गई भनक; देखिए कैसे उजाड़ दिया पूरा खेत ?

औरंगाबाद, 15 फरवरी (एजेंसियां)। नक्सल प्रभावित इलाकों में नशे का कारोबार फल-फूल रहा है। रेड जोन इलाकों में नशा कारोबार करने वाले माफिया अफीम की खेती कर रहे हैं। बिहार की औरंगाबाद पुलिस ने इसपर बड़ी कार्रवाई की है। 6 एकड़ में लहलहाती अफीम की कहती को नष्ट किया गया है। पुलिस को खबर मिली कि औरंगाबाद जिले के ढिबरा थाना क्षेत्र में लगभग 6 एकड़ में अवैध अफीम की खेती की जा रही है। यह इलाका नक्सल प्रभावित है और रेड जोन में आता है। अवैध अफीम की खेती को बेहद दुर्गम स्थान पर किया जा रहा था। माफियाओं ने इसे इसलिए चुना था कि यहां पहुंचने के लिए बहुत मुश्किल रास्तों का इस्तेमाल होता है। यह



इलाका जंगलों और पहाड़ों से घिरा हुआ है। जानकारी मिलने पर पुलिस ने वन विभाग की टीम के साथ मिलकर संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए 6 एकड़ में फैली अवैध रूप से की जा रही अफीम की फसल को नष्ट किया है। पुलिस के एसडीपीओ-2 अमित कुमार के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि अफीम की खेती को एसएसबी की 29वीं बटालियन और वन विभाग की संयुक्त टीम ने नष्ट किया है। उन्हें इसकी सूचना मिली थी कि जिले के ढिबरा थाना क्षेत्र के बनुआ पंचायत में अवैध रूप से अफीम की खेती की जा रही है। उन्होंने बताया कि जिस स्थान पर खेती की जा रही थी वह इलाका नक्सल प्रभावित है।दुर्गम जंगली-पहाड़ी इलाका होने के कारण यह क्षेत्र नशे के कारोबार का गढ़ बना हुआ है। पुलिस और वन विभाग की टीम ने अफीम की फसल को नष्ट किया है। पुलिस के एसडीपीओ-2 अमित कुमार के मुताबिक, इस कार्रवाई से अफीम माफियाओं को बड़ा नुकसान हुआ है। पुलिस को खुफिया जानकारी मिली थी कि अफीम माफिया यहां अवैध रूप से अफीम की खेती कर रहे हैं।

### 11 साल का साथ, मुस्लिम से बनी हिंदू; अब बॉयफ्रेंड ने दे दिया धोखा दूसरी शादी की तैयारी में

बेगूसराय, 15 फरवरी (एजेंसियां)। बेगूसराय में वेल्लेटाइन डे पर अजब प्रेम की एक गजब कहानी सामने आई है। जहां प्रेमी को पाने के लिए धर्म परिवर्तन कर हिन्दू बनी एक महिला प्रेमी के बेबफाई के बाद अब दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर है। पिछले ग्यारह सालों तक साथ जीने और मरने की कसम खाने वाला प्रेमी अब अपनी प्रेमिका को रखने को तैयार नहीं है। इतना ही नहीं प्रेमी अब दूसरी शादी करने की तैयारी में जुटा है। वहीं प्रेमी और उसके परिवार के लोग महिला के साथ मारपीट पर उतारू है। महिला का दावा है कि उसने हिन्दू रीति रिवाज के साथ अपने प्रेमी से कोर्ट मैरिज की थी। इस मामले में पुलिस ने आवश्यक कारवाई शुरू कर दी है। प्रेमिका का आरोप है कि उसका प्रेमी दूसरे मर्द के साथ गलत करने को कहता था। महिला ने विरोध किया तो प्रेमी और उसके परिवार के लोगों ने उसके साथ मारपीट की। लड़की बताती है कि वो दरोगा बनने की तैयारी कर रही थी तभी उसका प्रेमी उसकी जिंदगी में आया। वेलेंटाइन डे के दिन पुलिस के साथ प्रेमिका अपने प्रेमी के घर पहुंची और परिवार वालों के सामने घंटों हाई वोल्टेज ड्रामा किया। फुलवरिया थाना क्षेत्र के बारो बाजार वार्ड नंबर 13 की रहने वाली रोजी प्रबीन अपनी जिंदगी में कुछ करना चाहती थी। उसका लक्ष्य दरोगा बनना था और वो इसके लिए जी जान से लगी हुई थी।

# गुजरात में स्थानीय निकाय चुनाव का मतदान मतदान आज

जूनागढ़, 15 फरवरी (एजेंसियां)। गुजरात में जूनागढ़ महानगरपालिका, 68 नगर पालिकाओं और तीन तालुका पंचायतों के लिए चुनाव प्रचार शुक्रवार (14 फरवरी) शाम समाप्त हो गया। अब कल यानी 16 फरवरी को इन निकायों के लिए मतदान होना है। राज्य चुनाव आयोग (एसईसी) के अनुसार, इस दौरान विभिन्न स्थानीय और शहरी निकायों की खाली सीटों के लिए भी उपचुनाव कराए जाएंगे। तीन तालुका पंचायतें गांधीनगर, कठलाल और कपड़वंज हैं, जहां चुनाव हो रहे हैं। यह चुनाव इसलिए भी जरूरी है क्योंकि गुजरात सरकार ने 2023 में पंचायतों और नगर पालिकाओं में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए 27% आरक्षण की घोषणा की थी। इस फैसले के बाद यह पहला स्थानीय निकाय चुनाव है। राज्य चुनाव आयोग के अनुसार, मतदान रविवार को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे के बीच होगा, जबकि मतगणना मंगलवार (20 फरवरी) को होगी। आयोग की प्रेस रिलीज के मुताबिक, 213 सीटों पर चुनाव नहीं होंगे, क्योंकि इन सीटों पर केवल एक ही उम्मीदवार रह गया था, जिसके कारण उन्हें निर्विरोध विजेता घोषित कर दिया गया। इन चुनावों में कुल 5,084 उम्मीदवार मैदान में हैं, जो विभिन्न नगर निकायों में अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं। बीजेपी ने दावा किया है कि जूनागढ़ महानगरपालिका की 8 सीटों समेत विभिन्न स्थानीय निकायों की 213 सीटों पर उसका निर्विरोध जीतना तय है। इसके अलावा, यह भी कहा कि वह भचाऊ, जाफराबाद, बंटवा और हलोल नगरपालिकाओं में भी जीत दर्ज करेगी, क्योंकि वहां उसकी 'निर्विरोध' घोषित सीटों की संख्या बहुमत से अधिक है। हालांकि, कांग्रेस ने इस पर आपत्ति जताते हुए आरोप लगाया कि बीजेपी ने उनके उम्मीदवारों को धमकी दी, जिसके कारण उन्हें चुनावी मैदान से हटना पड़ा।

# रजनी पाटिल पर कांग्रेस ने फिर जताया भरोसा

## हिमाचल में सौंपी प्रभारी की जिम्मेदारी; राजीव शुक्ला हटाए गए

शिमला, 15 फरवरी (एजेंसियां)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने राजीव शुक्ल को हटाकर रजनी पाटिल को हिमाचल का प्रभारी नियुक्त कर दिया है। रात इसको लेकर अधिसूचना जारी कर दी है। नई दिल्ली में बीते वीरवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के घर हुई बैठक के एक दिन बाद ही ये बदलाव किया गया है। कांग्रेस आलाकमान ने पाटिल को दोबारा यह जिम्मेदारी सौंपी है। इस से पहले वह मई 2018 से 11 सितंबर 2020 तक हिमाचल की प्रभारी थी। तब कुलदीप राठौर थे। पाटिल का जन्म पांच दिसंबर 1958 को हुआ है। वह महाराष्ट्र से संबंध रखती हैं।



**2020 में कांग्रेस प्रभारी बने राजीव शुक्ला**

राजीव शुक्ला को कांग्रेस पार्टी आला कमान ने वर्ष 2020 में हिमाचल कांग्रेस की बतौर प्रभारी नियुक्ति किया था। 2 साल बाद यानी वर्ष 2022 में हुए विधानसभा के चुनाव में कांग्रेस ने प्रदेश की सत्ता में वापसी की थी। हालांकि, इसके बाद लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रदेश की चारों सीटों पर चुनाव हार गई थी। इसी बीच कांग्रेस पार्टी में आपसी गुटबाजी भी खुलकर सामने आई थी। रजनी पाटिल हिमाचल कांग्रेस की पहले भी प्रभारी रह चुकी है। वह प्रदेश कांग्रेस पार्टी व यहां के पदाधिकारी से लेकर कार्यकर्ताओं को जानती है। मौजूदा समय में हिमाचल कांग्रेस पार्टी की सभी कमेटियां चाहे वह प्रदेश कांग्रेस कमेटी हो या जिला वह ब्लॉक कमेटी या सभी भंग है नई प्रभारी के समक्ष नए सिरे से कमेटियों का गठन करना सबसे पहली चुनौती होगी।

**क्यों मिली प्रदेश प्रभारी की कमान?**

चूंकि, वह पहले हिमाचल कांग्रेस की प्रभारी रह चुकी है इसलिए वह यहां की परिस्थितियों से पूरी तरह वाकिफ है। सूत्रों की माने तो पार्टी हाई कमान ने उनके इसी अनुभव को देखते हुए दोबारा से उन्हें प्रदेश प्रभारी की कमान सौंपी है इस साल के अंत में पंचायती राज चुनाव होने हैं वह अगले वर्ष कुछ नगर निगम के चुनाव है। नई प्रदेश प्रभारी के समक्ष पहले नए कार्यकारी का गठन करना वह उसके बाद चुनाव में पार्टी का बेहतर प्रदर्शन करना रहेगा। इससे पहले जब रजनी पाटिल प्रदेश की प्रभारी थी तो पंचायती राज व नगर निगम के चुनाव हुए थे जिसमें कांग्रेस ने शानदार प्रदर्शन किया था। माना जा रहा है कि रजनी पाटिल अगले सप्ताह तक हिमाचल आएगी वह अपना पदभार संभालेगी।

# 3.32 करोड़ की धोखाधड़ी के आरोपी की संदिग्ध मौत

## एसपी ने दिए जांच के आदेश, विदेशी फंडिंग का था आरोप



दमोह, 15 फरवरी (एजेंसियां)। मप्र के दमोह शहर के लोको मांगल वार्ड में संचालित सेंट नॉरबर्ट स्कूल में करोड़ों की वित्तीय अनियमितता के मुख्य आरोपी और स्कूल के पूर्व प्राचार्य फादर पॉल्सन की जबलपुर में संदिग्ध परिस्थितियों में सड़क हादसे में मौत हो गई। यह घटना 12 फरवरी को तिलवारा थाना क्षेत्र में हुई। महत्वपूर्ण बात यह है कि फादर पॉल्सन की मौत उसी दिन हुई, जिस दिन शाम को दमोह कोतवाली पुलिस ने स्कूल प्रबंधन के सात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए दमोह एसपी श्रुत कीर्ति सोमवंशी ने जबलपुर पुलिस से संपर्क कर मौत के संदिग्ध पहलुओं की जांच करने को कहा है।

जिला शिक्षा अधिकारी की जांच रिपोर्ट के अनुसार, स्कूल प्रबंधन ने 2017-18 से 2022-23 के बीच अभिभावकों से 3 करोड़ 32 लाख रुपए अवैध रूप से वसूले। यह राशि 'द सोसाइटी ऑफ एबी ऑफ बर्न' नामक संदिग्ध संस्था को छह किश्तों में भेजी गई। प्रबंधन न तो इस संस्था के बारे में कोई स्पष्ट जानकारी दे पाया और न ही धन हस्तांतरण के नियमों की व्याख्या कर सका।

# लव जिहाद और जबरन धर्मांतरण रोकने की तैयारी

## महाराष्ट्र सरकार ने बनाई उच्च स्तरीय समिति



मुंबई, 15 फरवरी (एजेंसियां)। महाराष्ट्र सरकार ने भी अब लव जिहाद और जबरन धर्मांतरण के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए सरकार ने एक सात सदस्यीय समिति का गठन किया है। यह समिति लव जिहाद और जबरन धर्मांतरण रोकने के लिए कानूनी उपाय सुझाएगी। इस समिति का अध्यक्ष महाराष्ट्र के डीजीपी को बनाया गया है। बता दें कि कई अन्य राज्यों में भी कथित लव जिहाद और जबरन धर्मांतरण रोकने के लिए राज्य सरकारों ने कदम उठाए हैं और अब इस कड़ी में महाराष्ट्र भी शामिल होने जा रहा है।

**समिति में इन लोगों को किया गया शामिल**

महाराष्ट्र सरकार ने जो समिति गठित की है, उसमें महाराष्ट्र के डीजीपी के अलावा महिला एवं बाल कल्याण विभाग, अल्पसंख्यक विभाग, कानून और न्यायपालिका विभाग, सामाजिक न्याय विभाग और विशेष सहायता विभाग के सचिवों के साथ ही गृह विभाग के उप-सचिव भी शामिल किए गए हैं। राज्य सरकार ने शुक्रवार को इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं। आदेश में कहा गया है कि समिति अध्ययन के बाद बताएगी कि लव जिहाद और जबरन धर्मांतरण की घटनाओं से निपटने के लिए क्या उपाय किए जा सकते हैं।

साथ ही समिति अन्य राज्यों में इससे संबंधित कानूनों का भी अध्ययन करेगी। समिति इन्हें रोकने के प्रावधान भी सुझाएगी और इसके कानूनी पक्ष पर भी सलाह देगी। लव जिहाद टर्म का इस्तेमाल अक्सर दक्षिणपंथी कार्यकर्ताओं और संगठनों द्वारा किया जाता है। आरोप है कि मुस्लिम पुरुषों द्वारा हिंदू महिलाओं से शादी कर उनका इस्लाम में धर्मांतरण कराने की साजिश रची जा रही है।

**अमित शाह से मिले एनसीपी एसपी सांसद**

शरद पवार की पार्टी एनसीपी एसपी के सांसद सुरेश महात्रे ने गुरुवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। एनसीपी एसपी सांसद ने अमित शाह से ठाणे के भिवंडी इलाके में ड्रग तस्करों और अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने की अपील की। सांसद ने बताया कि भिवंडी अपराधियों का गढ़ बन गया है और इलाके में अपराध और ड्रग तस्करी बढ़ रही है। सांसद ने कहा कि अपराधी गिरफ्तारी के बावजूद जमानत पर छूटकर फिर से अपराधिक घटनाओं में लिप्त हो जाते हैं। वहीं केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने सांसदों को कार्रवाई का आश्वासन दिया और कानून प्रवर्तन एजेंसियो को तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए।

# अशोका यूनिवर्सिटी के कैंपस में दो छात्रों के शव मिले, एक ने बिल्डिंग से कूदकर सुसाइड किया

सोनीपत, 15 फरवरी (एजेंसियां)। हरियाणा के सोनीपत में राजीव गांधी एजुकेशन सिटी में स्थित अशोका यूनिवर्सिटी में एक छात्र ने यूनिवर्सिटी की छत से कूदकर की आत्महत्या कर ली। तो एक छात्र का शव मुख्य गेट पर संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। आत्महत्या करने वाला छात्र ध्रुव साहू तेलंगाना का रहने वाला तो दूसरे छात्र का नाम विग्नेश था जोकि बैंगलोर का रहने वाला था। जानकारी के अनुसार, ध्रुव प्रथम वर्ष का छात्र तो विग्नेश द्वितीय वर्ष का छात्र था। राई थाना पुलिस और अशोका यूनिवर्सिटी ने मृतक छात्रों के परिजनों को मामले की जानकारी दी है। राई थाना पुलिस कर रही है मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

# क्रिप्टो धोखाधड़ी मामले में सीबीआई की बड़ी कार्रवाई

## दिल्ली-एनसीआर और हरियाणा में 11 जगहों पर छापे




नई दिल्ली, 15 फरवरी (एजेंसियां)। सीबीआई ने क्रिप्टो धोखाधड़ी मामले में बड़ा एक्शन लेते हुए दिल्ली-एनसीआर और हरियाणा में कुल 11 जगहों पर छापे की कार्रवाई की है। इस दौरान सीबीआई ने कैश, अमेरिकी डॉलर और सोना समेत अन्य सामग्री बरामद किया। जानकारी के मुताबिक स्वयं को सरकारी अधिकारी बताकर लोगों को ठगने के आरोप में कथित साइबर अपराधियों के खिलाफ दिल्ली और हरियाणा में 11 स्थानों पर छापेमारी की और इस दौरान 1.08 करोड़ रुपये की नकद राशि जब्त की। अधिकारियों ने बताया कि दो साल पुराने मामले में दिल्ली में नौ और हरियाणा के हिसार में दो स्थानों पर छापे मारे गए। सीबीआई के एक प्रवक्ता ने बताया कि आरोपियों पर स्वयं को सरकारी अधिकारी बताकर अवैध गतिविधियां और क्रिप्टो धोखाधड़ी करने का आरोप है।

**फर्जी तकनीकी सहायता परामर्श देकर धोखाधड़ी**

प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, ''लोगों को फर्जी तकनीकी सहायता परामर्श देकर और क्रिप्टोकरंसी के रूप में मनी ट्रांसफर करने के लिए प्रेरित करके धोखाधड़ी की गई। इस धन को फिर कई क्रिप्टो वॉलेट के माध्यम से भेजकर नकदी में परिवर्तित किया गया।'' एजेंसी ने मामले में तीन आरोपियों के खिलाफ पहले ही आरोपपत्र दाखिल कर दिया है। सीबीआई ने छापेमारी के दौरान महत्वपूर्ण डिजिटल साक्ष्य एकत्र किए और छह लैपटॉप, आठ मोबाइल फोन एवं एक आईपैड जब्त किया। जांच में वीओआईपी-आधारित कॉल करने और 'डार्कनेट' तक पहुंचने के लिए कंप्यूटर प्रोग्राम का इस्तेमाल किए जाने का भी पता चला।' इसके अतिरिक्त, सीबीआई ने 1.08 करोड़ रुपये नकद, 1,000 अमेरिकी डॉलर मूल्य की विदेशी मुद्रा और 252 ग्राम सोना जब्त किया।

# रोहतक जिला बार चुनाव

## काटी गई वोट जोड़ी जाएंगी, चुनाव अधिकारी ने 19 फरवरी तक मांगे आवेदन



रोहतक, 15 फरवरी (एजेंसियां)। जिला बार चुनाव में मतदाता सूची को लेकर चल रहे विवाद में नया मोड़ आ गया है। चुनाव अधिकारी ने पत्र जारी करके 19 फरवरी तक उन वकीलों से दस्तावेज के साथ आवेदन मांगे हैं, जिनकी वोट कट गई थी। माना जा रहा है कि चुनाव अधिकारी सीओपी नंबर व दूसरे के नंबर से पैमेंट करवाने वाले वकीलों को कुछ राहत दे सकते हैं। पंजाब एवं हरियाणा बार काउंसिल की ओर से 28 फरवरी को चुनाव करवाए जा रहे हैं। वोट बनवाने के लिए बार के 3536 वकीलों ने शपथ पत्र व फीस जमाकर आवेदन किया था। जांच में 1200 से ज्यादा अपात्र मानकर काट दी गई थी। इससे कई दिन से वकीलों के बीच विवाद चल रहा है। प्रधान का चुनाव लड़ रहे निवर्तमान प्रधान अरविंद श्योराण ने कड़ा विरोध किया। सैकड़ों वकीलों के साथ बैठक करके काटी गई वोट दोबारा जोड़ने की मांग की। दूसरे प्रत्याशी दीपक हुड्डा ने मांग पत्र देकर काटी गई वोटों में पात्र वकीलों की वोट जोड़ने की मांग की। ऐसे में चुनाव अधिकारी एडवोकेट प्रदीप मलिक ने शनिवार को पत्र जारी कर कहा है कि जिन वकीलों की वोट कटी हैं, वे पुख्ता तथ्यों के साथ 19 फरवरी तक आवेदन कर दें।

# अरविंद केजरीवाल की बढ़ेंगी मुश्किलें

## 'शीशमहल' मामले की होगी विस्तृत जांच

## सीवीसी ने दिया आदेश, बीजेपी ने किया दावा



नई दिल्ली, 15 फरवरी (एजेंसियां)। अरविंद केजरीवाल दिल्ली विधानसभा चुनाव में पार्टी और खुद की करारी हार के सदमे से अभी उबर भी नहीं पाए हैं कि अब 'शीशमहल' के मामले में उनकी मुश्किलें बढ़ सकती हैं। केंद्रीय सतर्कता आयोग ( सीवीसी) ने दिल्ली सरकार के लोक निर्माण विभाग को 6, फ्लैगस्टाफ रोड बंगले के विस्तार के लिए संपत्तियों के कथित विलय और इसके अंदरूनी हिस्से पर हुए खर्च की विस्तृत जांच करने का निर्देश दिया है। भारतीय जनता पार्टी के नेता विजेंद्र गुप्ता ने शनिवार को यह बात कही। बीजेपी ने कथित भ्रष्टाचार के कारण इस बंगले को ''शीशमहल'' करार दिया है। इसमें अरविंद केजरीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में 2015 से पिछले साल अक्टूबर के पहले सप्ताह तक रहे थे। इस मामले पर आम आदमी पार्टी (आप) या इसके संयोजक केजरीवाल ने तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि केंद्रीय सतर्कता आयोग ने उनकी दो पूर्व शिकायतों का संज्ञान लिया और लोक निर्माण विभाग से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी, जिसके आधार पर अब विस्तृत जांच करने का निर्देश दिया गया है। रोहिणी से नवनिर्वाचित भाजपा विधायक ने सीवीसी को दी गई अपनी पहली शिकायत में आरोप लगाया कि केजरीवाल ने 40,000 वर्ग गज (आठ एकड़) भूमि पर एक भव्य ''महल'' का निर्माण करने के लिए भवन नियमों का उल्लंघन किया। विजेंद्र गुप्ता ने आरोप लगाया कि राजपुर रोड पर भूखंड संख्या 45 और 47 (पहले टाइप-वी फ्लैट में वरिष्ठ अधिकारियों और न्यायाधीशों के आवास थे) तथा दो बंगलों (8-ए और 8-बी, फ्लैग स्टाफ रोड) सहित सरकारी संपत्तियों को ध्वस्त कर दिया गया और नए आवास में मिला दिया गया। उन्होंने कहा कि इस दौरान मानदंडों का उल्लंघन किया गया और उचित अनुमोदन नहीं लिया गया। गुप्ता ने अपनी दूसरी शिकायत में 6, फ्लैग स्टाफ रोड स्थित बंगले की मरम्मत और आंतरिक साज-सज्जा पर ''जरूरत से अधिक खर्च'' किए जाने का आरोप लगाया। उन्होंने बंगले में आलीशान सुविधाओं पर करदाताओं के करोड़ों रुपये खर्च किए जाने और ''बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितताओं'' का भी आरोप लगाया।

# नर्सिंग कॉलेज रैगिंग केस में प्रिंसिपल और सहायक प्रोफेसर निलंबित, पांच छात्र पहले ही हो चुके गिरफ्तार

तिरुवनंतपुरम, 15 फरवरी (एजेंसियां)। केरल के कोट्टायम सरकारी नर्सिंग कॉलेज के छात्रावास में एक जूनियर छात्र के साथ क्रूर रैगिंग मामले में राज्य स्वास्थ्य मंत्रालय ने बड़ा एक्शन लिया है। इसके तहत मंत्रालय ने कॉलेज के प्रिंसीपल और एक सहायक प्रोफेसर को निलंबित कर दिया है। मामले में मंत्रालय की ओर से शुक्रवार देर रात बयान जारी कर इस बात की जानकारी दी गई। बता दें कि छात्रावास में जूनियर छात्र से साथ हुई रैगिंग के मामले के चलते राज्य भर में आक्रोश का माहौल था।

साथ ही लोगों ने प्रिंसीपल के निलंबन की मांग भी की थी। निलंबन को लेकर स्वास्थ्य मंत्री के कार्यालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि प्रिंसिपल सुलेखा ए टी और सहायक प्रोफेसर अजेश पी मणि को रैगिंग की जांच करने और मामले में प्रभावी रूप से हस्तक्षेप करने में कथित रूप से विफल रहने के लिए निलंबित कर दिया गया है। इसके अलावा, हॉस्टल के हाउसकीपर-कम-सिक्योरिटी को भी तुरंत हटाने का आदेश दिया गया है।

# 'अनशन खत्म करें डल्लेवाल', प्रह्लाद जोशी ने बताया किसानों के साथ बैठक में क्या हुई बात



चंडीगढ़, 15 फरवरी (एजेंसियां)। चंडीगढ़ में किसानों से मुलाकात के बाद केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि आज हमने पंजाब सरकार के साथ संयुक्त किसान मोर्चा और किसान मजदूर मोर्चा के किसानों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि ये चर्चा बहुत ही सकारात्मक माहौल में हुई। किसान नेताओं ने काफी देर तक विस्तार में अपने मांगे हमारे सामने रखी हैं। उनकी मांगों को विस्तार से सुनने के बाद हमने पीएम मोदी के नेतृत्व में किसानों के कल्याण के लिए उठाए जा रहे कदमों का जिक्र किया। हमनें दलहन और तिलहन की फसलों के लिए जो भी कदम उठाए, इसके बारे में उन्होंने रुचि भी दिखाई। मैंने जगजीत सिंह डल्लेवाल से भूख हड़ताल खत्म करने का आग्रह किया। हमने आश्वासन दिया कि सरकार आपसे लगातार बातचीत में लगी रहेगी। सभी संभावित विषयों पर चर्चा करके हल करने की कोशिश करेंगे। हमारे आग्रह को सुनने के बाद डल्लेवाल जी ने कहा कि वे इस बारे में सोचेंगे। हमने 22 फरवरी को केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में किसानों के साथ बैठक करने का फैसला लिया है।

# 4 जिलों के 200 जवान कर रहे गश्त

## बंद कराई जा रहीं दुकानें सिंगरौली में बवाल के बाद कैसे हैं हालात?

सिंगरौली, 15 फरवरी (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के सिंगरौली के बधौरा पुलिस चौकी अंतर्गत अमिलिया घाटी में हुए बवाल के बाद स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है, लेकिन हालत अभी भी तनावपूर्ण बने हुए हैं। किसी भी आशंका को देखते हुए मौके पर तीन जिलों के करीब 200 पुलिसकर्मी मोर्चा संभाले हुए हैं। पुलिस स्थिति को नियंत्रित करने के लिए आसपास की दुकानों को बंद करा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस ने मृतकों के परिजनों को बिना सूचना दिए उनके शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। सिंगरौली में महान एनर्जी कंपनी का ट्रक कोयला लेकर जा रहा था। उसकी चपेट में आने से बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई। इसके बाद स्थानीय लोगों में गुस्सा भड़क गया। गुस्साई भीड़ ने वाहनों को आग के हवाले कर दिया, इनमें पांच बसें और तीन डंपर फूंक दिए गए। बसों में बैठे कंपनी के कर्मचारियों से मारपीट की गई। हालात को काबू करने पहुंची पुलिस को भी ग्रामीणों के गुस्से का सामना करना पड़ा। कई पुलिसकर्मियों के भी चोट आई है। थाना इंचार्ज का हाथ फ्रेक्चर हुआ है। देर रात तक उपद्रव होता रहा, पुलिस ने बमुश्किल स्थिति को नियंत्रित किया है।

**चार जिलों के 200 पुलिस जवान तैनात**

बधौरा पुलिस चौकी अंतर्गत अमिलिया घाटी में सिंगरौली के अलावा सीधी, रीवा और सतना जिले की पुलिस फोर्स तैनात की गई है। घटनास्थल को पुलिस छावनी में तब्दील हो गया है। शनिवार सुबह जब दुकानदारों ने अपनी दुकानें खोली तो पुलिस ने उन्हें बंद करा दिया। जले हुए वाहनों को हटाने की तैयारी की जा रही है। पुलिस उपद्रव करने वाले लोगों की शिनाख्त में जुट गई है। कार्रवाई को लेकर पुलिस की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। बिना सूचना दिए भेज दिया पोस्टमार्टम के लिए

# पन्नू पर 10 हजार अमेरिकी डॉलर का जुर्माना

## जमानत मिलते ही विदेश भागा, 20 साल से फरार, अब करना होगा सरेंडर

चंडीगढ़, 15 फरवरी (एजेंसियां)। 2004 में जमानत मिलने के बाद अमेरिका भागे आरोपी को सबक सिखाते हुए पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने उस पर 10 हजार अमेरिकी डॉलर (8,68,000 रुपये) का जुर्माना लगाया है। साथ ही जुर्माने की राशि हाईकोर्ट बार क्लर्क एसोसिएशन में जमा करवाने का आदेश दिया है। अवतार सिंह पन्नू के खिलाफ 2004 में अमृतसर में धोखाधड़ी व अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई थी।

गिरफ्तारी के बाद उसे उसी वर्ष जमानत मिल गई थी, लेकिन इसके बाद वह अमेरिका भाग गया और ट्रायल से बचता रहा और 20 साल तक फरार रहा। 2006 में अदालत ने उसे भगोड़ा घोषित कर दिया। पन्नू की वकील ने दलील दी कि उसे इस एफआईआर की जानकारी नहीं थी, क्योंकि वह अमेरिका में था और उसे कोई समन नहीं मिला।



कोर्ट ने कहा कि पन्नू को मामले की पूरी जानकारी थी, फिर भी उसने 20 साल तक कानून की प्रक्रिया से बचने की कोशिश की। हालांकि, अब जब उसने भारत आकर आत्मसमर्पण करने की बात कही है, तो हाई कोर्ट ने उसे यह अंतिम अवसर दिया। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि यदि पन्नू तय समय पर सरेंडर नहीं करता है, तो राज्य सरकार उसके खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई के लिए याचिका दायर कर सकती है। साथ ही, सरेंडर के बाद ट्रायल कोर्ट उसी दिन उसकी जमानत अर्जी पर विचार करेगा। जस्टिस संदीप मौदगिल ने कहा कि यह अटल सत्य है कि याचिकाकर्ता के इस कृत्य के कारण ट्रायल में देरी हुई है, जिससे दूसरे पक्ष को नुकसान हुआ है। इस देरी की भरपाई के लिए याचिकाकर्ता को 10 हजार अमेरिकी डॉलर की राशि पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट बार क्लर्क एसोसिएशन में जमा करनी होगी। इस राशि की रसीद ट्रायल कोर्ट में प्रस्तुत करने पर ही उसकी जमानत याचिका पर विचार किया जाएगा।

# शातिर नौकरानी, मालिक के घर में चोरी की, जमीन में गाड़कर छिपाए लाखों के गहने, ऐसे पकड़ी गई

शहडोल, 15 फरवरी (एजेंसियां)। शहडोल जिले के बुढार थाना क्षेत्र में बीते दिनों हुई चोरी के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने घर में काम करने वाली नौकरानी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से सात लाख रुपये के कीमती जेवर बरामद किए हैं। चोरी की यह वारदात दो सगे भाइयों के घर में हुई थी और दोनों ही घरों में एक ही नौकरानी काम करती थी। संदेह के आधार पर पुलिस ने महिला से कड़ी पूछताछ की, जिसमें उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी महिला ने अपने घर के पीछे जमीन में गड्ढा कर जेवरात छिपा रखे थे, जिन्हें पुलिस ने बरामद कर लिया है। पुलिस ने बताया कि दोनों भाइयों के घर अगल-बगल हैं और दोनों ही घरों में चोरी की वारदात बिल्कुल एक जैसी हुई थी। पीड़ितों ने बुढार थाने पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज करवाई, जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की।

# दिल्ली के मुख्य सचिव ने विभागाध्यक्षों से क्यों मांगी 'नॉन ऑफिशियल स्टाफ' की सूची, क्या जाएगी नौकरी?

नई दिल्ली, 15 फरवरी (एजेंसियां)। दिल्ली के मुख्य सचिव ने सरकार के अधीन आने वाले सभी विभागों को इस एक नोटिस जारी किया है। नोटिस के जरिए मुख्य सचिव ने सभी विभागीय प्रमुखों से कहा है कि उनके यहां जितने भी नॉन ऑफिशियल स्टाफ हैं, उनकी लिस्ट बनाई जाए और उस लिस्ट को जल्द उन्हें सौंपी जाए। दरअसल, आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल सरकार में अलग-अलग विभागों में कई तरह के नॉन ऑफिशियल स्टाफ की नियुक्ति हुई थी। यह नोटिस उन्हीं कर्मचारियों को लेकर मुख्य सचिव ने जारी किया है। सूत्रों के मुताबिक नई सरकार के बनने के साथ ही, दिल्ली सरकार में कार्यरत इन लोगों पर गाज गिरे। सूत्रों की मानें तो नॉन ऑफिशियल स्टाफ नौकरी से हटाया भी जा सकता है। किसी सरकारी व्यवस्था में नॉन ऑफिशियल स्टाफ का मतलब होता है गैर-आधिकारिक कर्मचारी। नॉन ऑफिशियल स्टाफ उन लोगों को कहा जाता है

# शिक्षा सुनहरे द्वार खोलने की कुंजी है



अतुल कुमार

विद्यार्थी परीक्षाओं की तैयारी में जुटे हैं . केवल पास होना ही उनका उद्देश्य नहीं है बल्कि एक्साम्स में अधिक से अधिक पर्सेंटेज पाना उनका लक्ष्य हो गया है . पेरेंट्स का भी नज़रिया इसी दिशा में बन गया है . स्टूडेंट्स पर मानसिक दबाव इस कदर बड चुका है कि इसको सुधारने के लिये योग और परीक्षा से तनाव मुक्ति के लेक्चर्स आयोजित हो रहे हैं . बच्चों की याददाश्त बढाने कि औषधियां बन और बिक रही हैं एजुकेशन सिस्टम में जब से पर्सेंटेज की होड को तवोज्ज दी गयी तब से यह समस्या खडी हुई इसको व्यावसायिक शिक्षण केंद्रों ने अपने मोटे मुनाफे के लिये बेतहाशा बढावा दिया . जिससे यह अंकों और पर्सेंटेज की चूहा दौड बनी और स्टूडेंट्स के लिये यह मगजमारी बनी . दरअसल आज शिक्षा प्रणाली 4 टायर सिस्टम बन गयी है .पहले पेरेंट्स की उम्मीदें , दूसरे स्कूल – कालेज तीसरे कोचिंग या ट्यूशन क्लासेस और चौथे आन लाइन पढाई जिसमें तकनीकी सुविधाएं शामिल हैं .

इन सबने विकसित होते स्टूडेंट्स को दबाव में ला कंफ्यूस किया .जिससे उनकी नैचुरल ग्रोथ प्रभावित हुई है . जब से शिक्षा के साथ व्यापारिकदृष्टिकोण ने हाथ मिलाया तब से यह ग़डबड झाला और बढा . किताबी ज्ञान और व्यावहारिक ज्ञान के बीच बडा अंतर है लेकिन डिग्री को व्यक्तित्व का मानदंड बना शिक्षा को सीमित दायरे में समेट जाब ओरियेंटेड बनाने के दावे किये गये जो असलियत से दूर है इससे जिसको जो जाब मिल रहा है वह कर रहा है इससे सबजेक्ट्स की विशेषज्ञता आहत हो रही है .

इस परिदृश्य के बीच पिछले दिनों शिक्षा के सबसे महान प्रखर एजुकेटर स्वामी विकेकानंद के बारे में हर्षित करने वाला समाचार पढने मिला . विश्व धर्म संसद को संबोधित करने के लिये शिकागो जाने के पूर्व 13 फरवरी 1893 को वह महबूब कालेज हैदराबाद में पधारे थे . इस ऐतिहासिक प्रसंग को कालेज द्वारा सोल्लास मनाने की घोषणा की गयी. हैदराबाद शुरु से शिक्षा , आधुनिक तकनीक , और लर्निंग का , प्रमुख केंद्र रहा इसलिये यह देश का आई टी कैपिटल , एजुकेशन , हेल्थ , और फार्मा का हब है . देश की पहली स्किल यूनिवर्सिटी भी यहां स्थापित हो रही है . ध्यान रहे ! करोना महामारी के दौरान लोग जब इससे सुरक्षा व रोकथाम के लिये सहमे थे तब देश की पहली वैक्सीन बना इसने दुनिया को चकित कर राहत दी .

स्वामी विवेकानंद ने कहा कि शिक्षा का अर्थ लोगों को खुद पर भरोसा रखने और अपनी पूरी क्षमता तक पहुंचने के लिये प्रोत्साहन देना है .जीवन का उद्देश्य समाज और दूसरों की निस्वार्थ सेवा है .लोगों को अपनी ताकत पर ध्यान केंद्रित करने और चुनौतिपूर्ण परिस्थितियों में भी पाज़िटिव नज़रिया रखने के लिये प्रोत्साहित करना है . शिक्षा को सुलभ होना चाहिये जिससे



पर्सनालिटी का विकास हो इसके लिये कडी मेहनत और अनुशासित रहने की सीख दी . ज़िंदगी में लक्ष्य निर्धारित कर उनको अथक प्रयास करने के लिये इंकरेज किया , निडर और दयालु बनने की शिक्षा दी जिससे कि व्यक्तित्व में सेवा , संस्कार , सहृदयता और सहिष्णुता का भाव बडे .स्वामी विवेकानंद के अनुसार करुणा खुशी और आध्यात्मिक विकास की कुंजी है .उनकी शिक्षाओं का प्रमुख पहलू आत्म साक्षात्कार और व्यक्ति में बसी क्षमताओं की खोज करना है उनका आदर्श वाक्य " उठो ,जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए " आज भी असंख्य लोगों को प्रेरित करता है .आत्मविश्वास ,आत्मानुशासन और आत्मानुभूति पर बल दिया .उनके आदर्श वाक्य का भाव मौजूदा शिक्षा प्रणाली में दिखायी नहीं देता .

प्रसंगानुसार एक बार कुछ बालक स्वामी विवेकानंद से शिक्षा पर बातें कर रहे थे उनसे उन्होंने कहा क्या तुम में से कोई बता सकता है कि शिक्षा क्या होती है ? एक विद्यार्थी ने कहा स्वामी जी विद्या ग्रहण करना ही शिक्षा कहलाती है फिर उन्होंने पूछा शिक्षा का क्या उद्देश्य है ? इस पर सभी कि राय अलग अलग थी सबको सुनने के बाद स्वामी जी ने कहा बालकों शिक्षा वह है जिससे मनुष्य की शक्तियों का विकास हो यह शब्दों और वाक्यों को रटना मात्र नहीं है . यह व्यक्ति की मानसिक शक्तियों का ऐसा विकास है जिससे वह आज़ादी से कुछ तय कर सके तभी एक विद्यार्थी ने कहा कि स्वामी जी शिक्षा से हम नई नई बातें तो सीखते हैं यह सुन उन्होंने कहा तुम्हारी बात ठीक है बालक लेकिन नई जानकारी का अर्थ यह नहीं कि उसमें अधकचरी और ऐसी बातें हों जिसे तुम पचा ही न पाओ .शिक्षा जीवन निर्माण करती है , चरित्र सुगठित करती है .नये विचारों को जन्म देती है दुर्भावनाओं पर नियंत्रण कर विपरीत परिस्थितियों से जूझते हुए भी जो उसे विजय की ओर अग्रसर करे जिससे केवल अपना और अपने परिवार का नहीं बल्कि पूरे देश और समाज का कल्याण हो .

वर्तमान शिक्षा पद्धति बौद्धिक धरातल तक ही सीमित है . यह जीवन का सर्वांगीण विकास करने में असमर्थ है . स्वामी विवेकानंद के शिक्षा दर्शन से सार्थक समाधान सामने आते है जो व्यक्ति को समूचे विकास की राह बताते है . कहा भी कि " तुम्हें कोई पढा नहीं सकता ,कोई आध्यात्मिक नहीं बना सकता तुमको सब कुछ अंदर से सीखना होगा , याद रखो आत्मा से अच्छा कोई शिक्षक नहीं है .जब तक जीना तब तक सीखना अनुभव ही जगत में सर्वश्रेष्ठ शिक्षक है हम जो बोते हैं वह काटते हैं स्वयं अपने भाग्य के निर्माता बनो .शिक्षा ऐसी हो जिससे मन की शक्ति ,बुद्धि का विकास हो और मनुष्य अपने पैरों पर खडा हो सके .हर काम को तीन अवस्थाओं से गुज़रना होता है उपहास ,विरोध और स्वीकृति सबका संयमित हो सामना करो दुनिया एक महान व्यायामशाला है जहां हम खुद को मज़बूत बनाने के लिये आते हैं दिमाग की शक्तियां सूर्य की किरणों के समान हैं जब वह केंद्रित होती हैं तो चमक उठती हैं .जैसा तुम सोचते हो ऐसे ही बन जाओगे खुद को कमज़ोर मानोगे कमज़ोर और सबल मानोगे तो सबल ही बनोगे .ध्यान रखो ! बाहरी स्वभाव केवल अंदरूनी स्वभाव का बडा रूप होता है . एक विचार लो उस विचार को अपना जीवन बना लो उसके बारे में सोचो उसके सपने देखो उस विचार को जियो ,ऐसा करते समय अपनी पूरी आत्मा उसमें डाल दो और बाकी सब कुछ भूल जाओ .

दिल और दिमाग का टकराव हो तो दिल की सुनो .जो अग्नि हमें गर्मी देती है हमें नष्ट भी कर सकती है यह अग्नि का दोष नहीं है . इच्छा का समुद्र हमेशा अतृप्त रहता है उसकी मांगें ज्यों ज्यों पूरी की जाती हैं ,त्यों त्यों और गर्जन करता है . अगर धन दूसरों की भलाई करने में मदद करे ,तो इसका कुछ मूल्य है अन्यथा ये बुराई का एक ढेर है और इससे जितना जल्दी छुटकारा मिले उतना बेहतर है . याद रखो ! ब्रह्मांड की सारी शक्तियां पहले से ही हमारी हैं .यह हमीं हैं जिन्होंने अपनी आंखों पर हाथ रख लिया है और रो रहे हैं कि अंधेरा है . दिन में एक बार खुद से बात करो ,अन्यथा आप इस दुनिया में एक बुद्धिमान व्यक्ति से मिलने से चूक जाओगे इत्यादि .

स्वामी विवेकानंद की शिक्षाएं जीवनोद्धार के उन द्वारों को खोलती हैं जो अकल्पनीय हैं क्यों कि उनका वास अंतर्मन में है ईश्वर ने इस शरीर के भीतर सब कुछ रखा जिसे सिर्फ एक ड्रीम समझा गया . क्या उस शिक्षा को पाना नहीं है ? सोचिये ! महान विचारक स्वामी विवेकानंद की टीचिंग्स ने कितना बडा उपकार मानव हित के लिये किया . किसी ने खूब कहा " रौशनी बन कर आये जो हमारी ज़िंदगी में ऐसे गुरुओं को प्रणाम करता हूं / ज़मीन से आसमान तक पहुंचाने का रखते हैं जो हुनर ऐसे महान टीचर को दिल से नमन करता हूं।

# काव्य कुंज

## तुम कितनी थी करीब...!



संजय एम. तराणेकर, इंदौर

कल तक तुम कितनी थी करीब,
जमाना कह रहा था मुझे गरीब।
तुम्हें पा खुश हुआ जा रहा था,
खुशियों की सौगात ले रहा था।
बह रहा हूँ तेरी अदाओं के साये,
अभी मैंने क्या-क्या जख्म खाये।
कल तक तुम कितनी थी करीब,
जमाना कह रहा था मुझे गरीब।
यारों दुनिया तो शरीफों की थी,
मगर जख्म देते दरिंदों की थी।
मुझे गर इसका पूर्वाभास होता,
तेरी गली से दिल में न जाता।
कल तक तुम कितनी थी करीब,
जमाना कह रहा था मुझे गरीब।
बस इतना ही साथ क्यों दिया,
माना नहीं बन सका तेरा पिया।
रिया इतनी है जालिम मोहब्बत,
काश! ये आभास और सोहबत!
अब ये दिल तोड़ने की तोहमत।

## पुष्पित हुआ पलाश



डॉ टी महादेव राव

बसंत पर यौवन छाया
पुष्पित हुआ पलाश
सोंधी सोंधी पवन संग
मुदित हुआ आकाश
निर्मल शीतल प्रभात पर पग पग बहे सुगंध
हर सुमन पर भ्रमर जाये और पिये मकरन्द
मानव मन में किंशुक से उदित हुआ उल्लास
बसंत पर यौवन छाया पुष्पित हुआ पलाश
अमुवा की छांव में कोयल की मधुर तान
दिग दिगंत प्रेम फैलाये कामदेव के बाण
हरीतिमा संग पेड़ों में मुखरित हुआ सुवास
बसंत पर यौवन छाया पुष्पित हुआ पलाश
पलाश के पुष्पित सुमन ज्यों नारी सकुचाये
लज्जा की लाली गालों पर लिए शीश झुकाए
टेसू के इस प्रतीक से गर्वित हुआ उजास
बसंत पर यौवन छाया पुष्पित हुआ पलाश।।

## गीत गान की गाथा



गीता अग्रवाल
हैदराबाद

अथाह सागर भी गाएं महिमा ,
गीत गान की गाथा।
थल,नभ पर भी जीवों की,
अद्भुत गान की भाषा।।
सागर की गहराइयों में,
कल कल जीवन बहता है,
जब प्यासी धरती जल मांगे,मेघ बरसता रहता है,
आसमान में मेघों का हवाओं से प्रेम उमड़े रहता है,
सबकी अपनी-अपनी ध्वनि, मौन कोई नहीं रहता है,
दरिया का सागर से संगम,गान सौंदर्य की परिभाषा।
अथाह सागर भी गाएं महिमा , गीत गान की गाथा।
थल,नभ पर भी जीवों की, अद्भुत गान की भाषा।।
भास्कर स्वर्णिम किरणों में, होता समता का संदेश,
जीवन के अनमोल क्षणों को मिलता स्फूर्ति भरा परिवेश,
प्रकृति प्रदत्त मधुरम रागें, रखें किसी से न कोई द्वेष
अनगिनत गान धरा पर महके,करे स्वयं का अभिषेक,
कर्ण प्रिय बांसुरी कान्हा की, हर किसी की अभिलाषा।
अथाह सागर भी गाएं महिमा , गीत गान की गाथा।
थल,नभ पर भी जीवों की, अद्भुत गान की भाषा।।

## सुहागन



गजानन पाण्डेय

परिणय - सूत्र में बंधकर
वह ' सुहागन ' कहलाती है ।
दिल में अरमान लिए
वह मायके से ससुराल आती है।
नये रिश्तों से जुड़कर
वह गृहणी कहलाती है ।
सास - बहू के रिश्ते में
उस पर नई जिम्मेदारी आती है ।
संतान के जन्म के बाद
वह ' मां ' कहलाती है ।
कई हिस्सों में बंटकर भी
अपेक्षाएं कब कम हो पाती है ?

## महाकुंभ की महानता



जे गंगाधर 'गंध'
हैदराबाद

इस सदी का महाकुंभ,
अद्भुत और अद्वितीय है,
महाकुंभ की महानता
भारत की है विशेषता।
ना जात-पात, ना प्रांत भेद,
ना देश-विदेश, भाषा विभेद।
ना ऊँच-नीच, ना धनी ना गरीब,
ना अपना-पराया एक रहें सब।
गंगा की धारा जहाँ गंगा धरा,
गंगा की पावनता मन में धरा।
निकल पडे जुट पडे जुड पड़े
विरोधी चाहे कितना भी अडे।
मोटरगाड़ी, बस-रेल पैदल ही सही,
चलते-चलें, एक डुबकी लगाने वहीं।
कोई थका, हारा, विवश होकर पहुंचा,
तो कोई भक्ति-आस्था के साथ पहुंचा,
कोटी कीटी जन मानस का संगम यह,
आर्थिक विकास का दृश्य विहंगम यह,
दतौन की काडी बेच हजारों कमाया यहाँ,
वाहन-चालक आदि कारीगर लाखों जुटाए यहाँ,
सच मानो प्रयाग यात्रा कर कई तर गए,
तो कई यात्रा में सहयोग कर मालामाल हुए।
कौन हिन्दू, कौन मुस्लिम और कौन कौम,
सब के सब प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष इससे जुड़े मौन।
कितनों को सहारा दे रही है मेरी गंगा,
कितनों का पेट ही नहीं जेब भरी है गंगा,
गंगा तो गंगा है, जीवन दायिनी गंगा,
भारत, भारतीयों की भारतीयता है गंगा।
जय जय गंगे, हर हर गंगे, मानों तो चंगे,
एकबार डूबकर उभर जाएँ लेकर उमंगे।

## आया बसंत



डॉ.प्रतिमा सिंह
हैदराबाद

छँटा कोहरा मिट गया धुँध
शीत ऋतु कहीं गया छुप
हँसता खिलता आया बसंत
शुभ्र नीलाभ व्योम खिल उठा
तारक गण चम- चम चमक उठे
आया बसंत आया बसंत
विदा हो गए तरु से पीले पत्र
नवीन किसलय भर गए पेड़ों पर
आया बसंत आया बसंत
बौराई अमिया की डाली
महके शहतूत झूमे चंपा
चंचल समीर उलझे डालों से
प्रकृति में आई नई तरंग
आया बसंत आया बसंत
पीले - पीले सरसों फूले
नीले -नीले तीसी झूले
कोयलों की कूक से बगिया गूँजे
ठंडी बयार के झोंके कानों में आकर बोले
उठो जागो हो गई भोर
स्वर्ण कलश ले उषा प्रकट हुई
नमन करतीं कलियाँ मुख मोड़
आया बसंत छाया उमंग
आया बसंत आया बसंत

## अफवाहों का दौर...



डॉ डी डी देसाई

यह अफवाहों का दौर हैं जनाब...
भरोसा पैरों तले कुचला जाएगा।
उड़ती उड़ती झूठी खबर..
बेकाबू...चिंगारी सी,
एक फनगी से दूसरे कुनबे तक,
जलाकर राख कर देती हैं।
घास मिट्टी की दीवारें...
लकड़ी की छत...
ख़स की टट्टियाँ...
और रिश्ते भी खाक में मील जाते हैं।
यह अफवाहों का दौर हैं जनाब...
पराये तो फिर भी ठीक हैं....
अपने भी ढह जाते हैं...।
बरसात में भूस्खलन की तरह,
आँखों से अश्क़ की तरह...
न रोक पाओगे.. न समेट पाओगे...
बस बिखरे रहोगे जिंदगी भर।
यह अफवाहों का दौर हैं जनाब...
जिन पर नाज़ था उम्र भर...
अपनी अटूट मोहब्बत पर...
पल भर में खोखली हो जाती हैं।
मरणासन्न मरीज सी पोपली हो जाती हैं।
रिश्तों की आर्थियाँ उठ जाती हैं...।
यह अफवाहों का दौर हैं जनाब...
न इसकी कोई दवा हैं न ही इलाज।
बस एक ही अंजाम–ए–हश्र हैं....
अफवाह में उलझी जिंदगी...
जीते जी मर जाना हैं...
या मिट्टी में मील जाना हैं....।

## जिन्दगी



शुभ्रस्मिता बुधिआ
(ओड़िशा )

कभी हंसाती है, तो कभी रुलाती है?,
तोड़कर भी जोड़ने का हौसला भरती जिन्दगी ।
बहारें खुशियों की ,फूल चीखें भी दर्द भरी,
फूल और कांटों, सी है जिन्दगी।
बहुत कुछ कह जाती है,
नए पुराने अफसानों सी है जिन्दगी ।
उलझनों में उलझते रह जाते हैं हम,
तो कभी मानों पहेली सी है जिन्दगी ।
कई रूपों से मिलाती है,
अपनों से भी बिछड़ती है जिन्दगी।
कभी रोकती है कदम उठाने पर
तो कभी मजबुर भी करती है जिन्दगी।
कभी दोस्त की तरह समझती ,
तो कभी माँ की तरह समझाती जिन्दगी ।
कभी एकांत, तो कभी भीड़ में खोये
मानों वीरानी सी है जिन्दगी ।
जाते जाते रास्तों में कभी रुक सी जाती है,
तो कभी बढ़ती है हौसलों से मरी जिन्दगी ।
हराती है, कभी जिताती है,
मानों बाजी सी है जिन्दगी।
रुबरू कराती है दो पहलु जीवन के ,
कभी सुख तो कभी दु:ख है जिन्दगी ।
बाँटती साथी बनके कभी,
दर्द-ए-गम बनी जिन्दगी ।

## पर्यावरण



रेणुका अग्रवाल
हैदराबाद

पृथ्वी का न लूटो सिंगार है।
पेड़ों से ही टिका संसार है।
घर सुंदर बनाने की खातिर,
पृथ्वी पर करते अत्याचार है।
हमारी धरती सबकी माता है।
मानव चमन में क्यों जाता है।
वहां घने पेड़ और तालाब है।
वहां जा तरोताजा हो आता है।
ये पेड़ पौधों का चमत्कार है।
प्राणवायु मिलती बेशुमार है।
जो रोज रोज पेड़ काटते है,
उन राक्षसों को धिक्कार है।
सुंदर फर्नीचर से घर सजाते।
पृथ्वी को बदसूरत बनाते।
पृथ्वी जब रेगिस्तान बन जाती,
क्या तुम उस पर हल चलाते।
न बारिश होगी न फसल उगेगी।
मानव तब तू क्या खाएगा।
ओजोन परत में छेद बड़ा है,
चलते चलते जल जाएगा।
पानी से जब बिजली बनती ,
बिजली से कूलर एसी चलते।
दो चार पेड़ लगाए आंगन में,
गर्मी से फिर क्यों झुलसते।
पीपल बड़ जाम जामुन आम,
इन पेड़ों से आंगन सजाओ।
सड़क किनारे पलाश नीम लगाकर,
घर बैठे फल फूल प्राणवायु पाओ।
अर्जुन और अगस्त्य का पेड़।
आंवला और सागवान का पेड़।
शीशम और बबूल का पेड़।
सड़क कीनारे नागचम्पा पेड़।
सारे पेड़ फल फूल ठंडक देते।
हम देखे तो मन को हर लेते।
देखो इन पेड़ों को उगाकर।
सब बेहिसाब आनंद है लेते।

## मैं प्रयागराज का महाकुंभ



कुमुद बाला,
हैदराबाद

कई सदियों के तूफ़ानों को तय कर ,
प्रयागराज मैं आया हूँ
एक सौ चौवालिस वर्ष उपरांत ,
सैलाब आस्था का लाया हूँ
यहाँ हर बूँद-बूँद अमृत रसधार
और संगम पावन त्रिवेणी है
भाषा-भूषा और जनमानस के,
महासमुद्र का कुंभ लाया हूँ
मैं जनमानस का महाकुंभ ।।
मैं प्रयागराज का महाकुंभ ।।
अघोर - अघोरी की मिलन धरा , यहाँ अनुभूति का नर्तन है
विभिन्न अखाड़े,विभिन्न संप्रदाय,यहाँ सृष्टि-दृष्टि का दर्पण है
ले परंपराओं की धर्मध्वजा , ये साधु , संस्कृति के वाहक हैं
भारत भूमि के सनातनी , शव- शैव - शमशान के साधक हैं
साधु - संतों के जमावड़े का नगरी में , लाभ उठाने आया हूँ
भाषा-भूषा और जनमानस के , महासमुद्र का कुंभ लाया हूँ
अखाड़ों की सनातनी परंपरा , ये धर्मध्वजा के रखवारे
स्नान-ध्यान-जप-तप-मौली , ये तो हैं वाकसिद्धि के मतवारे
विश्वकल्याण की साधना में लीन , ये साधु महान तपस्वी हैं
आओ मानुष सुनो आशीर्वचन , ये देश के महायशस्वी हैं
उभर विश्वपटल परबन विश्वगुरू वह जागृति-जागरण लाया हूँ
भाषा - भूषा और जनमानस के , महासमुद्र का कुंभ लाया हूँ
मानव के पाप - पुण्य का लेखाजोखा , महाकाल रखते हैं
कुंभस्नान का महत्व गहरा , देवी - देवता भू पे उतरते हैं
नासिक -उज्जैन, काशी-हरिद्वार , हर जगह बहु प्रतिष्ठित
पर प्रयागराज,तीर्थों का राज यहाँ अमृतकलश छलकते हैं
चख ले अमृतबूँद रे मानव ,ब्रम्हांड का यही संदेश लाया हूँ
भाषा-भूषा और जनमानस के,महासमुद्र का कुंभ लाया हूँ
अजर - अमर त्रिवेणी का तीर्थ यह , ब्रम्हज्ञान दोहराता है
विश्वधरा के विश्वपटल पर , जनकल्याणार्थ दीप जलाता है
बन राम कभी , वह कभी कन्हैया , धर्मध्वजा फहराता है
तीरथ तट के कण -कण में , मानवता का प्रकाश जगाता है
क्यों पाप की गठरी सिर पे उठाये ,मैं अमृत लेकर आया हूँ
भाषा-भूषा और जनमानस के,महासमुद्र का कुंभ लाया हूँ

## ऐ रूह प्यार दी ...



दर्शन सिंह
हैदराबाद

दिल को संभालना
अच्छी तरह आता है तुम्हें
हम तो मौसम की कशिश भी
देखकर रो पड़ते हैं
इश्क करके भी
तू बेदर्द रहा
हम तो सुन कर फसाने भी
बेमौत मर जाते हैं
कहां तक चलता
राहें कंकरीली, पथरीली, अंधियारी हैं
ऐ रूह प्यार दी प्यासी ए
जे मेहर होवे, केडी गल दी उदासी ए
अपनी आंखों से उसकी
आंखों को मिलाता रह गया
दोस्त बनकर दिल का जताता रह गया
यूं ही ख्वाबों में टहलता रह गया
आँखें खोली, श्वासें भारी हैं
ऐ रूह प्यार दी...
मुददतों से जाग रहे थे ख्वाब
थक कर सो गए
हौसला जब तक उठा
सब रास्ते गुम हो गए
स्तब्ध दुश्वारियां, पहेलियां हैं
जब तक समझता
लटकी तलवार गर्दन पर दोधारी है
ऐ रूह प्यार दी...

## एक रणभेरी क्रांति की



डॉ शोभा भंडारी
हैदराबाद

थक चुकी है वो अत्याचार सह- सह के,
थक गई है वो विरोध कर-कर के।
हो चुकी व्यभिचार की अब तो अति!
कब होगी दुष्कर्मों की परिणति?
सदियों से,प्रभु होती आई,
नारी की दुर्दांत दुर्दशा!
हुई सतयुग में सीता अग्निपरीक्षा,
हर पल अंगारों की सजी चिता!
हुआ द्वापर में द्रौपदी चीर-हरण,
क्षण क्षण बिकती रही अस्मिता!
कब तक पक्षपात का रहेगा चलन?
कब न्याय मिलेगा नारी को?
कब बनेगी समुचित सम्मान की,
सच्ची श्रद्धा की अधिकारी वो?
हे तात,अब तो अवतरित हो जाओ,
नव जागरण,नव क्रांति लाओ!
सद्बुद्धि दो, सन्मार्ग दिखाओ,
पापी, दुराचारी, अपराधी को!
नारी की तिल-तिल जलने की नियति पर,
हे पार्थ, अब तो विराम लगाओ!
हे परमेश्वर,नव जागृति की,
रणभेरी का उद्घोष कराओ,
नयी क्रांति और नवयुग की,
नयी दिशा दिखाओ,नयी अलख जगाओ।।।।

## झोपड़ी



हेमंत सुराना,
उदयपुर

माना कि यह शीश महल नहीं,
मेरे लिए महल से कम नहीं
कच्ची मिट्टी का घरौंदा नहीं,
दिखावट यहाँ बसती नहीं
विचारों से अमीर है,
इरादों से पक्के हैं
सुकून से यहाँ सोते हैं,
हाँ हम झोपड़ी में रहते हैं
दिया जलाकर रहते हैं,
चांद से बातें करते हैं
जर्रे जर्रे में भगवान बसते हैं,
अपने घर में रहते हैं
महलों की तन्हाई से बेहतर,
भागम भाग, होड़ से बेहतर
कीमत नही आंक सकते हैं,
झोपड़ी में राज करते हैं
कचरा बिनते, पत्थर तोड़ते ,
इंसानों का बोझ हे ढ़ोते
इस तरह अपना पेट भरते,
धन से बेशक गरीब हो सकते
शीश महल का नहीं ये घर ,
घास मिट्टी से बना ये घर
ह्रदय की विशालता का घर,
मन की उदारता का घर ।

## गीतिका



-बलविंदर सिंह,
गुरदासपुर

सौंदर्य का प्रभुत्व प्यारा।
जग से न्यारा देश हमारा।
अभिवादन करता अरूणोदय।
दरिया पर्वतों में ज्ञानोदय।
धरती नो अतिरूप सँवारा।
जग से न्यारा देश हमारा।
जन्नत जैसी दृश्यानलियां।
रिश्तों में है खुशबू कलियां।
अविभाज्य है मौसम सारा।
जग से न्यारा देश हमारा।
विभिन्न रंगों के इन्द्र धनूष।
रिश्तों को संग्रह है मनुष्य।
अनिवर्चनीय आंनद उतारा।
जग से न्यारा देश हमारा।
बालम यह है वैकुण्ड मनोहर।
देवालय, जाहनवी सरोवर।
उत्सव की है भूमि सारा,
जग से न्यारा देश हमारा।

स्वतंत्र वार्ता
काव्य कुंज ब्लॉग
AGA, Publications, Ltd,
396, Lower Tankbund,
Hyderabad-500080

# एफ-35 फाइटर जेट: पूरी करेगा भारत की जरूरतें

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अमेरिका दौरे पर एक अहम घोषणा की है। पीएम मोदी के साथ एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा, 'इस साल से हम भारत को अरबों डॉलर के सैन्य उपकरण बेचने जा रहे हैं। हम भारत को भविष्य में एफ-35 लड़ाकू विमान देने की दिशा में भी कदम बढ़ा रहे हैं।' माना जा रहा है कि ट्रंप प्रशासन अब भारत को एफ-35 लड़ाकू विमान देने का रास्ता भी साफ कर रहा है। एफ-35 फाइटर जेट है क्या? इसकी क्या खूबियां हैं? इसमें कमियां कितनी हैं? इसके अलावा अभी किन-किन देशों की वायुसेनाएं इस फाइटर जेट का इस्तेमाल कर रही हैं? इसका रखरखाव और कीमत कितनी होगी? भारत को इसके जरिए कौन से हथियार मिल सकते हैं?




**एफ-35 फाइटर जेट की खासियत क्या-क्या हैं?**

स्टेल्थ तकनीकः एफ-35 लड़ाकू विमान अपनी आवाज से तेज गति की वजह से दुश्मन के रडार में आसानी से पकड़ में नहीं आता। दरअसल, स्टेल्थ विमान होने की वजह से इसकी रफ्तार 1.6 मैक (करीब 1930 किमी/घंटे तक पहुंच जाती है। इस रफ्तार में कई आधुनिक रडार भी विमान का पता नहीं लगा पातीं।

आधुनिक सेंसरः एफ-35 बनाने वाली कंपनी लॉकहीड मार्टिन ने अपने इस लड़ाकू विमान में आधुनिक सेंसर इस्तेमाल किए हैं। इसके चलते यह फाइटर जेट अपने ऊपर किए जाने वाले हमलों को लगभग तुरंत पहचान कर पलटवार की क्षमता रखता है।

नेटवर्क आधारित युद्धकः एफ-35 का नेटवर्क सिस्टम इसके नियंत्रण से जुड़ी हर जानकारी जमीन आधारित संपर्क केंद्र में पहुंचती है। इसके अलावा यह विमान अभियान के दौरान ही जरूरी जानकारियां करीब के लड़ाकू विमानों तक भी पहुंचा सकता है।

हथियार प्रणालीः एफ-35 में अमेरिका की कुछ सबसे घातक एयर-टू-एयर मिसाइलें और एयर-टू-ग्राउंड बम लगाए गए हैं। इसके अलावा जेट में एक 25 मिमी की क्षमता वाली आर्टिलरी का भी इस्तेमाल किया गया है। एफ-35ए को परमाणु बम ले जाने की मंजूरी भी दी जा चुकी है।

हेलमेट पर लगा डिस्प्ले सिस्टमः एफ-35 का सबसे खतरनाक पहलू है इसके पायलट को मिलने वाला हेलमेट सिस्टम, जो कि अपने आप में एक कंप्यूटर है। किसी भी अभियान के दौरान पायलट को लड़ाकू विमान के डैशबोर्ड में नहीं देखना पड़ता। बल्कि उन्हें मिलने वाले हेलमेट में ही आसपास का 360 डिग्री व्यू और नियंत्रण पैनल अपने आप मौजूद रहता है। इसके अलावा इस हेलमेट के जरिए पायलट नाइट विजन का इस्तेमाल कर सकते हैं, जिससे रात में चलने वाले अभियान आसान हो जाते हैं।

**एफ-35, अभी कितने संस्करण मौजूद?**

1980-90 के दौर में पहली बार अमेरिका ने पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमानों की जरूरत को समझते हुए जॉइंट स्ट्राइक फाइटर (जेएसएफ) कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके तहत रिसर्च एंड डेवलपमेंट कार्यक्रम शुरू किए गए और करीब 20 साल बाद अमेरिका को पहली बार जमीन पर एफ-35 पाइटर जेट मिला।

अमेरिकी वायुसेना ने एफ-35 के पहले वर्जन को 2006 में पहली बार उड़ाया था। इसके बाद एफ-35 का अगला संस्करण एफ-35बी स्टेल्थ जेट सबसे पहले अमेरिकी मरीन कोर को सौंपा गया और अमेरिकी सेना में औपचारिक तौर पर इसकी सेवाएं शुरू हुईं। एफ-35 का अगला वर्जन एफ-35ए अगस्त 2016 में अमेरिकी वायुसेना को सौंपा गया। इसमें एफ-35बी के मुकाबले कुछ अहम बदलाव किए गए थे। वहीं, अमेरिकी नौसेना को फरवरी 2019 में एफ-35सी दिया गया। इन तीनों वर्जन को थलसेना, वायुसेना और नौसेना के अभियानों के हिसाब से अलग-अलग तैयार किया गया।

**अभी किन देशों के पास मौजूद है एफ-35?**

एफ-35 जब पहली बार अमेरिकी सेना में शामिल हुआ, तब इसे दुनिया का सबसे आधुनिक फाइटर जेट कहा जाने लगा। अमेरिकी सरकार ने भी लॉकहीड मार्टिन का समर्थन करते हुए कई पश्चिमी देशों को इसे खरीदने के लिए तैयार कर लिया। शुरुआत में अमेरिका ने एफ-35 कार्यक्रम के लिए 9 देशों को साझेदार बनाया। इन देशों को एफ-35 सबसे पहले मुहैया कराया गया।

**कई हादसों का शिकार भी हुआ है एफ-35**

एफ-35 लड़ाकू विमान अब तक कई बार हादसों का शिकार हो चुके हैं। अमेरिकी मीडिया समूहों पर उपलब्ध जानकारी के मुताबिक, 2014 से लेकर अब तक एफ-35 लड़ाकू विमान के अलग-अलग संस्करण 15 बड़ी दुर्घटनाओं के शिकार हो चुके हैं। यानी **11 वर्षों में 15 हादसे।**

अमेरिकी एफ-35 लड़ाकू विमानों के साथ हुई इन बड़ी घटनाओं के अलावा अन्य देशों को दिए गए एफ-35 भी हादसे का शिकार हो चुके हैं। इनमें ब्रिटेन, जापान, नॉर्वे और इटली में इस फाइटर जेट को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। हालांकि, इनमें से अधिकतर हादसे इंजन की खराबी या सॉफ्टवेयर में गड़बड़ी की वजह से हुए। इतना ही नहीं कई बार पायलट की गलती और तकनीकी खराबी की वजह से भी एफ-35 दुर्घटनाओं का शिकार हुए हैं।

**क्या है एफ-35 लड़ाकू विमान की कीमत?**

एफ-35 लड़ाकू विमानों को खरीदने की राह में सबसे बड़ा रोड़ा है इनकी कीमत। दरअसल, एफ-35 लाइटनिंग स्ट्राइक-II के तीनों वर्जन बेहद महंगे हैं। जहां एफ-35ए को वायुसेना के लिए डिजाइन किया गया है, वहीं एफ-35बी थलसेना की मदद के लिए है। वहीं एफ-35सी नौसेना के लिए बनाया गया है।

एफ-35ए : पारंपरिक टेकऑफ और लैंडिंग (सीटीओएल) संस्करण। मुख्य रूप से अमेरिकी वायुसेना और सहयोगी देशों के लिए।

एफ-35बी : शॉर्ट टेकऑफ/वर्टिकल लैंडिंग (स्टोवल) संस्करण, अमेरिकी मरीन कोर के लिए। जो छोटे एयरस्ट्रिप से उड़ान भरने में सक्षम।

एफ-35सी : एयरक्राफ्ट कैरियर आधारित (कैटोबार) संस्करण, जिसे अमेरिकी नौसेना के विमान वाहक पोतों से संचालन के लिए डिजाइन किया गया।

लॉकहीड मार्टिन ने इन तीनों वर्जन की कीमतें भी अलग-अलग रखी हैं। जहां एफ-35ए सबसे कम 8 करोड़ डॉलर में खरीदा जा सकता है, तो वहीं एफ-35बी की कीमत करीब 10 करोड़ डॉलर रखी गई है। वहीं, एफ-35सी 9-10 करोड़ डॉलर में बेचा जाता है। हालांकि, एफ-35 की कीमतें सिर्फ इन्हें खरीदे जाने तक सीमित नहीं हैं। इनमें इस्तेमाल होने वाले हथियारों के लिए लॉकहीड मार्टिन अलग से ऑर्डर लेता है। साथ ही इनकी उड़ान के भी अलग-अलग खर्च हैं। अमेरिका के सरकारी जवाबदेही कार्यालय (गाओ) की एक रिपोर्ट के मुताबिक, एफ-35 को एक घंटे उड़ाने में 40 हजार डॉलर (करीब 32-36 लाख रुपये) का खर्च आता है।

**एफ-35 की आपूर्ति ही पूरी नहीं कर पा रहा अमेरिका**

लॉकहीड मार्टिन के एफ-35 को अलग-अलग देशों को बेचे जाने की रफ्तार तो काफी तेज रही है, लेकिन कंपनी ऑर्डर के मुताबिक, इनकी आपूर्ति तक पूरी नहीं कर पा रही। गाओ की रिपोर्ट में ही कहा गया है कि पिछले पांच वर्षों में एफ-35 लड़ाकू विमानों की उपलब्धता में जबरदस्त गिरावट आई है। इसके तीनों ही वर्जन में से कोई भी अपने निर्धारित उपलब्धता लक्ष्यों को पूरा नहीं कर सका है। लॉकहीड मार्टिन ने ऑर्डर मिलने के बाद कम समय में 80 फीसदी विमान उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा था। हालांकि, कंपनी अभी 50-60% उपलब्धता पर काम कर रही है।

**अमेरिका में करीब 50% एफ-35 ही ऑपरेशन के लिए हर वक्त मौजूद**

2023 तक, अमेरिकी वायुसेना के एफ-35ए बेड़े की मिशन सक्षम दर 51.9% है। इसका मतलब यह है कि लगभग 48.1% विमान किसी भी समय सेवा के लिए मौजूद नहीं होते हैं। यह दर 2022 के 56% उपलब्धता के मुकाबले काफी कम है। इसकी एक बड़ी वजह यह है कि एफ-35 के स्पेयर पार्ट्स भी जल्द उपलब्ध नहीं होते।

**सालाना रखरखाव और रिपेयरिंग भी जबरदस्त महंगी**

एफ-35 लड़ाकू विमानों के रखरखाव और रिपेयरिंग का खर्च भी काफी ज्यादा है। इसके अलावा सालाना रखरखाव में प्रत्येक एफ-35 पर करीब 40 लाख डॉलर का खर्च आता है। अमेरिकी सरकार की रिपोर्ट के मुताबिक, अपने पूरे जीवनकाल में एक एफ-35 कई करोड़ों डॉलर के खर्च से संचालित होता है।

# भारतीयों को टूरिस्ट बनाकर लीबिया भेज दिया

17 महीने बाद लौटे 16 मजदूर, बोले- कैदी की तरह रखा, सैलरी तक नहीं दी

'डेढ़ साल पहले काम के लिए लीबिया गया था। एजेंट ने कहा था 500 से 700 डॉलर महीने मिलेंगे। मुझे सीमेंट कंपनी में ड्राइवर का काम मिला। 14 घंटे काम करता था। सैलरी कभी 200 डॉलर मिलती, कभी 250 डॉलर। कभी-कभी तो 100 डॉलर ही मिलते थे। मेरे साथ कुछ और लोग थे। हम पूरी सैलरी मांगते, तो धमकी मिलती। बोला जाता था, 'ये दुबई नहीं, लीबिया है। मिट्टी में मिला देंगे।'

सत्यम यादव यूपी के कुशीनगर के रहने वाले हैं। सितंबर, 2023 में वे 5 लोगों के साथ दुबई के रास्ते लीबिया पहुंचे थे। करीब 17 महीने बाद 5 फरवरी को विदेश मंत्रालय की मदद से भारत लौट आए। उनके साथ 15 लोग और थे। ये सभी 5 महीने से वतन वापसी की कोशिश कर रहे थे। इन लोगों ने बताया कि कैसे उन्हें अच्छी नौकरी के नाम पर फंसाया गया। टूरिस्ट वीजा पर लीबिया ले जाकर पासपोर्ट छीन लिया और मारपीट की गई। ये लोग जिस वक्त लीबिया गए थे, तब भारत सरकार ने गृह युद्ध की वजह से लीबिया जाने पर रोक लगा रखी थी।




लीबिया में काम कर रहे मजदूरों के हालात समझने के लिए भारत लौटे लोगों से बात की। ये सभी बेनगाजी में 'लीबियन सीमेंट कंपनी' (एलसीसी) में काम करते थे। एलसीसी लीबिया की सबसे बड़ी सीमेंट कंपनियों में एक है। 1968 में बनी इस कंपनी की वेबसाइट के मुताबिक, इसके तीन प्लांट में हर साल 29 लाख टन सीमेंट का प्रोडक्शन होता है। मजदूरों ने अपनी कहानी सुनाते हुए दो नाम बार-बार लिए। रामनाथ चौहान और अबू बकर। रामनाथ चौहान उत्तर प्रदेश के देवरिया के रहने वाले हैं और 13-14 साल से लीबिया में काम कर रहे हैं। मजदूर बताते हैं कि वे रामनाथ के जरिए ही लीबिया पहुंचे थे। वहीं, अबू बकर लीबियन सीमेंट कंपनी में कॉन्ट्रैक्टर है। लीबिया का रहने वाला है, लेकिन दुबई से काम करता है। अबू बकर दुबई से ही लोगों को लीबिया भेजता है।

मिथिलेश का घर गोरखपुर की कौड़ीराम पंचायत में है। पेशे से मैकेनिक हैं। सितंबर, 2023 में रामनाथ चौहान के साथ लीबिया गए थे। पहले लखनऊ से दुबई पहुंचे। यहां उन्हें कहा गया कि एयरपोर्ट पर किसी को नहीं बताना है कि वे लीबिया जा रहे हैं। मिथिलेश बताते हैं, 'मैं दुबई से बेनगाजी पहुंचा। वहां कंपनी (कॉन्ट्रैक्टर अबू बकर) के लोग लेने आए। उन्होंने मेरा और मेरे साथ गए लोगों का पासपोर्ट ले लिया। बोले कि हमें टूरिस्ट वीजा पर लाए हैं।'

हदीस अली गुजरात में ड्राइविंग का काम करते थे। तीन बेटियां हैं, इसलिए उनकी शादी के लिए ज्यादा पैसा कमाना चाहते थे। मई, 2023 में वे रामनाथ चौहान के जरिए लीबिया पहुंचे। उनके साथ अब्बास अली नाम का एक मजदूर और गया था।

हदीस बताते हैं, 'रामनाथ ने लीबिया ले जाने के बदले मुझसे 1.2 लाख रुपए लिए थे। उसने कहा था कि मुझे 800 डॉलर या करीब 70 हजार रुपए महीने मिलेंगे। वहां जाकर पूरी कहानी पता चली। सिर्फ 250 से 300 डॉलर सैलरी मिलती थी। हमें अरबी नहीं आती, इसलिए हम रामनाथ से ही बात करते थे। सैलरी की बात करने पर वो कहता था कि जो मिल रहा है रख लो। नहीं तो ये भी नहीं मिलेगा।'

'कॉन्ट्रैक्टर लगातार काम करने के लिए दबाव डालता था। विरोध करने पर धमकी देता। हम घर जाने की बात करते तो मना कर देता था। उसने रामनाथ से कहा था कि भारत से और लोगों को लेकर आए।'

कॉन्ट्रैक्टर रामनाथ को एक मजदूर लाने के बदले 1 हजार डॉलर देता है। रामनाथ ने हमसे भी पैसे ले लिए। हमें पता नहीं था कि अपना ही आदमी हमारा गला काट रहा है। अली आगे कहते हैं, 'पिछले साल अक्टूबर में कंपनी के लोगों ने तीन मजदूरों को बुरी तरह पीटा। इससे हम लोग डर गए। हम वहां से निकलने का प्लान बनाने लगे। हमने काम बंद कर दिया। तब कंपनी ने हमारी सैलरी रोक दी।'

अनूप सितंबर, 2023 में मिथिलेश के साथ लीबिया गए थे। दोनों एक-दूसरे को पहले से जानते थे। मिथिलेश के कहने पर वे जाने के लिए तैयार हो गए। अनूप को सीमेंट फैक्ट्री में ड्राइवर का काम मिला। वे कहते हैं, 'सभी मजदूर कंपनी के बेनगाजी कैंपस में रहते थे। एक कमरे में तीन से चार लोग रहते थे। हमारे पास वीजा नहीं था, इसलिए किसी को कंपनी के गेट से बाहर जाने की परमिशन नहीं थी।' अनूप आगे बताते हैं, 'रामनाथ चौहान ही हमारी बातें कॉन्ट्रैक्टर तक पहुंचाता था। वो सबकी सैलरी की लिस्ट बनाकर कॉन्ट्रैक्टर को भेजता था। हम लोग 12 से 14 घंटे तक काम करते थे। काम का कोई टाइम नहीं था। रात में जरूरत पड़ती, तो हमें बुला लेते थे। ओवरटाइम करते, तो उसका भी आधा पैसा मिलता था।

लीबिया में 2011 में गृहयुद्ध शुरू हुआ था। इसकी वजह से लीबिया में हालात बिगड़ते गए। सितंबर, 2015 में भारत सरकार ने लीबिया नहीं जाने की एडवाइजरी जारी की थी। अप्रैल 2016 में सरकार ने भारतीयों के लीबिया जाने पर पूरी तरह रोक लगा दी। 6 अगस्त, 2024 को विदेश मंत्रालय ने इस आदेश में एक संशोधन किया। भारतीयों से लीबिया की गैर-जरूरी यात्रा से बचने के लिए कहा गया। भारत और लीबिया के बीच सीधी फ्लाइट नहीं है। इसलिए, दूसरे देशों, खासकर दुबई के जरिए लोग लीबिया जाते हैं। इनमें ज्यादातर काम के लिए जाते हैं। फ्रांस और बहरीन में भारत के एंबेसडर रह चुके डॉ मोहन कुमार बताते हैं कि इसमें भारत सरकार का कोई रोल नहीं है। ये लोग भारत से सही जानकारी देकर नहीं गए थे। वे कहते हैं, 'दुबई जाकर वहां से वीजा मिलने का कोई चांस ही नहीं है। वहां जाने के दो तरीके हो सकते हैं। एक, लीबियाई दूतावास से इन्हें पहले ही वीजा मिल गया हो और ये लोग दुबई में ट्रांजिट करके गए होंगे। दूसरा, लीबिया ने इन्हें वीजा ऑन अराइवल दिया हो। इसके अलावा कोई तीसरा विकल्प नहीं है। ये ना होता तो उन्हें दुबई से जाने की परमिशन ही नहीं मिल सकती।

पिछले साल अक्टूबर में लीबिया से मजदूरों का वीडियो सामने आया था। इसमें वे कह रहे थे- 'हम लोग बेनगाजी की सीमेंट फैक्ट्री में फंसे हुए हैं। यहां 2-3 लोगों का पासपोर्ट एक्सपायर हो गया है। हमें प्रताड़ित किया जा रहा है।' 'हम लोग 2 महीने से वापस आने के लिए परेशान हैं। हमारे पास सुसाइड के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। सिक्योरिटी वाले रूम में बंद करके हमें पीटते हैं। सरकार से गुजारिश है कि हमें भारत वापस भेजा जाए।

परेशानी ये थी कि अप्रैल, 2019 में लीबिया में भारतीय दूतावास बंद कर दिया गया था। उसकी देखरेख के लिए काउंसलर क्लर्क और कुछ स्टाफ ही मौजूद था। 5 साल बाद, जुलाई, 2024 में दूतावास दोबारा खोला गया। अब भी वहां कोई काउंसलर नहीं है। मोहम्मद अलीम को भारतीय मिशन का चार्ज-डी-अफेयर्स बनाया गया था। मजदूरों का वीडियो वायरल होने के बाद गोरखपुर के एक्टिविस्ट राजेश मणि ने उनसे कॉन्टैक्ट किया। राजेश 'मानव सेवा संस्थान' एनजीओ के डायरेक्टर हैं। वे बताते हैं, 'मैंने पहले भी बाहर फंसे लोगों की मदद की है। मजदूरों की खबर देखने के बाद मैंने 19 अक्टूबर, 2024 को विदेश मंत्रालय और लीबिया में भारतीय दूतावास को ईमेल भेजा।

तबस्सुम बताती हैं, 'मजदूरों ने मुझसे कॉन्टैक्ट किया था। मैं तीन-चार महीने से उन्हें वापस भेजने की कोशिश कर रही थी। पता चला कि उन्हें दो महीने से सैलरी नहीं मिल रही है। हमने कंपनी से कॉन्ट्रैक्टर अबू बकर पर दबाव डलवाया। दूतावास से लेटर जारी करवाए। लोकल अथॉरिटी से भी शिकायत की। अबू बकर ने जवाब दिया कि मेरे पास इतने पैसे नहीं हैं कि सभी को एक साथ वापस भेजे। कंपनी से दबाव बना तो अबू बकर 31 दिसंबर, 2024 को सभी मजदूरों को अपने घर ले गया। वहां भी उनसे काम करवाने लगा। गोरखपुर के तबरेज खां भी इन मजदूरों में शामिल थे। वे बताते हैं, 'अबू बकर हमें अपने घर मारपीट करने ले गया था।

मिथिलेश ने कॉल करके मैडम (तबस्सुम) को बुला लिया. उन्होंने दूतावास कॉन्टैक्ट किया और पुलिस बुलाई। कॉन्ट्रैक्टर के खिलाफ शिकायत दर्ज की गई। इसके बाद उसने हमारे साथ कुछ नहीं किया।

20 अक्टूबर, 2011 को विद्रोहियों ने लीबिया के शासक कर्नल मुअम्मर गद्दाफी की हत्या कर दी थी। इसके बाद भी वहां हालात नहीं सुधरे। 2014 से देश में दो सरकारें चल रही हैं। पश्चिमी लीबिया में संयुक्त राष्ट्र के समर्थन वाली गवर्नमेंट ऑफ नेशनल अकॉर्ड की सरकार है। वहीं, पूर्वी हिस्से में अलग गुट की सरकार है, जिसका नाम है - हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव्स।

2011 से पहले लीबिया में 18 हजार से ज्यादा भारतीय रहते थे। 2014 आते-आते ये सिर्फ 6 हजार बचे। जुलाई 2014 में हालात ज्यादा बिगड़े तो 3800 भारतीयों को देश वापस लाया गया था। नवंबर, 2022 में भारत सरकार ने बताया था कि लीबिया में करीब 3 हजार भारतीय रह रहे हैं। इसके बाद नया आंकड़ा जारी नहीं हुआ।

## तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण की मंजूरी के बाद

# किसकी आंखों की उड़ी नींद?



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 26/11 मुंबई हमलों के आरोपी तहव्वुर राणा को भारत को तुरंत प्रत्यर्पित करने की मंजूरी दी है। राणा का प्रत्यर्पण भारत के लिए महत्वपूर्ण जीत मानी जा रही है, जबकि और भी प्रत्यर्पण अनुरोधों पर विचार किया जा सकता है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मुंबई हमलों के आरोपी तहव्वुर राणा को भारत को 'तुरंत प्रत्यर्पित' करने की मंजूरी दे दी है। पाकिस्तानी मूल का कनाडाई नागरिक राणा वर्तमान में लॉस एंजिलिस के एक मेट्रोपॉलिटन डिटेंशन सेंटर में बंद है। माना जाता है कि वह मुंबई के 26/11 हमलों के मुख्य साजिशकर्ताओं में से एक पाकिस्तानी-अमेरिकी आतंकवादी डेविड कोलमैन हेडली से जुड़ा है। ट्रंप ने राणा के तत्काल प्रत्यर्पण की पुष्टि के साथ ही यह भी कहा कि भारत को ऐसे और प्रत्यर्पण किए जाएंगे। इस ऐलान के बाद कई लोगों की नींद उड़ गई है। पीएम मोदी का अमेरिका दौरा भारत के लिए बड़ी जीत माना जा रहा है। कई सालों से भारत तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण का अनुरोध कर रहा था। ट्रंप ने यह भी संकेत दिया कि भविष्य में और प्रत्यर्पण हो सकते हैं। राणा पर 2008 के मुंबई हमलों में शामिल होने का आरोप है, जिसमें 166 लोग मारे गए थे। ट्रंप ने यह स्पष्ट नहीं किया कि और किन लोगों को प्रत्यर्पित किया जा सकता है, लेकिन भारत ने अमेरिका से कई प्रत्यर्पण अनुरोध किए हैं। गुरुवार को व्हाइट हाउस में एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में ट्रंप ने कहा, 'हम एक बहुत ही हिंसक आदमी (तहव्वुर राणा) को तुरंत भारत वापस भेज रहे हैं... और भी लोग हैं क्योंकि हमारे पास काफी अनुरोध हैं। हम भारत के साथ अपराध पर काम करते हैं, और हम भारत के लिए चीजों को बेहतर बनाना चाहते हैं।' हालांकि भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने गुरुवार को इस मामले पर विस्तार से बात नहीं की। जब उनसे उन 'अन्य नामों' के बारे में पूछा गया जो भारत ने अमेरिका को दिए थे। मिस्री ने कहा, 'हां प्रत्यर्पण पर अन्य अनुरोध भी हैं। मैं अभी नामों में नहीं जाऊंगा, लेकिन अन्य अनुरोध हैं जो अमेरिकी अधिकारियों के पास हैं।' अमेरिका की यह घोषणा जनवरी में अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट द्वारा राणा की अंतिम अपील खारिज करने के कुछ हफ्ते बाद आई है। इससे उनके भारत प्रत्यर्पण का रास्ता साफ हो गया। पाकिस्तानी मूल का कनाडाई नागरिक राणा वर्तमान में लॉस एंजिल्स के एक डिटेंशन सेंटर में बंद है। राणा का प्रत्यर्पण 2008 के मुंबई हमलों के दोषियों को न्याय के कटघरे में लाने के भारत के प्रयासों में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। 2008 के हमलों में छह अमेरिकी नागरिकों सहित 166 लोग मारे गए थे और सैकड़ों अन्य घायल हुए थे।

**प्रत्यर्पण की लिस्ट में आगे कौन?**

भले ही विदेश मंत्रालय या ट्रंप ने अभी उन अन्य वांछित लोगों के नाम नहीं बताए, जिनके प्रत्यर्पण हो सकते हैं। लेकिन दिसंबर 2024 में भारत के गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने लोकसभा को बताया कि विभिन्न देशों को भेजे गए 178 प्रत्यर्पण अनुरोधों में से 65 अमेरिका को भेजे गए थे। राय ने दिसंबर में कहा, 'विदेश मंत्रालय के रिकॉर्ड के अनुसार, भारत द्वारा किए गए भगोड़े अपराधियों के प्रत्यर्पण के 65 अनुरोध अमेरिकी अधिकारियों के विचाराधीन हैं।' राय ने लोकसभा को यह भी बताया था कि 2002 और 2018 के बीच अमेरिका ने केवल 11 प्रत्यर्पण अनुरोधों को स्वीकार किया था।

**इन कुख्यात गैंगस्टरों के प्रत्यर्पण की मांग**

प्रत्यर्पण की लिस्ट में पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या का मास्टरमाइंड सतिंदरजीत सिंह उर्फ गोल्डी बरार और अनमोल बिश्नोई जैसे प्रमुख नाम हैं। जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का छोटा भाई अनमोल नवंबर 2024 में अमेरिका में गिरफ्तार किया गया था। एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत ने पीएम मोदी की अमेरिका यात्रा के साथ ही 10 कुख्यात गैंगस्टरों और आतंकवादियों की एक सूची अमेरिका को सौंपी है और उनके प्रत्यर्पण की मांग की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस सूची में अनमोल बिश्नोई और गोल्डी बरार शामिल हैं, जिनके बारे में कहा जाता है कि वे अमेरिका में छिपे हुए हैं।

**अमेरिका ने नहीं दी मंजूरी**

तहव्वुर राणा के साथ मुंबई हमलों की योजना बनाने वाले डेविड कोलमैन हेडली के प्रत्यर्पण अनुरोध को अमेरिका ने अब तक स्वीकार नहीं किया है। हेडली मुंबई आतंकी हमले के मामले में मुख्य आरोपियों में से एक है और उसे अमेरिका में 35 साल जेल की सजा सुनाई गई है। इसके अलावा भारत ने 2011 में 1984 की भोपाल गैस त्रासदी के आरोपी यूनियन कार्बाइड के सीईओ वॉरेन एंडरसन के प्रत्यर्पण की मांग की थी, लेकिन अमेरिका ने इस अनुरोध को अस्वीकार कर दिया था।







# भारत का वो कौन सा राजा था जो हर 5 साल में प्रयागराज के कुंभ में अपनी संपत्ति करता था दान




प्रयागराज में महाकुंभ चल रहा है और देश-विदेश से आए साधु-संत, संन्यासी और श्रद्धालु पवित्र त्रिवेणी संगम पर आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। वहीं कुछ लोग कल्पवास भी कर रहे हैं। कुंभ दान-पुण्य, मोक्ष प्राप्ति और पापों से मुक्ति का श्रेष्ठ अवसर होता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि आज जिस आयोजन को दुनिया का सबसे विशाल धार्मिक आयोजन कहा जाता है उसकी शुरुआत आखिर किसने की थी।

कुंभ का जिक्र वैसे तो वेद-पुराणों में भी वर्णित है। लेकिन मेले के रूप में कुंभ के आयोजन की शुरुआत राजा हर्षवर्धन के द्वारा मानी जाती है। इतिहासकारों की माने तो 16 वर्ष की आयु में राजा बने हर्षवर्धन ने कुंभ मेले की शुरुआत कराई थी। इतना ही नहीं वे हर साल में कुंभ में अपनी सारी संपत्ति दान कर दिया करते थे और तब तक दान करते थे जब तक उनके पास का सब कुछ समाप्त न हो जाए। इन सभी बातों का जिक्र इतिहासकार केसी श्रीवास्तव ने अपनी किताब 'प्राचीन भारत का इतिहास' में किया है।

बता दें कि हर्षवर्धन (590-647) प्राचीन भारत के सम्राट थे। उन्होंने उत्तरी भारत के कई इलाकों में सुदृढ़ साम्राज्य स्थापित किया और पंजाब छोड़कर समस्त उत्तरी भारत पर राज्य किया। हर्षवर्धन को भारत का आखिरी महान सम्राट कहा जाता है जिन्होंने कन्नौज को राजधानी बनाकर पूरे उत्तर-भारत को एक सूत्र में बांधने में सफलता हासिल की।

**ऐसे दान करते थे सम्राट हर्षवर्धन**

कहा जाता है कि प्रयागराज में राजा हर्षवर्धन ने खूब दान दिए। दान देने से पहले वे भगवान सूर्य, शिव और बुध की उपासना करते थे। इसके बाद ब्राह्मण, आचार्य, दीन, बौद्ध भिक्षु को दान देते थे। दान देने के क्रम में वो अपना पूरा राजकोष खाली कर देते थे। यहां तक कि अपने राजसी वस्त्रों को भी दान कर देते थे। कुछ जगहों पर ऐसा बताया जाता है कि, हर्षवर्धन संपत्ति को चार भागों में बांटकर दान करते थे, जोकि शाही परिवार, सेना/प्रशासन, धार्मिक निधि और गरीबों के लिए होते थे।

**कुंभ का सबसे पहला लिखित वर्णन**

वेद-पुराणों में कुंभ का वर्णन मिलता है। इसके अनुसार जिन स्थानों पर सागर मंथन के दौरान निकले अमृत कलश की बूंदे गिरी थी, वहीं कुंभ का आयोजन होता है। वहीं इतिहासकारों द्वारा इतिहास में दर्ज कुंभ मेले के पुराने लिखित साक्ष्यों के अनुसार, इसका इतिहास 2000 साल पुराना माना जाता है। कुंभ का जिक्र चीनी यात्री ह्वेन त्सांग ने राजा हर्षवर्धन के समय यानि छठी शताब्दी ईसवी में बताया है। ह्वेनसांग या ह्वेन त्सांग ने कन्नौज में आयोजित भव्य सभा का उल्लेख किया है, जिसमें हजारों भिक्षु हिस्सा लेते थे और हर पांच साल में महामोक्ष परिषद नाम के धार्मिक उत्सव का आयोजन करते थे।

# आपके हाथ में भी अगर बनती हैं ये रेखाएं तो समझ लीजिए खुल गया है तरक्की का रास्ता!




हस्तरेखा शास्त्र के अनुसार, हमारे हाथों में मौजूद रेखाएं हमारे जीवन, भाग्य, करियर और आर्थिक स्थिति के बारे में महत्वपूर्ण संकेत देती हैं। कुछ विशेष रेखाएं व्यक्ति की सफलता, मान-सम्मान और तरक्की का प्रतीक मानी जाती हैं। यदि आपके हाथ में ये रेखाएं स्पष्ट रूप से दिखती हैं, तो समझ लीजिए कि आपके जीवन में तरक्की और समृद्धि का रास्ता खुल चुका है। आइए जानते हैं उन खास रेखाओं के बारे में जो व्यक्ति के जीवन में सफलता के योग बनाती हैं।

**1. सूर्य रेखा – मान-सम्मान और सफलता का प्रतीक**

सूर्य रेखा को हस्तरेखा शास्त्र में विशेष महत्व दिया जाता है। जिन लोगों की हथेली में सूर्य रेखा स्पष्ट और लंबी होती है, वे जीवन में प्रसिद्धि और सफलता प्राप्त करते हैं। यह रेखा अंगूठे और अनामिका उंगली के बीच पाई जाती है और यदि यह बिना किसी रुकावट के साफ-सुथरी हो, तो व्यक्ति को कम मेहनत में ही अधिक सफलता मिलती है।

सूर्य रेखा से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण संकेत:

- अगर सूर्य रेखा हृदय रेखा को काटते हुए मस्तिष्क रेखा की ओर जाती है, तो इसका मतलब है कि व्यक्ति को सरकारी नौकरी मिलने के योग बन रहे हैं।
- यह रेखा जितनी गहरी और स्पष्ट होती है, व्यक्ति को उतनी ही अधिक प्रसिद्धि, सम्मान और धन प्राप्त होता है।
- यदि सूर्य रेखा टेढ़ी-मेढ़ी हो या कटी-फटी हो, तो इसका मतलब यह है कि व्यक्ति को सफलता पाने में कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है।

**2. भाग्य रेखा – मेहनत और सफलता का मार्ग**

भाग्य रेखा को व्यक्ति के करियर और आर्थिक स्थिति का संकेत माना जाता है। यह रेखा हथेली के निचले भाग से शुरू होकर मध्यमा उंगली तक जाती है। अगर यह रेखा लंबी और गहरी होती है, तो व्यक्ति को अपने जीवन में बहुत अधिक मेहनत नहीं करनी पड़ती और सफलता अपने आप उसके कदम चूमती है।

**भाग्य रेखा से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण संकेत:**

- अगर भाग्य रेखा सीधी और बिना किसी रुकावट के ऊपर तक जाती है, तो व्यक्ति को जीवन में उच्च पद और प्रतिष्ठा प्राप्त होती है।
- यदि यह रेखा कई जगहों पर टूटी हुई या हल्की होती है, तो इसका अर्थ है कि व्यक्ति को अपने करियर में कई उतार-चढ़ाव देखने को मिलेंगे।
- अगर भाग्य रेखा हथेली के बीच में जाकर सूर्य रेखा से मिल जाए, तो यह अत्यधिक शुभ संकेत होता है और व्यक्ति का जीवन शानदार होता है।

3. जीवन रेखा – स्वास्थ्य और दीर्घायु का संकेत

जीवन रेखा व्यक्ति के स्वास्थ्य, ऊर्जा और जीवनकाल के बारे में बताती है। यह रेखा अंगूठे और तर्जनी उंगली के बीच से शुरू होकर हथेली के निचले भाग की ओर बढ़ती है।

**जीवन रेखा से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण संकेत:**

- यदि जीवन रेखा लंबी और गहरी होती है, तो व्यक्ति का स्वास्थ्य अच्छा रहता है और वह दीर्घायु होता है।
- यदि यह रेखा कटी-फटी या बहुत हल्की हो, तो इसका मतलब है कि व्यक्ति को स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो सकती हैं।
- जब जीवन रेखा पर कोई तारे या द्वीप के आकार के चिह्न होते हैं, तो यह किसी बड़े संकट या बीमारी का संकेत हो सकता है।

**4. मस्तिष्क रेखा – बुद्धिमानी और निर्णय क्षमता का प्रतीक**

मस्तिष्क रेखा व्यक्ति की बुद्धिमत्ता, तर्क शक्ति और निर्णय लेने की क्षमता को दर्शाती है। यह रेखा हथेली के बीच से शुरू होकर छोटी उंगली की ओर बढ़ती है।

**मस्तिष्क रेखा से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण संकेत:**

- यदि यह रेखा गहरी और सीधी होती है, तो व्यक्ति बहुत ही समझदार और तार्किक होता है।
- यदि यह रेखा टूटी हुई या बहुत हल्की होती है, तो इसका अर्थ है कि व्यक्ति निर्णय लेने में कमजोर हो सकता है।
- जब यह रेखा सूर्य रेखा के साथ मिलती है, तो व्यक्ति को शिक्षा और करियर में बड़ी सफलता प्राप्त होती है।

**5. विवाह रेखा – दांपत्य जीवन का संकेत**

विवाह रेखा व्यक्ति के प्रेम और वैवाहिक जीवन के बारे में बताती है। यह रेखा कनिष्ठा (छोटी) उंगली के नीचे क्षैतिज रूप में पाई जाती है।

विवाह रेखा से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण संकेत:

- यदि विवाह रेखा स्पष्ट और गहरी होती है, तो व्यक्ति का वैवाहिक जीवन सुखी और सफल होता है।
- जब विवाह रेखा टूटी हुई या टेढ़ी होती है, तो यह वैवाहिक जीवन में परेशानियों का संकेत देती है।
- यदि इस रेखा के पास कोई छोटी रेखा होती है, तो यह प्रेम विवाह के संकेत देती है।

**क्या करें यदि आपकी रेखाएं कमजोर हैं?**

यदि आपकी हस्तरेखाएं कमजोर या अस्पष्ट हैं, तो चिंता करने की जरूरत नहीं है। कई ज्योतिषीय उपायों के माध्यम से इनका प्रभाव सुधारा जा सकता है:

- सूर्य रेखा मजबूत करने के लिए सूर्य को जल अर्पित करें और आदित्य हृदय स्तोत्र का पाठ करें।
- भाग्य रेखा को सशक्त बनाने के लिए गणेश जी और माता लक्ष्मी की आराधना करें।
- जीवन रेखा को सकारात्मक बनाए रखने के लिए नियमित योग और ध्यान करें।
- मस्तिष्क रेखा को बेहतर करने के लिए सरस्वती वंदना करें और बुद्धि वर्धक मंत्रों का जाप करें।
- विवाह रेखा के प्रभाव को सुधारने के लिए शिव-पार्वती की उपासना करें और शुक्रवार के दिन सुहागिन महिलाओं को मिठाई बांटें।

हस्तरेखा शास्त्र के अनुसार, हमारी हथेली पर मौजूद कुछ विशेष रेखाएं हमारे भाग्य और सफलता के संकेत देती हैं। यदि आपके हाथ में सूर्य रेखा, भाग्य रेखा और जीवन रेखा स्पष्ट और गहरी हैं, तो समझ लीजिए कि आपका भविष्य उज्ज्वल है। हालांकि, मेहनत और सकारात्मक सोच हमेशा आपकी सफलता की कुंजी होती है। सही प्रयास और शुभ उपायों के माध्यम से आप अपनी किस्मत को और बेहतर बना सकते हैं।

# मानसिक सुख शांति के लिए वॉटर फिल्टर से भूलकर भी ऐसे पानी न पीएं






वास्तुशास्त्र के अनुसार हर दिशा की अपनी एक अलग ऊर्जा होती है। और इन ऊर्जाओं की अपनी अपनी प्रकृति। जब इनकी प्रकृति के साथ छेड़छाड़ किया जाए तो उस स्थान पर वास्तु दोष के उत्पत्ति हो जाती है। वस्तु दोष का प्रभाव शारीरिक और मानसिक दोनों रूप में पड़ता है। अगर आप भी मानसिक तनाव से पीड़ित रहते है तो ध्यान दीजीए कहीं आपके घर के उत्तरपूर्व दिशा में वस्तु दोष तो नहीं।

उत्तरपूर्व दिशा जलीय प्रकृति होती है और इस दिशा के स्वामी बृहस्पति होते है। उत्तर-पूर्व 22.5 डिग्री से 67.5 डिग्री तक होता है। अगर आपके घर या कार्यालय में इस दिशा में रसोई वॉशरूम, सीढ़िया है तो ये रचनात्मक दोषी में आता है। अगर आपने घर में इस दिशा में लाल रंग का पेंट कर रखा है या लाल फनीचर या परदे लगा रखे है तो इसे तुरत हटा दीजिए। क्योंकि यह आपके घर में वास्तुदोष उत्पन्न कर रहा है।

**जल तत्व का संतुलनः मानसिक तनाव और उपाय**

मानसिक सुख शांति के लिए जल तत्व की दिशा पर ध्यान दें। जल का स्रोत हमेशा उत्तरपूर्व ,उतर या पूर्व में हो तो यह हमारे लिए बेहतर होता है। वास्तु विज्ञान के अनुसार जल सबसे ज्यादा हमारी मानसिक अवस्था को प्रभावित करता है। इसलिए जल का स्थान घर में वास्तु सम्मत होना चाहिए।

वॉटर फिल्टर से ऐसे पानी भूलकर भी न पिएं

आमतौर पर आजकर घरों में वॉटर फिल्टर लगे होते हैं और हम सीधा ग्लास में फिल्टर का पानी लेते हैं और पी लेते हैं। लेकिन यह तरीका सही नहीं है। जल को सीधा फ़िल्टर से ना पिएं। पहले किसी बर्तन में फिल्टर से जल भरकर रखें। फिर जल के तत्वों को स्थिर होने दे फिर इसका सेवन करें। इस उपाय को करीब 40 दिन करने से आपको अपनी मानसिक स्थिति में सुधार देखने को मिलेगा।

**दक्षिण दिशा की ऊर्जा को ऐसे करें जागृत**

दक्षिण दिशा कमजोर होने से ऊर्जा की कमी होने लगती है। दक्षिण दिशा पर मंगल का प्रभुत्व होता है। अगर आपकी ऊर्जा शक्ति आपका साथ नहीं दे रही, आलस्य आपकी सफलता में बाधक बना हुआ है। जिसकी वजह से मानसिक तनाव भी बना हुआ है तो दक्षिण दिशा में पहाड़ उठाते हुए हनुमानजी की तस्वीर लगाएं।

# घर की किस दिशा में बनाएं किराएदार के लिए कमरा

वास्तु में प्रत्येक दिशा का अपना महत्व एवं उपयोगिता है पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण, चार प्रमुख दिशाएं हैं, वास्तुशास्त्र मे इन चार दिशाओं के अतिरिक्त चार उपदिशाओं की मान्यताएं हैं, जो परस्पर दो मुख्य दिशाओं के मध्य होती हैं जिन्हें ईशान, आग्नेय, नैऋत्य, वायव्य कहते हैं। चार मुख्य दिशाओं और चार उपदिशाओं को मिलाकर आठ दिशाओं का वास्तु में विशेष महत्व है। पूर्व और उत्तर के मध्य की दिशा को ईशान कोण, पूर्व और दक्षिण दिशा के मध्य की दिशा को आग्नेय कोण, पश्चिम एवं दक्षिण की दिशा के मध्य की दिशा को नैऋत्य दिशा, पश्चिम एवं उत्तर की दिशा के मध्य को वायव्य दिशा कहते हैं। जिस प्रकार आकाश मण्डल में ग्रहों का राज्य है, उसी प्रकार ग्रहों का वास आपके घर में भी है। घर में यही ग्रह अपनी-अपनी दिशाओं में राज करते हैं अत ग्रहों के अनिष्ट प्रभाव से दूर रहने के लिए घर बनाते समय चारो दिशाओं और चारों कोणों की रूपरेखा तैयार कर लेनी चाहिए। वायव्य यानि उत्तर-पश्चिम कोण में वास्तुदोष होने पर चन्द्रमा दोष में हो जाता है क्योंकि चन्द्र इस दिशा का स्वामी होता है। इस कोने में वास्तुदोष होने पर संतान के विवाह में देरी होती है। इस कोण में दोष के कारण पड़ोसियों से झगड़ा होता है। न केवल किराएदार को बसाने के लिए वायव्य कोण का उपयोग किया जाता है, बल्कि व्यापार में बिक्री बढ़ाने के लिए व्यापारीगढ़ जिस वस्तु की बिक्री कम हो रही है, उसे वायव्य कोण में स्थान देते हैं, ताकि वायव्य के प्रभाव से वह वस्तु शीघ्र ही बिकने लगे।

इसी प्रकार विवाह योग्य जिन कन्याओं के विवाह में बाधा आ रही है, उन्हें घर के उत्तर-पश्चिम अर्थात वायव्य कोण वाले कमरे में रहने की सलाह दी जाती है ताकि कन्या का शीघ्र विवाह सम्पन्न हो सके। इसी प्रकार अगर जन्मकुण्डली में विदेश यात्रा का योग बनता हो और बहुत बाधाएं आ रही हों, तो विदेश जाने के इच्छुक व्यक्ति को वायव्य कोण में वास्तुशास्त्र के दिशा-निर्देश में शयन करना चाहिए।

# महाभारत: कब तक कौरव थे बहुत अमीर और पांडव गरीब

## किस गुप्त खजाने ने बदली उनकी किस्मत

कहा जाता है कि महाभारत का दौर भारत के लिहाज से समृद्धि और वैभव का दौर था। दौलत और वैभव खूब था। खाने-पीने की कोई कमी नहीं थी लेकिन क्या आपको मालूम है कि उस दौर में कौरव ज्यादा अमीर थे या पांडव। जब तक पांडव हस्तिनापुर में कौरवों के साथ रहते थे, उनके पास कुछ नहीं था। फिर कैसे बदली उनकी किस्मत, किस गुप्त खजाने ने उन्हें समृद्धि से भर दिया।

महाभारत काल में धन और संपत्ति की तुलना करें तो कौरवों की संपत्ति पांडवों से अधिक थी, लेकिन समय के साथ हालात बदले। हालांकि ये बात सही है कि जब पांडव को खांडप्रस्थ वन देकर कहा गया कि इसे लेकर तुम अपनी राजधानी बना लो तो वहां केवल जंगल थे। पांडवों ने श्रीकृष्ण की मदद से इंद्रप्रस्थ नामक नगर बसाया था। इंद्रप्रस्थ का शाब्दिक अर्थ है, "इंद्र का मैदान" या "इंद्र का शहर"। इस नगरी को महान वास्तुकार विश्वकर्मा ने डिज़ाइन किया और बनाया था। इसे बनवाने के दौरान पांडवों के पास जितना भी धन था वो खत्म हो गया। जब कृष्ण ने युधिष्ठिर और पांडवों से कहा कि अब राजसूर्य यज्ञ कराना चाहिए तो युधिष्ठिर ने लाचारी जाहिर करते हुए कहा कि अब उनके पास इतना धन नहीं है कि इस बेहद खर्चीले काम को कर सकें। तब कृष्ण ने उन्हें एक खजाने के बारे में बताया। इसका जिक्र आगे कि वो कौन सा खजाना था, जिसने पांडवों की किस्मत बदली।

**दुर्योधन सबसे धनी लोगों में था**

दुर्योधन के पास सोने के महल थे और वह राजाओं को दान देता था, जिससे उसकी समृद्धि और वैभव सिद्ध होता है। ये तो कहा भी गया है कि दुर्योधन उस दौर के सबसे धनी लोगों में गिना जाता है। कौरवों के सबसे बड़े भाई दुर्योधन के पास हस्तिनापुर राज्य का विशाल कोष था। वह एक शक्तिशाली राजकुमार था। उसके पास बहुत बड़ी सेना और धन-संपत्ति से भरा खजाना था।

**तब पांडवों के पास कुछ नहीं था**

जब तक पांडव यानि युधिष्ठिर, भीम, अर्जुन, नकुल और सहदेव हस्तिनापुर में रहते थे, उनके पास व्यक्तिगत रूप से कुछ नहीं था। जब राज्य विभाजन हुआ, तो उन्हें एक बंजर भूमि मिली, जिसे उन्होंने माया सभ्यता की मदद से स्वर्ग के समान बना दिया। इसमें कृष्ण और मय दानव ने भी सहायता की। इसके बाद ही युधिष्ठिर और पांडवों की संपत्ति तेजी से बढ़ी।

**तब पांडवों का खजाना था खाली**

अब आइए हम आपको बताते हैं कि इंद्रप्रस्थ को राजधानी बनाने के बाद जब पांडवों के पास खजाना खाली हो गया, ऐसे में उन्हें किस राजा का छिपा हुआ खजाना मिला, जिसने उन्हें अमीर बना दिया। ये कहानी भी दिलचस्प है।

कौन सा था मरुत का खजाना जो युधिष्ठिर को मिला

जब युधिष्ठिर राजसूय यज्ञ कराना चाहते थे, तब उनके पास पर्याप्त धन नहीं था। इस समस्या का समाधान भगवान श्रीकृष्ण ने किया। उन्होंने युधिष्ठर को मरुतों का खजाना हासिल करने की सलाह दी। यह खजाना प्राचीन काल में राजा मरुत का था। राजा मरुत तो स्वर्गवासी हो गए लेकिन खजाना धरती पर ही रह गया।

हिमालय की गुफाओं में था ये खजाना

यह खजाना हिमालय की गुफाओं में छिपा था। ना तो इसके बारे में किसी को मालूम था और ना ही कोई इसको पा सका था। तब कृष्ण ने ना केवल इसके बारे में बताया बल्कि ये भी बताया कि ये कहां और कैसे मिलेगा। इस खजाने को लाने के लिए भीम को भेजा गया। उन्होंने इसे खोज निकाला। इसने पांडवों को बहुत अमीर बना दिया।



**फिर कौरवों ने हड़प ली सारी धन -संपत्ति**

लेकिन इसके बाद दुर्योधन ने छल से जुए में पांडवों को हराया। उनकी पूरी संपत्ति, राज्य, धन, सेना को अपने कब्जे में कर लिया। इस समय कौरवों के पास फिर सबसे ज्यादा धन-संपत्ति हो गई। पांडवों के पास कुछ भी नहीं बचा। वो वनवास में चले गए।

**महाभारत युद्ध के बाद युधिष्ठिर सबसे अमीर बने**

वनवास के दौरान पांडवों ने अपने संपर्क कई राजाओं से बेहतर किए। जब महाभारत का युद्ध हुआ तो वो अपने गठजोड़ के कारण ताकतवर हो चुके थे। महाभारत युद्ध में कौरवों की संपत्ति, सेना और राज्य सभी का विनाश हो गया। युद्ध के बाद युधिष्ठिर राजा बने। अब पांडवों के पास अपार संपत्ति थी, लेकिन उन्होंने इसे राज्य की सेवा में लगाया।

**कई और लोग भी थे अमीर**

महाभारत काल में कई और लोग भी खासे अमीर थे। जिनके पास अपार धन-संपत्ति थी। वो आर्थिक रूप से बहुत संपन्न थे।

कर्ण – दानवीर कर्ण के पास अंगदेश का राज्य था। वो भी बहुत धनी थे। उन्होंने अपनी दानवीरता के लिए अपनी सारी संपत्ति दान कर दी थी।

भीष्म – भीष्म पितामह के पास भी अपार संपत्ति थी। वह कुरु वंश के सबसे सम्मानित और शक्तिशाली व्यक्तियों में एक थे।

द्रुपद – पांचाल के राजा द्रुपद भी बहुत धनी थे। उनकी पुत्री द्रौपदी का विवाह पांडवों से हुआ था।

राजा विराट – राजा विराट मत्स्य देश के शासक थे और उनके पास अपार संपत्ति, विशाल सेना और घोड़े थे। यह वही राजा हैं, जिनके यहाँ पांडवों ने अज्ञातवास के दौरान शरण ली थी।

श्रीकृष्ण – श्रीकृष्ण को भी उनकी दिव्य शक्तियों और संपत्ति के लिए जाना जाता था। वे द्वारका के राजा थे। उनके पास अपार धन-संपत्ति थी।

**कुबेर थे सबसे धनवान लेकिन**

कुबेर उस दौर में सबसे धनवान थे। लेकिन वह मानव नहीं थे बल्कि देवता माने जाते थे। वह देवताओं के कोषाध्यक्ष माने जाते थे। सैकड़ों यक्ष हमेशा उनके अपार खजाने की रक्षा करते रहते थे। उनके पास त्रिलोक का खजाना था, जिसे "निधि" कहा जाता है।

**कौन सी मुद्राएं तब चलती थीं**

महाभारत काल में विभिन्न प्रकार की मुद्राओं का प्रचलन था। ये सोने, चांदी और तांबे से बनी होती थीं

कार्षापण – यह सबसे प्रचलित मुद्रा थी, जो चांदी या तांबे से बनी होती थी।

सुवर्ण – यह सोने की मुद्रा थी, जिसका मूल्य कार्षापण से अधिक होता था।

निष्कः यह भी सोने की मुद्रा थी, जो सुवर्ण से भी अधिक मूल्यवान होती थी।

माषक – यह तांबे की मुद्रा थी, जिसका मूल्य कार्षापण से कम होता था।

काकणीः यह सबसे छोटी मुद्रा थी, जो तांबे या मिट्टी से बनी होती थी।

# वही करूंगी जो होगी मेरी 'मर्जी' : राशि खन्ना



शादी को लेकर प्लान राशि से जब शादी से जुड़ी उसकी योजनाओं के बारे में पूछा गया तो उसने कहा, मैं शादी करना और बच्चे भी पैदा करना चाहती हूं, लेकिन इसके लिए अभी समय है। यह एक बहुत ही निजी फैसला है, जिसका मेरे पेशे से कोई लेना-देना नहीं है।

मैं किसी भी चीज का पीछा या नकल नहीं करना चाहती। मेरे लिए फैशन यही है। मैं वही पहनूंगी जो मेरे शरीर पर फबता है।

राशि खन्ना फिल्मों और फैशन दोनों में अपनी अपरंपरागत पसंद के लिए जानी जाती है और वह उन्हें बेबाकी से अपनाती है। एक दशक से अधिक समय से फिल्म उद्योग में सक्रिय 34 वर्षीय राशि कहती है कि वह कभी फैशन के रुझानों का अनुसरण करने वालों में से नहीं रही।

उसने कहा, ₹मुझे परवाह नहीं है कि कोई मेरे पास आए और कहे, 'ओह, यह चलन में है'। मैं तो वही करूंगी जो मुझे पसंद है, मैं वही करूंगी जो मैं चाहती हूं और मैं किसी भी चीज का पीछा या नकल नहीं करना चाहती। मेरे लिए फैशन यही है। मैं वही पहनूंगी जो मेरे शरीर पर फबता है।

वह स्वीकार करती है कि उसे यह भी नहीं पता कि कौन से ट्रेंड चल रहे हैं।

उसने कहा, अगर आप मुझसे पूछें कि 2025 के लिए क्या ट्रेंड में है, तो मुझे नहीं पता। मैं उनका अनुसरण नहीं करती। मैं वही करती हूं जो मेरी मर्जी होती है।

अपनी लुक को तुरंत बेहतर बनाने के लिए ज्वैलरी और जैकेट को आजमाना पसंद करने वाली राशि ने बताया कि फैशन की एक खास शाखा है, जिसे वह एक्सप्लोर करना चाहती है। वह कहती है, मैं जिस फैशन क्षेत्र को एक्सप्लोर करना चाहती हूं, वह है जैंडर फ्लूइड फैशन- ऐसे कपड़े जो जैंडर भूमिकाओं से परे हों। ऐसे बहुत से डिजाइनर हैं जो ऐसे कपड़े बना रहे हैं, जिन्हें कोई भी पहन सकता है, चाहे उसकी जैंडर पहचान कुछ भी हो।

शांत रंगों को पसंद करने वाली राशि जटिल पैटर्न के साथ प्रयोग करने की बजाय चीजों को कम दिखाना पसंद करती है।

वह बताती है, ₹मुझे सॉलिड कलर पहनना पसंद है। यह मेरा स्टाइल है। मैं 'प्रिंट ऑन प्रिंट' जैसे स्टाइल चुनने की बजाय एक्सैसरीज के साथ अपनी लुक को बेहतर बनाना पसंद करती हूं क्योंकि मुझे यह समझ में नहीं आता।

**शर्मीली और निजी हूं**

राशि ने ढीले-ढाले और आरामदायक कपड़ों, खासकर पजामा के प्रति अपने प्यार का खुलासा भी किया। उसने कहा, मुझे तरह-तरह के रंगों वाले कपड़े पहनना अच्छा लगता है लेकिन मुझे सफेद, काला और ग्रे पसंद हैं। मैं शर्मीली और निजी हूं और यह भी एक कारण है कि मैं खुद को इन रंगों तक ही सीमित रखती हूं क्योंकि ये रंग बहुत ज्यादा ध्यान आपकी ओर नहीं खींचते।

पिछली बार फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' में नजर आई राशि ने कहा, हम वैसे भी ऑनस्क्रीन या अन्यथा बहुत सारे रंग पहनते हैं। अगर आप मेरी इंस्टाग्राम तस्वीरें देखेंगे, तो आप देखेंगे कि मैंने बैंगनी, गुलाबी और हरे सहित सभी तरह के रंग पहने हैं इसलिए, जब मैं अपने घर पर होती हूं तो मुझे ग्रे, काले या सफेद रंग पहनना पसंद है।

उसके लिए हॉलीवुड अभिनेत्री सारा जैसिका पार्कर स्टाइल और आत्मविश्वास का आदर्श उदाहरण हैं। उसने कहा, वह जो भी पहनती हैं, उसमें बहुत आत्मविश्वास होता है और उन पर सब कुछ प्यारा लगता है। मैं उनकी शैली और आत्मविश्वास की भावना से प्रेरित हूं।

राशि ने कहा कि वह व्यक्तिगत शैली में भी इसी सोच और दृष्टिकोण को शामिल करने की कोशिश करती है। उसने कहा, मैंने महसूस किया है कि फैशन के बारे में बात यह है कि आप चाहे जो भी पहनें, अगर आपके पास इसे पहनने का आत्मविश्वास नहीं है तो कुछ भी काम नहीं करता और अगर आपके पास आत्मविश्वास है तो सब कुछ काम करता है इसलिए मुझे लगता है कि मेरे फैशन से ज्यादा मैं एक इंसान के तौर पर विकसित हुई हूं।

# 'सनम तेरी कसम' के हर्षवर्धन ने 10 रुपये में भी किया काम, एक्टर बनने से पहले क्या करते थे?

साल 2016 में फिल्म 'सनम तेरी कसम' रिलीज हुई थी इसमें हर्षवर्धन राणे और मावरा होकेन की जोड़ी नजर आई, इस लव स्टोरी फिल्म ने अपने लिए उस समय भी एक अलग ऑडियंस बना ली थी। फिल्म के गाने भी खूब पसंद किए गए। हाल ही में यह फिल्म फिर से रिलीज हुई है। री-रिलीज के बाद फिल्म 'सनम तेरी कसम' बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कलेक्शन कर रही है। हाल ही में हर्षवर्धन राणे ने अपने शुरुआती करियर से जुड़ी बात की। वह एक्टर बनने से पहले क्या करते थे? इस बारे में बताया।

**हर्षवर्धन का शुरुआती करियर**

हाल ही में दिए गए अपने एक इंटरव्यू में हर्षवर्धन राणे बताते हैं कि एक्टर बनने से पहले उन्होंने कई तरह के छोटे-बड़े काम किए हैं। हर्षवर्धन बताते हैं, 'मैंने पीसीओ में काम किया है, हर दिन के मुझे दस रुपये मिलते थे। इसके अलावा मैंने कुरियर बॉय का काम किया है, एक बार जॉन अब्राहम को हेलमेट कुरियर किया था, तब उनसे पहली बार मिला। इसके अलावा अर्जुन रामपाल के क्लब में डीजे के अस्सिटेंट का काम भी किया है। मैं डीजे के बैग उठाया करता था।'



**सनम तेरी कसम कर रही है शानदार कलेक्शन**

हर्षवर्धन की फिल्म 'सनम तेरी कसम' की री-रिलीज कलेक्शन की बात की जाए तो यह बॉक्स ऑफिस पर अब तक लगभग 30 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई कर चुकी है। जबकि इसके सामने इन दिनों 'स्काई फोर्स', 'देवा', 'विदामुयार्ची', 'लवयापा' और 'बैडएस रविकुमार' जैसी फिल्में मौजूद हैं।

**क्या है फिल्म की कहानी**

फिल्म 'सनम तेरी कसम' की कहानी की बात की जाए तो यह एक लव स्टोरी फिल्म है। इसमें इंदर और सरु की कहानी है। सरु फिल्म के आखिर में बीमारी के कारण मर जाती है। इंदर, सरु की यादों के सहारे अपनी जिंदगी को जीता है। फिल्म में इस स्टोरी को बहुत ही इमोशनल अंदाज में दिखाया गया है, ऑडियंस की आंखें, इस फिल्म को देखकर नम हो जाती हैं।

**अपकमिंग फिल्म भी होगी लव स्टोरी**

फिल्म 'सनम तेरी कसम' की री-रिलीज को मिल रहे प्यार से हर्षवर्धन काफी खुश हैं। इस साल भी वह एक लव स्टोरी फिल्म का हिस्सा बनेंगे। हाल ही में हर्षवर्धन राणे ने अपनी अपकमिंग फिल्म 'दीवानियत' का पोस्टर सोशल मीडिया पर शेयर किया।

# 'नयापन' लाना चुनौतीपूर्ण : यामी गौतम

वर्ष 2012 में आयुष्मान खुराना के साथ फिल्म 'विक्की डोनर' से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली यामी गौतम ने अपने अब तक के करियर में कई तरह के रोल किए हैं, फिर चाहे बात 'विक्की डोनर' या 'काबिल' की हो या फिर 'सरकार 3', 'ए थर्सडे' या 'आर्टिकल 370' की। हालांकि, इसके अलावा वह कई तेलुगु, तमिल, कन्नड़, मलयालम और पंजाबी फिल्मों के साथ 'एक्शन जैक्सन', 'बदलापुर', 'सनम रे', 'चोर निकल के भागा', 'ओएमजी 2' जैसी विभिन्न फिल्मों में नजर आ चुकी है।

यामी की खासियत है कि उसने हमेशा अपने रोल को अच्छी तरह समझा और उसे अपना बनाया है। अपनी आने वाली फिल्म 'धूम धाम' में भी उसने इसी तरह से काम किया है।

यामी इस फिल्म में प्रतीक गांधी के साथ कॉमेडी में हाथ आजमाने जा रही है। यामी कहती है, खुद में नयापन लाना चुनौतीपूर्ण होता है। कलाकार तो चाहते हैं कि वे अलग भूमिका करें, लेकिन काम तो फिल्म इंडस्ट्री से ही मिलेगा। इंडस्ट्री में धारणाएं बहुत जल्दी बन जाती हैं कि आप तो इसी भूमिका के लिए फिट हैं। यह बात मेरे कानों को पसंद नहीं है। फिर मुझे वे किरदार ढूंढने पड़ते हैं, जहां मैं बने-बनाए पैटर्न को तोड़ सकूं।

अपनी पसंद के साथ फिर अप्रत्याशित होना पड़ता है, लेकिन अगर यह बात दिमाग में आ गई कि मेरे लिए तो यही काम करता है, लोग ऐसे ही पसंद करते हैं, तो उससे फिर आप भटक सकते हैं।

अब तक के अपने करियर और संघर्षों के बारे में वह कहती है, क्योंकि मैं और आदित्य (निर्माता-निर्देशक आदित्य धर जो उसका पति है) बड़ी मेहनत से यहां तक पहुंचे हैं। इंडस्ट्री में कई बार जिस तरह की चुनौतियों और निराशा का सामना करना पड़ता है, वह सही नहीं लगता। कई बार आप चाहकर भी उसे बयां नहीं कर पाते। हम दोनों ने यह सब देखा है, इसलिए कभी एक-दूसरे को हल्के में नहीं लेते।

क्या पति उसे अपनी हर फिल्म में लेने के लिए राजी हो जाते हैं, पर उसने कहा, ₹।जब उन्हें लगता है कि मैं किसी भूमिका के लिए सही हूं, तभी वह मुझे एक प्रक्रिया के तहत अप्रोच करते हैं। ऐसा कभी नहीं हुआ है कि मैं उनकी पत्नी हूं तो फिल्म में ले लिया। मैं भी वही करूंगी, जो मेरे लिए सही होगा। हमने एक सिस्टम बनाया है। अपने काम के प्रति अनुशासित और पेशेवर रहना आवश्यक है।

उसे कौन-सी बातें पसंद नहीं हैं, पर उसने कहा, जब लोग समय की कद्र नहीं करते हैं। मैंने पहले सुना था, अब देख भी रही हूं कि कई कलाकार हैं, जो सैट पर देर से आते हैं और माफी भी नहीं मांगते। कोई एमरजैंसी हो तो और बात है, लेकिन उसके अलावा जो देर से आता है, उस पर मुझे बहुत गुस्सा आता है। बाकी मुझे कभी तू शब्द पसंद ही नहीं रहा। मेरे माता-पिता या आदित्य ने कभी मुझे तू कहकर बात नहीं की है।



# किआरा आडवाणी का 'नया रिकॉर्ड'



किआरा अपनी पहली 'बाइलिंगुअल' यानी द्विभाषी फिल्म में काम कर रही है। फिल्म का नाम 'टॉक्सिक' है और खास बात है कि पहली बार वह किसी फिल्म की शूटिंग दो भाषाओं कन्नड़ और अंग्रेजी में एक साथ कर रही है।

साल 2014 में फिल्म 'फगली' से हिन्दी फिल्मों में डेब्यू करने वाली किआरा आडवाणी को पहली बड़ी सफलता साल 2016 में फिल्म 'एम.एस. धोनीः द अनटोल्ड स्टोरी' से मिली।

आज एक के बाद एक हिट फिल्में देकर किआरा निर्माता-निर्देशकों की चहेती अभिनेत्री बन चुकी है। 'कबीर सिंह', 'गुड न्यूज', 'इंदू की जवानी', 'शेरशाह', 'भूल भुलैयां 2' जैसी सुपरहिट फिल्मों का हिस्सा रही किआरा ने वैब फिल्म 'गिल्टी' से लेकर 'लस्ट स्टोरीज' में भी काम किया है। इन फिल्मों में अलग-अलग तरह के किरदारों को पूरी शिद्दत से निभा कर उसने दर्शकों के एक बड़े वर्ग को अपना दीवाना बना लिया है।

अब वह एक और रिकॉर्ड बनाने जा रही है। किआरा अपनी पहली 'बाइलिंगुअल' यानी द्विभाषी फिल्म में काम कर रही है। फिल्म का नाम 'टॉक्सिक' है और खास बात है कि पहली बार वह किसी फिल्म की शूटिंग दो भाषाओं कन्नड़ और अंग्रेजी में एक साथ कर रही है।

यह उसकी पहली कन्नड़ फिल्म भी है, जिसके निर्देशन की कमान राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक गीता मोहनदास के हाथों में है। यह फिल्म एक हाई-ऑक्टेन एक्शन गैंगस्टर ड्रामा है, जिसे अंग्रेजी और कन्नड़ के अलावा कई अन्य भाषाओं में भी रिलीज किया जाएगा।

किआरा को फिल्म 'टॉक्सिक' से काफी ज्यादा उम्मीदें हैं। इस फिल्म को लेकर वह काफी ज्यादा मेहनत भी कर रही है। किआरा इस फिल्म में दोनों भाषाओं (अंग्रेजी और कन्नड़) में अपने संवादों को प्रस्तुत करेगी, जो उसके करियर में एक महत्वपूर्ण कदम है। फिल्म में साऊथ का सुपरस्टार यश मुख्य भूमिका में है।' के.जी.एफ. चैप्टर 2' के बाद यश इस फिल्म से बड़े पर्दे पर वापसी करने जा रहा है। यही वजह है कि इस नई जोड़ी को रुपहले पर्दे पर देखने के लिए फैंस काफी ज्यादा उत्सुक नजर आ रहे हैं।

फिल्म को अंग्रेजी में भी इसलिए शूट किया जा रहा है क्योंकि इसे भारत के अलावा विदेशों में भी बड़े स्तर पर रिलीज किए जाने की योजना है।

किआरा इस फिल्म को लेकर इसलिए भी काफी उत्साहित है क्योंकि इसके माध्यम से उसको अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान मिल सकती है।

**बेंगलुरु में चल रही शूटिंग**

'टॉक्सिक' का निर्माण के. वी.एन. प्रोडक्शंस और यश की मॉन्स्टर माइंड क्रिएशन्स की ओर से किया जा रहा है। यह फिल्म इस साल वैश्विक स्तर पर सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म की शूटिंग बेंगलुरु में चल रही है।

**किआरा की पिछली फिल्म**

वर्क फ्रंट की बात करें तो हाल ही में किआरा को तेलुगु फिल्म 'गेम चेंजर' में देखा गया था। इस फिल्म में वह सुपरस्टार रामचरण के साथ दिखी थी। हालांकि, बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म बुरी तरह फ्लॉप हुई थी।

**फिल्म 'वॉर 2' में आएगी नजर**

उसकी आगामी फिल्म की बात करें तो वह जल्द ही फिल्म 'वॉर 2' में ऋतिक रोशन और जूनियर एन.टी.आर. के साथ दिखेगी। यह भी एक एक्शन फिल्म है जिसमें किआरा एक अहम रोल निभा रही है।

**करियर का टर्निंग प्वाइंट किसे मानती है ?**

किस फिल्म को वह अपने करियर का टर्निंग प्वाइंट मानती है, पूछने पर वह कहती है, ₹कुछ लोग कहते हैं कि यह 'लस्ट स्टोरीज' है, तो कुछ इसे 'कबीर सिंह' कहते हैं। 'लस्ट स्टोरीज' के बाद बहुत सारे फिल्म निर्माता मानने लगे कि यह लड़की एक्टिंग कर सकती है। इसने मुझे सराहना दिलवाई तो 'कबीर सिंह' से मुझे दर्शकों का प्यार मिला।

# 'नागिन' बनेगी प्रियंका चाहर चौधरी !

टी.वी. की 'क्वीन' कही जाने वाली प्रोड्यूसर एकता कपूर ने अपनी फेमस फ्रैंचाइजी 'नागिन' के 7वें सीजन का ऐलान कर दिया है। इस घोषणा के बाद से ही चर्चा होने लगी है कि इस बार कौन-सी एक्ट्रैस लीड रोल में नजर आएगी। कई लोग प्रियंका चाहर चौधरी का नाम ले रहे हैं और ऐसा लग रहा है कि उनकी यह मुराद पूरी हो गई है।



दरअसल, प्रियंका ने एक हिंट दिया है, जिसे देख कर फैंस अंदाजा लगा रहे हैं कि वह 'नागिन 7' के लिए कंफर्म हो गई है। हालांकि, अभी तक इसका ऑफिशियली ऐलान नहीं हुआ है।

गौरतलब है कि एकता कपूर ने कुछ दिन पहले इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें वह अपनी टीम के साथ बैठकर 'नागिन 7' के बारे में चर्चा कर रही थी। उसने बताया है कि इस बार का सीजन 'सर्व सर्व श्रेष्ठ' होगा।

अब प्रियंका चाहर चौधरी की एक फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। यह एक मिरर सैल्फी है। उसके मोबाइल कवर पर 'नागिन' का डिजाइन बना हुआ है। यह देख कर फैंस की एक्साइटमेंट चार गुना बढ़ गई है। फैंस दावा कर रहे हैं कि एक्ट्रैस ही इस शो में नजर आएगी लेकिन अभी तक एकता या प्रियंका ने इस पर अपना रिएक्शन नहीं दिया है। इनका भी लिया जा रहा नाम प्रियंका के अलावा कुछ और अभिनेत्रियों के नाम भी सामने आ रहे हैं। कुछ फैंस 'नागिन 7' में चाहत पांडे को देखना चाह रहे हैं, तो कई शिवांगी जोशी का भी नाम ले रहे हैं। हालांकि, हीरोइन कौन होगी, इसके लिए इंतजार करना होगा।

**अब तक का करियर**

प्रियंका की बात करें तो वह धारावाहिक 'उडारियां' में तेजो के किरदार में अपनी दमदार एक्टिंग से फेमस हुई थी। इसके बाद वह रियलिटी शो 'बिग बॉस 16' में नजर आई, जहां वह टॉप 3 तक पहुंची थी। उसे पिछली बार ओ.टी.टी. पर वैब सीरीज 'दस जून' में देखा गया था। इसमें तुषार कपूर भी था। उसकी पर्सनल लाइफ की बात करें तो उसका नाम अंकित गुप्ता से जुड़ता रहा है।

**सोशल मीडिया ट्रोलिंग को कैसे सम्भालती है**

सोशल मीडिया पर वह काफी एक्टिव रहती है। सोशल मीडिया की दोधारी तलवार को वह कैसे हैंडल करती है, पर उसने कहा, सच कहूं, तो मुझे ट्रोल्स इतना ज्यादा प्रभावित नहीं करते और अगर करते भी हैं, तो मैं उन पर ज्यादा ध्यान नहीं देती। दिमाग को कंट्रोल रखती हूं।



# एलन मस्क का सबसे बड़ा सपना हुआ 'किल', आखिर किसने तोड़ा दिल




नई दिल्ली, 15 फरवरी (एजेंसियां)। दुनिया का सबसे अमीर शख्स एलन मस्क कोई सपना देखें, किसी चीज की चाहत करें और वो पूरी ना हो, ऐसा नहीं हो सकता। कुछ साल पहले उनका दिल ट्विटर पर आया था, तो उन्होंने उसे जैक डॉर्सी से पूरे 44 बिलियन डॉलर में खरीद लिया था। ट्विटर को खरीदने के लिए एलन मस्क ने पूरी एड़ी चोटी को जोर लगा दिया था। इसे पूरी दुनिया ने देखा था। ट्विटर को टेकओवर करने के बाद उन्होंने उसका पूरा नक्शा की बदल दिया। उन्होंने एक और कंपनी खरीदने की इच्छा जताई थी। खास बात तो ये है कि इस कंपनी के लिए वो ट्विटर के मुकाबले दोगुना से भी ज्यादा खर्च करने को तैयार थे। लेकिन उनका वो सपना पूरा नहीं हो सका। उस कंपनी के अधिकारियों ने एलन मस्क के ऑफर को ठुकरा दिया। आइए आपको भी बताते हैं कि आखिर एलन मस्क का सबसे बड़ा सपना क्या था और किसने उनका दिल तोड़ दिया।

**इस कंपनी को खरीदने की थी चाहत**

दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी एलन मस्क का दिल ओपनएआई पर आ गया था। जिसे खरीदने की इच्छा कुछ दिन पहले एलन मस्क ने जाहिर भी की थी। इसके लिए वो 97.4 अरब डॉलर भी देने को तैयार थे। कंपनी के फाउंडर और सीईओ सैम ऑल्टमैन ने उनका दिल तोड़ते ऑफर को ठुकरा दिया था। खास बात तो ये है कि ऑल्टमैन ने मस्क का ऑफर ही नहीं ठुकराया, बल्कि एक्स को 9.74 बिलियन डॉलर में खरीदने का ऑफर सामने रख दिया। ऑल्टमैन के एक्स को 9.74 बिलियन डॉलर खरीदने की बात को एलन मस्क के जले पर नमक छिड़कने के बराबर माना जा रहा है। क्योंकि एलन मस्क ने ट्विटर को 44 अरब डॉलर में खरीदा था। जिसकी वैल्यूएशन घटकर 10 अरब डॉलर से भी कम रह गई है।

**अब बोर्ड ने भी तोड़ा दिल**

अब इस पूरे मामले को ओपनएआई ने बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स के सामने रखा, लेकिन कंपनी ने एलन मस्क को ठेंगा दिखा दिया है। एआई सेक्टर की अमेरिकी कंपनी ओपनएआई के निदेशक मंडल ने कारोबारी एलन मस्क के कंपनी को 97.4 अरब डॉलर में खरीदने के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से खारिज कर दिया है। ओपनएआई बोर्ड के अध्यक्ष ब्रेट टेलर द्वारा शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा गया कि ओपनएआई सेल के लिए उपलब्ध नहीं है और बोर्ड ने प्रतिस्पर्धा को बाधित करने के मस्क के नए प्रयास को सर्वसम्मति से अस्वीकार कर दिया है। ओपनएआई के अधिवक्ता विलियम सैविट ने शुक्रवार को मस्क के अधिवक्ता को लिखे पत्र में कहा कि यह प्रस्ताव ओएआई के लक्ष्यों के हित में नहीं है और इसे अस्वीकार किया जाता है।

**चल रहा है मस्क के साथ विवाद**

मस्क और ओपनएआई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सैम ऑल्टमैन ने 2015 में ओपनएआई को शुरू करने में मदद की थी और बाद में उनमें इस बात पर प्रतिस्पर्धा थी कि इसका नेतृत्व किसे करना चाहिए। मस्क के 2018 में बोर्ड से इस्तीफा देने के बाद से स्टार्टअप की दिशा को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है।

मस्क ने लगभग एक साल पहले चैटजीपीटी-मेकर के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू करवाई थी, जिसमें उन्होंने कॉन्ट्रैक्ट के उल्लंघन के लिए मुकदमा दायर किया था। इसके बाद, सोमवार को मस्क, उनके एआई स्टार्टअप एक्सएआई और निवेश कंपनियों के एक ग्रुप ने ओपनएआई को कंट्रोल करने वाली गैर-लाभकारी संस्था को खरीदने के लिए बोली लगाने की घोषणा की।

**क्यों चाहते हैं ओपनएआई**

मस्क ने बाद में कहा कि चैटजीपीटी मैन्युफैक्चरर ओपनएआई यदि खुद को प्रॉफिट के लिए कार्यरत कंपनी बनाने का विचार छोड़ देती है वह इसे खरीदने की अपनी पेशकश वापस ले लेंगे। मस्क के वकीलों ने बुधवार को कैलिफोर्निया की एक अदालत में दायर एक दस्तावेज में कहा कि अगर ओपनएआई का बोर्ड यह तय करता है कि वह अपनी गैर-लाभकारी स्थिति को बनाए रखेगा और इसे लाभ के लिए कार्यरत कंपनी में बदलने की योजना को रोक देगा, तो मस्क अपनी बोली वापस ले लेंगे। वकीलों की ओर से कहा गया कि अगर कंपनी ऐसा नहीं करती है तो उसे अपनी संपत्तियों का सही मूल्य किसी बाहरी खरीदार से प्राप्त करना होगा।

# महाराष्ट्र में बैंक धोखाधड़ी मामले में ईडी की बड़ी कार्रवाई, एक करोड़ से ज्यादा की संपत्ति को किया कुर्क




नई दिल्ली, 15 फरवरी (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में बैंक धोखाधड़ी मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ी कार्रवाई की है। इसके तहत ईडी ने 12 फरवरी और 13 फरवरी को राज्य के अलग- अलग स्थानों पर छापेमारी की और कई संपत्तियों को कुर्क कर दिया। मामले की जानकारी देते हुए ईडी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर बताया कि मुंबई में ईडी ने बैंक धोखाधड़ी मामले में मेसर्स वन वर्ल्ड क्रिएशन्स प्राइवेट लिमिटेड (ओसीपीएल) और अन्य के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले में तलाशी अभियान चलाया। ईडी की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार यह कार्रवाई पीएमएलए, 2002 के प्रावधानों के तहत 13 फरवरी 2025 को मुंबई में 8 अलग-अलग स्थानों पर की गई। तलाशी के दौरान कई आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद हुए और उन्हें जब्त कर लिया गया।

**1.69 करोड़ की संपत्ति कुर्क**

साथ ही ईडी ने आगे एक दूसरे पोस्ट में बताया कि ईडी ने 12 फरवरी 2025 को पीएमएलए, 2002 के तहत मेसर्स राजमल लखीचंद ज्वेलर्स प्राइवेट लिमिटेड और अन्य के बैंक धोखाधड़ी मामले में महाराष्ट्र के जलगांव और नासिक जिलों में स्थित 1.69 करोड़ रुपये की कई अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क किया है।

**धोखाधड़ी में फंसे जमकर्ताओं को दी थी राहत**

बीते महीने जनवरी में ऐसे ही एक मामले में महाराष्ट्र के एक सहकारी बैंक के धोखाधड़ी में फंसे लाखों जमाकर्ताओं के लिए एक बड़ी राहत की खबर सामने आ रही है। जहां प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को बताया कि उसने महाराष्ट्र के एक सहकारी बैंक के धोखाधड़ी में फंसे लाखों जमाकर्ताओं को 289 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति लौटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।गौरतलब है कि यह मामला पेन (रायगढ़ जिला) पुलिस द्वारा दर्ज की गई एफआईआर से सामने आया था। मामले में आरोप था कि पेन कोऑपरेटिव अर्बन बैंक के अधिकारियों ने अपने ऑडिटर्स के साथ मिलकर बैंक के खातों में हेरफेर किया, जिससे बैंक को 651.35 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।

# डोनाल्ड ट्रंप के 'ड्रिल बेबी ड्रिल' प्लान से भारत गदगद

## केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने गिनाए फायदे

नई दिल्ली,15 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का नारा 'ड्रिल, बेबी, ड्रिल' भारत के लिए खुशखबरी ला सकता है। ट्रंप चाहते हैं कि अमेरिका ज्यादा तेल और गैस उत्पादन, खपत और निर्यात करके फिर से अमीर बने। तेल और गैस का ज्यादा उत्पादन होने से इसकी कीमत में कमी आएगी और यह भारत के लिए अच्छी बात है। यह भारत के लिए फायदेमंद है क्योंकि भारत अपनी जरूरत का 80% से ज्यादा तेल और 50% गैस आयात करता है। अगर इनकी कीमत में कमी आती है तो भारत का आयात बिल कम होगा और यह पैसा विकास के दूसरे कामों पर खर्च होगा। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी ने इंडिया एनर्जी वीक में कहा, 'राष्ट्रपति ट्रंप कह रहे हैं कि महंगे दामों का दौर खत्म हो। आर्थिक मुद्रास्फीति पर नियंत्रण पाएं। बाजार में ज्यादा ऊर्जा लाएं। ज्यादा आर्थिक विकास हो ताकि सभी को फायदा हो। मैं दुनिया के तीसरे सबसे बड़े उपभोक्ता और आयातक देश का ऊर्जा मंत्री हूं। हमारे पास चौथी सबसे बड़ी रिफाइनिंग क्षमता है। सच कहूं तो ये बातें मेरे लिए बहुत अच्छी हैं।'

**भारत को कैसे होगा फायदा**

अमेरिका दुनिया का सबसे बड़ा तेल उत्पादक है। देश में रोजाना 1.3 करोड़ बैरल से ज्यादा तेल का उत्पादन होता है। अमेरिका के 32 राज्यों और समुद्री इलाकों में तेल उत्पादन होता है। अमेरिका से ज्यादा सप्लाई से



वैश्विक ऊर्जा प्रवाह में बदलाव आ सकता है। साथ ही, कीमतें नियंत्रण में रह सकती हैं। अमेरिका से तेल का निर्यात बढ़ने से यूरोप को खाड़ी देशों से मिलने वाली आपूर्ति कम हो सकती है। यह भारतीय रिफाइनरियों के लिए फायदेमंद होगा। अभी वे रूसी तेल पर अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण हुए नुकसान की भरपाई के लिए विकल्प तलाश रहे हैं।भारत अमेरिका से भी कच्चा तेल आयात करता है। अमेरिका भारत के शीर्ष पांच आपूर्तिकर्ताओं में शामिल हो गया था। लेकिन ज्यादा ट्रांसपोर्ट कॉस्ट और लंबी यात्रा के समय के कारण यह हमेशा पहली पसंद नहीं होता। भविष्य की संभावनाएं आर्बिटेज पर निर्भर करेंगी, जहां भारत के पास लगभग 38 देशों की एक डाइवर्सिफाइड बास्केट का फायदा है। लेकिन रूस इसका एक बड़ा खिलाड़ी है। हाल ही में ट्रंप ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से बातचीत की है। इससे लगता है कि युद्ध जल्द ही खत्म हो सकता है।

# अनिल अंबानी के टूटे सारे अरमान

## तीन महीनों में बढ़ गया 8 गुना नुकसान



नई दिल्ली, 15 फरवरी (एजेंसियां)। अनिल अंबानी की फेवरेट कंपनी रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर को तीसरी तिमाही में मोटा नुकसान हुआ है। जी हां, ये नुकसान कोई छोटा मोटा नहीं है बल्कि काफी बड़ा है। शेयर बाजार को दी गई जानकारी अनुसार आरइंफ्रा के नुकसान में पिछले साल की समान तिमाही के मुकाबले करीब 8 गुना का इजाफा देखने को मिला है। खास बात तो ये है कि शुक्रवार को करीब के शेयर में करीब 7 फीसदी की गिरावट देखने को मिली थी। अब खराब नतीजे कंपनी और अनिल अंबानी के लिए किसी दोहरी मार से कम नहीं है। आइए आपको भी बताते हैं कि आखिर अनिल अंबानी की कंपनी के तीसरी तिमाही के आंकड़े क्या बयां कर रहे हैं।

**8 गुना बढ़ गया नुकसान**

रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध घाटा चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में बढ़कर 3,298.35 करोड़ रुपए हो गया है। पिछले साल समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध घाटा 421.17 करोड़ रुपए देखने को मिला था। इसका मतलब है कि इन तीन महीनों में कंपनी के घाटे में करीब 8 गुना का इजाफा देखने को मिला है। जो अपने आप में बड़ा नुकसान है। जारनकारों की मानें तो इस नुकसान को पाटना कंपनी के लिए काफी मुश्किल हो सकता है।

**आमदनी बढ़ी, खर्च कम हुआ**

कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसकी कुल आमदनी चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में बढ़कर 5,129.07 करोड़ रुपए हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 4,717.09 करोड़ रुपए थी। कंपनी ने बताया कि उसका खर्च आलोच्य तिमाही में घटकर 4,963.23 करोड़ रुपए रह गया, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 5,068.71 करोड़ रुपए था। रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर बिजली, सड़क, मेट्रो रेल और अन्य बुनियादी ढांचा क्षेत्रों के लिए इंजीनियरिंग और निर्माण सेवाएं प्रदान करने के कारोबार में है।

**कंपनी के शेयरों में बड़ी गिरावट**

शुक्रवार को रिलायंस इंफ्रा के शेयरों में बड़ी गिरावट देखने को मिली। बीएसई के आंकड़ों के अनुसार कंपनी का शेयर 17.50 रुपए यानी 6.54 फीसदी की गिरावट के साथ 250 रुपए पर बंद हुआ। जबकि कारोबारी सत्र के दौरान कंपनी का शेयर 243.25 रुपए के साथ दिन के लोअर लेवल पर भी गया था। वैसे कंपनी का शेयर तेजी के साथ 270.80 रुपए पर ओपन हुआ था और गुरुवार को 267.50 रुपए पर बंद हुआ था।

# परेशान कर देंगे अडानी ग्रुप के आंकड़े, 2 हफ्तों में कितनी डूबी 11 कंपनियां

नई दिल्ली, 15 फरवरी (एजेंसियां)। फरवरी का आधा महीना बीत चुका है। इस आधे महीने में गौतम अडानी के अडानी ग्रुप की 11 कंपनियों को मोटा नुकसान हो चुका है। ये आंकड़े किसी को भी परेशान कर सकते हैं। इसका कारण भी है। दो हफ्तों में अडानी ग्रुप की 11 कंपनियों के ज्वाइंट मार्केट कैप को 77 हजार करोड़ रुपए का नुकसान हो चुका है। सबसे ज्यादा नुकसान मार्केट कैप के हिसाब से अडानी ग्रीन एनर्जी को हुआ है। अडानी ग्रुप के मार्केट कैप में गिरावट के साथ-साथ गौतम अडानी की दौलत में भी बड़ी गिरावट देखने को मिली है। इस दौरान गौतम अडानी की नेटवर्थ से 5 अरब डॉलर यानी 43 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा कम हो गए। जानकारों की मानें तो आने वाले दिनों में गौतम अडानी की दौलत में उतार चढ़ाव जारी रह सकता है। मौजूदा समय वो दुनिया के 23वें सबसे अमीर कारोबारी हैं।खास बात तो ये है कि फरवरी के महीने में शेयर बाजार में करीब 2 फीसदी से ज्यादा की गिरावट देखने को मिल चुकी है। अडानी ग्रुप की कई कंपनियों के शेयरों में 2 फीसदी से ज्यादा की गिरावट देखने को मिली है। अब आप समझ सकते हैं कि



आखिर अडानी ग्रुप के लिए फरवरी का महीना काफी खराब रहा है। आइए आपको आंकड़ों से समझने की कोशिश करते हैं कि आखिर किस कंपनी के शेयर में कितनी गिरावट देखने को मिल चुकी है।

**शेयर बाजार में आई कितनी गिरावट?**

अगर बात शेयर बाजार की बात करें तो फरवरी के महीने में ही 2 फीसदी से ज्यादा टूट चुका है। 31 जनवरी 2025 को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स 77,500.57 अंक पर देखने को मिला था, जो कम होकर 75,939.21 अंकों पर आ गया है। इसका मतलब है कि सेंसेक्स में फरवरी के महीने में 1,561.36 अंकों की गिरावट देखने को मिल चुकी है। यानी निवेशकों को सेंसेक्स ने 2 फीसदी से ज्यादा नुकसान कराया है।

# 12 लाख से अधिक आय पर कैसे लगेगा टैक्स? 'आप' सांसद राघव चड्ढा ने बताया




नई दिल्ली, 15 फरवरी (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने नए बजट में 12 लाख रुपये तक की आय पर कर राहत दी है। सरकार का दावा है कि अब 12 लाख रुपये वार्षिक यानी एक लाख रुपये हर महीने कमाने वालों को कोई कर नहीं देना होगा, लेकिन आम आदमी पार्टी सांसद राघव चड्ढा ने कहा है कि सरकार केवल शब्द जाल में लोगों को बहलाने की कोशिश कर रही है। चड्ढा के अनुसार, 12 लाख रुपये से अधिक आय होने पर लोगों को अपनी पूरी आय पर टैक्स देना होगा। इस तरह इसे पूरी तरह आय कर में छूट नहीं कहा जा सकता। शुक्रवार को एक बयान जारी कर चड्ढा ने कहा कि वित्त मंत्री ने तकनीकी शब्दों का इस्तेमाल करके मिडिल क्लास को असली टैक्स मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश की है। राघव चड्ढा ने स्पष्ट किया कि उनके बजट भाषण में कई महत्वपूर्ण विषय शामिल थे। उन्होंने रेल यात्रियों की समस्याएं, मिडिल क्लास की खस्ता माली हालत, अमेरिकी प्रशासन द्वारा लगाए गए टैरिफ और गिरते भारतीय रुपये पर अपनी बात संसद में रखी थी। लेकिन वित्त मंत्री ने इन गंभीर मुद्दों को नजरअंदाज कर दिया और केवल उनके द्वारा टैक्स छूट को लेकर दिए गए एक उदाहरण पर ध्यान केंद्रित किया, जिसमें उन्होंने आयकर छूट के गणित को समझाने की कोशिश की थी।सांसद राघव चड्ढा ने अपने वीडियो बयान में कहा कि 12 लाख रुपये की छूट कोई कर छूट या कटौती नहीं है, बल्कि यह एक टैक्स रिबेट है। इसका मतलब यह है कि यदि कोई व्यक्ति वित्तीय वर्ष में 12 लाख से एक रुपये भी अधिक कमाता है, तो उसे पूरी आमदनी पर टैक्स देना होगा। राघव चड्ढा ने कहा कि मार्जिनल टैक्स रिलीफ सिर्फ 12.75 लाख रुपये तक की आमदनी पर ही लागू होती है। यदि किसी व्यक्ति की सालाना इनकम 13 लाख रुपये है, तो उसे पूरे 13 लाख रुपये की आमदनी पर टैक्स देना होगा। यदि आय 12.76 लाख रुपये है, तो पूरे 12.76 लाख रुपये पर कर देना होगा, न कि केवल 76,000 रुपये पर। चड्ढा ने कहा कि वित्त मंत्री को निजी हमले करने से बचना चाहिए। टैक्स कंसल्टेंट सीए पारुल अग्रवाल ने अमर उजाला से कहा कि केंद्र सरकार ने आयकर के लिए किसी नए स्लैब का निर्धारण नहीं किया है।

# 'कुछ देश सिर्फ बातें करते हैं, भारत काम करके दिखाता है'

## यूएन जलवायु प्रमुख साइमन स्टील का बड़ा बयान

नई दिल्ली, 15 फरवरी (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र के जलवायु प्रमुख साइमन स्टील ने सौर ऊर्जा के क्षेत्र में भारत द्वारा किए गए कामों की तारीफ की और कहा कि भारत सौर ऊर्जा के क्षेत्र में महाशक्ति है। उन्होंने भारत से पूरी अर्थव्यवस्था को करने वाली एक महत्वकांक्षी जलवायु योजना बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्वच्छ ऊर्जा को मजबूती से अपनाने से आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा। एक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए भारत आए साइमन स्टील ने जलवायु परिवर्तन के असर को कम करने के लिए भारत के प्रयासों की सराहना की और कहा कि 'कुछ सरकारें सिर्फ बातें करती हैं, लेकिन भारत काम करके दिखाता है'।

**भारत मजबूती से आगे बढ़ रहा**

यूएन जलवायु प्रमुख साइमन स्टील ने कहा कि भारत पहले से ही सौर ऊर्जा के



मामले में महाशक्ति है और उन चार देशों में शामिल है, जो 100 गीगावाट से अधिक सौर ऊर्जा का उत्पादन कर रहा है। सौर ऊर्जा की पहुंच बढ़ रही है और देश भर के गांवों में बिजली पहुंचाई जा रही है। उन्होंने कहा, 'अब भारत के लिए अगला कदम उठाने और भारत के 140 करोड़ लोगों और अर्थव्यवस्था के लिए और भी बड़े फायदे प्राप्त करने का एक वास्तविक अवसर है। भारत पहले से ही इस दिशा में मजबूती से आगे बढ़ रहा है, लेकिन वैश्विक स्वच्छ ऊर्जा को और भी मजबूती से अपनाने की जरूरत है, जिससे भारत की आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा।'

**जलवायु योजनाएं देने की अपील**

स्टील ने कहा कि दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भारत, महत्वाकांक्षी जलवायु योजनाओं का लाभ उठाने के लिए अच्छी स्थिति में है। भारत सहित कई देशों द्वारा 10 फरवरी की समय-सीमा चूक जाने के बाद, स्टील ने इस महीने की शुरुआत में उनसे सितंबर तक अपनी योजनाएं प्रस्तुत करने का आग्रह किया। देशों को इस वर्ष 2031-2035 की अवधि के लिए राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान या जलवायु योजनाओं का अपनी आगे की योजनाओं को प्रस्तुत करना आवश्यक है। इन जलवायु योजनाओं का सामूहिक उद्देश्य औद्योगिक क्रांति की शुरुआत से वैश्विक तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करना है, जो 2015 के पेरिस समझौते का मुख्य लक्ष्य है।

# 7 घंटे में 4.5 अरब डालर स्वाहा, रिटेल ट्रेडिंग के इतिहास का सबसे काला दिन

नई दिल्ली,15 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तर्ज पर अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर मिलेई ने भी शुक्रवार रात को एक मीमकॉइन एलआईबीआरए लॉन्च की। हालांकि यह उनकी पर्सनल मीमकॉइन नहीं थी लेकिन उन्होंने इसे प्रमोट किया। उनका कहना था कि इस कॉइन को इकॉनमी को बूस्ट करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह छोटी कंपनियों को फंड करेगी। निवेशकों ने इसे हाथोंहाथ लिया और देखते ही देखते इसका मार्केट कैप करीब 5 अरब डॉलर तक पहुंच गया। शुरुआत में लोगों को लगा कि कई राष्ट्रपति का अकाउंट हैक तो नहीं हो गया है।लेकिन दूसरे नेताओं ने भी जब इसे पोस्ट किया तो निवेशक इसकी ओर लपके। पहले दो घंटे में ही 50,000 वॉलेट एलआईबीआरए के होल्डर बन गए। लोग $ट्रम्प छोड़कर एलआईबीआरए का रुख करने लगे। इससे ट्रम्प का मार्केट कैप 50 करोड़ डॉलर से अधिक घट गया। लेकिन कुछ ही घंटे में पासा पलट गया। मिलेई ने ट्वीट किया कि उनका इस मीम कॉइन से कोई लेनादेना नहीं है। उन्होंने कहा कि उनके पास इस टोकन के बारे में रिसर्च करने के लिए ज्यादा समय नहीं था और उन्होंने जल्दबाजी में इसे सपोर्ट कर दिया। इसके बारे में ज्यादा जानकारी मिलने के बाद उन्होंने इसके ट्विटर अकाउंट को अनफॉलो कर दिया।उनका ट्वीट आते ही एलआईबीआरए की कीमत 89% घट गई। क्रिप्टो एनालिटिक्स प्लेटफॉर्म डेक्सस्क्रीनर के मुताबिक इसकी कीमत $4.50 तक पहुंच गई थी जो बाद में घटकर $0.50 पर आ गई। इस तरह कुछ ही घंटों में इसका 4.5 अरब डॉलर मार्केट कैप स्वाहा हो गया।

# दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**




| ग्रह स्थिति | |
|---|---|
| सूर्य- कुंभ | मे |
| चंद्र- कन्या | मे |
| मंगल मिथुन | मे |
| बुध- कुंभ | मे |
| गुरु- वृष | मे |
| शुक्र- मीन | मे |
| शनि- कुंभ | मे |
| राहु- मीन | मे |
| केतु- कन्या | मे |

| लग्नारंभ समय | |
|---|---|
| कुंभ... | 06-33 बजे |
| मीन.... | 08-12 बजे |
| मेष--- | 09-48 बजे |
| वृष--- | 11-32 बजे |
| मिथुन.. | 13-33 बजे |
| कर्क.... | 15-25 बजे |
| सिंह--- | 17-58 बजे |
| कन्या... | 20-04 बजे |
| तुला.... | 22-10 बजे |
| वृश्चिक... | 00-20 बजे |
| धनु...... | 02-33 बजे |
| मकर.... | 04-53 बजे |

श्री कालयुक्त संवत्सर-विक्रम संवत-2081
शक संवत- 1946 सूर्य • उत्तरायणे • ऋतु • शिशिर
महावीर निर्वाण संवत -2051,हिजरी सन् -1444
कलियुग अवधि-432000 — सूर्योदय - 06-46, सूर्यास्त - 18-14
भोग्य कलि वर्ष-426875
कलियुग संवत् -5125 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् -1972949125
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885125
दिशाशूल -- पश्चिम - पान खाकर घर से निकले
तिथि- चतुर्थी . 02-15 तक उपरान्त पंचमी
मास • पौष कृष्ण , रविवार 16 February
नक्षत्र • हस्त 04-30 तक उपरान्त चित्रा
योग • धृति 08-04 तक उप शूल
करण- बव 13-01 तक उप बालव
विशेष:- अमृतसिद्धि१७उ.२८ या.
व्रत -त्योहार • फाल्गुनी चतुर्थीव्रतं

विशेषः- राशिफल गृहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश क लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल 16:50 से 18:17 तक**

**पं महेशचन्द्र शर्मा मो. 9247132654, 9167555710**

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| उत्पात | 06:46 - 08:10 | अशुभ | शुभ | 18:14 - 19:50 | शुभ |
| चंचल | 08:10 - 09:37 | शुभ | अमृत. | 19:50 - 21:24 | शुभ |
| लाभ | 09:37 - 11:04 | शुभ | चंचल | 21:24 - 22:57 | शुभ |
| अमृत | 11:04 - 12:30 | शुभ | रोग | 22:57 - 00:30 | अशुभ |
| काल. | 12:30 - 13:57 | अशुभ | काल | 00:30 - 02:03 | अशुभ |
| शुभ | 13:57 - 15:24 | शुभ | लाभ | 02:03 - 03:36 | शुभ |
| रोग | 15:24 - 16:50 | अशुभ | उत्पात | 03:36 - 05:10 | अशुभ |
| उत्पात | 16:50 - 18:14 | अशुभ | शुभ | 05:10 - 06:46 | शुभ |

# आपका राशिफल

**मेष** — चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,
आपको आगे बढने से बहुत से अवसर मिलेंगे लेकिन उन सबको हासिल करने की जल्दी में ना रहें । अपने सभी विकल्पों को ध्यान से सोच समझकर ही आगे बढ़ें ।अपने दोस्तों के साथ भी बाँटें । यह ऐसा समय होगा जब आपको कई प्रयास करने होंगें ।सब कुछ भाग्य पर ना छोड़ें । आपके कार्य ही आपके भाग्य का निर्माण करेंगे ।

**वृष** — ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,
अपने जैसी रुचियों और सत्तासीन व्यक्तियों से साझेदारी बनाने की कोशिश करें । कुछ आदमी आपको झूठी आशाएं देने की कोशिशें कर रहे हैं लेकिन आपको उनकी बातों पर ध्यान नही देना है । अपने आप से फैसले लें और उनपर जमे रहें । आप काफी समय से घर खरीदने की सोच रहें हैं,अब आप ऐसा कर सकते हैं ।

**मिथुन** — का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,
संबंधों में उलझन ,दोहरे अर्थों वाली बातचीत तथा गलतफहमियां आज पूरे दिन आप पर हावी रहेंगी । लेकिन इससे किसी नुक्सान की बजाय मनोरंजन की उम्मीद ज्यादा है । इसीलिए इनके बारे में चिंता करने की बजाय अपने मूड को हल्का फुल्का रखें और हो रही घटनायों का आनंद उठायें । यदि आप ऐसा करेंगे तो दिन बहुत खुशगवार गुजरेगा ।

**कर्क** — ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,
आज फैसला लेने का दिन है । आप पिछले सप्ताह से कई चीजों के बारे में चिंता कर रहें हैं । आज कोई ऐसा फैसला लेना पड़ सकता है जो शुरू में काफी कठोर लगे । लेकिन आपको इस बारे में अपने दिल की सुननी चाहिए । ये सोचना है कि अब मुझे क्या करना चाहिए? ये नही कि मुझे क्या करना होगा?अपने दिल की बात सुनें,इससे आपको लाभ होगा ।

**सिंह** — मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,
आपकी निजी और व्यवसायिक जिन्दगी के बीच एक असंतुलन है ।इसे दूर करने का एक ही तरीका है कि आप अपने प्रतिदिन के काम की योजना बनाएं,जो हर दिन की जरुरत के हिसाब से अलग हो । चिंता ना करें,आपके परिजन हाल-फिलहाल आपके उनके प्रति कम ध्यान के बावजूद आपके समर्पण को पहचान पाएंगे ।

**कन्या** — टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
आज किसी अनियोजित रोमांचक यात्रा पर जाने की सम्भावना है । हो सकता है कि शहर में ही घूमना चाहें,लेकिन आपका विचार खूब मजे करने का है और ऐसा ही होगा भी । आप किसी करीबी के साथ हुए गिले-शिकवे दूर कर सकते हैं । आपको पहले ही ऐसा करना चाहिए था,परन्तु आज सामने आने पर सब बातें साफ़ हो जायेंगी ।

**तुला** — रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,
आप अपने आप को विभिन्न दिशाओं में आकर्षित अनुभव कर रहे हैं और समझ नही पा रहे कि क्या किया जाना चाहिए ? यह परेशानी आज और ज्यादा बढ़ेगी और आपके लिए फैसला लेना और भी मुश्किल हो जाएगा । आपको सावधानी से काम लेना होगा क्योंकि आपके फैसले लेने की क्षमता भावनाओ और दुसरे कारणों से प्रभावित हो सकती है ।

**वृश्चिक** — तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,
कोई नया काम शुरू करने के लिए दिन विशेष रूप से अच्छा है । अगर आप अपनी नौकरी या करियर में कोई बदलाव लाने या कोई नया सम्बन्ध बनाने के बारे में सोच रहे हैं तो आज से अच्छा कोई भी दिन नही हो सकता । अगर आपको इसमें कोई जोखिम लगता भी है तो भी एक मौका जरुर लें और सब कुछ जैसे आप चाहते हैं,बिलकुल वैसे ही होने की पूरी संभावना है ।

**धनु** — ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे
आज का दिन मौज मस्ती के नाम रहेगा । आज सगे सम्बन्धियों से मुलाकात हो सकती है ,फोन या मेल के द्वारा भी संपर्क हो सकता है । वर्त्तमान समय अपने सामाजिक कौशलों को निखारने तथा आने वाली पार्टियों के लिए खुद को तैयार करने का बिलकुल सही समय है । दिन के आगे बढ़ने के साथ साथ वित्तीय परेशानियां अपने आप दूर होती जायेंगी ।

**मकर** — भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी
आपको अपनी स्थिति ,विशेषकर वित्तीय स्थिति पर अच्छी तरह विचार करने की आवशयकता है । बहुत खर्च करने में आनंद आ सकता है लेकिन इससे आपके परिवार की वित्तीय स्थिति पर भी बुरा असर पड़ सकता है ,आपको यह जानना होगा ।जहां तक वित्तीय स्थिति का सवाल है,आपको ठंडे दिमाग से काम लेते हुए और परिजनों की बात भी सुननी चाहिए ।

**कुंभ** — गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,
आज का दिन आपके लिए विशेष हो सकता है । आपके दृष्टिकोण में आज कोई नया आयाम जुड़ेगा या आप किसी अपरिचित व्यक्ति के दृष्टिकोण से अत्यधिक प्रभावित होंगे । आपको यह सीख मिलेगी कि अपना भविष्य तय करने में तथा अपनी जिंदगी में फिलहाल चल रही समस्या से जूझने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका आप०को ही निभानी है ।

**मीन** — दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची
आज का दिन कुछ अनिश्चित सा है ,आपको संवेदनशील लोगो से बात करते हुए अधिक सावधान रहना होगा । यह समय सामना करने और फैसले लेने के लिए भी उपयुक्त है । आप जिन अवांछित स्थितियों से बचना चाहते थे ,आपको उनमें खींचा जाएगा । कुछ कठोर निर्णय लेने होंगें । हालाँकि आप दबाव में भी सही फैसले ले पायेंगे और कुल मिलाकर सब अच्छा होगा ।

**श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र**

# बीआईटी के प्लेटिनम जुबली में शामिल हुई राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

## बोली– जब भी झारखंड आई, लगा घर आई देश के विकास में है संस्थान का योगदान



रांची, 15 फरवरी (एजेंसियां)। बीआईटी मेसरा के 70वें स्थापना दिवस में शामिल हुई राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने संबोधन में कहा कि यह संस्थान अपने बेहतरीन कामों के लिए जाना जाता है। उन्होंने कहा कि 70 साल में इस संस्थान के नाम कई उपलब्धियां हैं। इस संस्थान में अपने इस ऐतिहासिक वर्षों में देश के विकास में काफी योगदान दिया है।

इसके साथ ही उन्होंने बताया कि बतौर राज्यपाल और विश्वविद्यालय के कुलाधिपति रहते संस्थान के क्रिया कलापों से अवगत रही हूं। झारखंड के प्रति अपने लगाव को लेकर उन्होंने कहा कि जब भी मेरा झारखंड आना होता है तो लगता है कि अपने घर आई हूं।

अपने निर्धारित समय पर बीआईटी मेसरा कैंपस पहुंची। जहां संस्थान के चेयरमैन सीके बिरला, वीसी इंद्रनील मन्ना, झारखंड सरकार के उच्च व तकनीकी शिक्षामंत्री सुदिव्य सोनू ने उनका स्वागत किया। इसके बाद कैंपस में विभिन्न डिपार्टमेंट्स के स्टूडेंट्स की ओर से लगाए गए प्रदर्शनियों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने छात्रों के प्रयासों की तारीफ की। उन्होंने कैंपस में पौधरोपण भी किया।

जीपी बिरला सभागार में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में संस्थान ने चेयरमैन सीके बिरला ने संस्थान के 70 साल की यात्रा को बताया। वहीं वीसी इंद्रनील मन्ना ने उपलब्धियों और संभावनों को लोगों के बीच साझा किया। उच्च व तकनीकी शिक्षामंत्री सुदिव्य सोनू ने भी संस्थान की राज्य और देश की तरक्की में दिए योगदान की तारीफ की। राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष गंगवार ने कहा कि बीआईटी मेसरा इस देश में कई इंजीनियरिंग विषयों और कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने की समृद्ध विरासत के साथ एक प्रतिष्ठित प्रौद्योगिकी संस्थान है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी में नए आयामों के उदय के साथ, यह अपने कुशल युवा इंजीनियरों और प्रबंधकों के लिए नई संभावनाएं प्रस्तुत कर रहा है। 1955 से लेकर अब तक बीआईटी ने एक लंबा सफर तय किया है। बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को तैयार किया है, जिन्होंने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी योग्यता से संस्थान और देश का नाम रोशन किया है। यह संस्थान निरंतर नये नवाचारों और अनुसंधान में अग्रणी भूमिका निभा रहा है, जो इसे विश्वस्तर पर विशिष्ट बनाता है। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के 70 साल की यात्रा को शॉर्ट वीडियो के माध्यम से दिखा गया। जहां बताया गया कि कैसे 83 स्टूडेंट्स, 3 विभाग और 8 शिक्षकों के साथ शुरू हुआ संस्थान आज 600 से अधिक शिक्षकों, 20 से अधिक विभाग और हजारों छात्रों से भरा यूनिवर्सिटी बन चुका है।

बता दें कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शुक्रवार की शाम राजभवन पहुंची। इस दौरान उन्होंने राजभवन में बतौर राज्यपाल बिताए पलों को याद किया। परिसर में स्थित उद्यान सहित युद्ध टैंक, चरखा आदि को देखा। दरबार हॉल में राष्ट्रपति कुछ चुनिंदा लोगों से मुलाकात की।

राष्ट्रपति के आने से लेकर उनके जाने तक एयरपोर्ट एरिया को नो फ्लाई जोन घोषित किया गया था। वहीं कार्यक्रम की समाप्ति के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सीधे बिरसा मुंडा एयरपोर्ट के लिए रवाना हो गई। विशेष विमान से वह सीधे नई दिल्ली के लिए रवाना हुई। राष्ट्रपति के राजभवन से बीआईटी मेसरा तक जाने और बीआईटी मेसरा से बिरसा मुंडा एयर पोर्ट तक जाने के क्रम में शहर की ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह बदली रही।

# छत्तीसगढ़ नगर निकाय चुनाव में भाजपा की बड़ी जीत

रायपुर, 15 फरवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ नगर निकाय चुनाव के नतीजे शनिवार को आ गए। राज्य के कुल 10 निगम, 49 नगरपालिका और 113 नगर पंचायतों पर 11 जनवरी को चुनाव हुए थे। भाजपा ने सभी 10 नगर निगम में जीत दर्ज की है। यहां कांग्रेस का सूफड़ा साफ हो गया।

वही, राज्य की 49 नगर पालिकाओं में से भाजपा के खाते में 35 गई हैं। कांग्रेस ने 8 पर जीतीं। आप ने बिलासपुर की बोधरी नगर पालिका में जीत दर्ज की। निकाय चुनाव में आप की यह पहली जीत है।

**भाजपा की जीत पर सांसद बृजमोहन ने जताया जनता का आभार**

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने पूर्व मेयर एजाज ढेबर की हार पर कहा कि जो जैसा करेगा वैसा भरेगा, जनता ने कांग्रेस को कह दिया है कि अब भी मौका है सुधर जाओ नहीं तो जनता सुधार देगी।

**मीनल चौबे बोलीं- ढेबर को उसके भ्रष्टाचार ने हराया**

रायपुर में भाजपा की मेयर प्रत्याशी मीनल चौबे ने सबसे बड़ी जीत दर्ज की है।

उन्होंने इस जीत के लिए जनता का धन्यवाद किया है।







**छत्तीसगढ़ निकाय चुनाव रिजल्ट**

| | नगर निगम 10 | नगर पालिका 49 | नगर पंचायत 114 |
|---|---|---|---|
| बीजेपी | 10 | 35 | 81 |
| कांग्रेस | 00 | 08 | 22 |
| बसपा | 00 | 05 | 01 |
| आप | 00 | 01 | 00 |
| निर्दलीय | 00 | 00 | 10 |

साथ ही उन्होंने कांग्रेस की हार कहा है कि एजाज ढेबर को उनके भ्रष्टाचार ने हराया है। भाजपा ने लगातार भ्रष्टाचार के मुद्दों को उठाया था। जिसके बाद जनता ने भाजपा पर भरोसा जताया।

# एसीबी की रेड, 1 लाख कैश के साथ डीईओ अरेस्ट

## सूरजपुर में दफ्तर से 3 लाख रुपए बरामद रायगढ़ में 15 हजार की रिश्वत लेते पकड़ाया रेंजर



सूरजपुर/रायगढ़, 15 फरवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले में एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने शुक्रवार को जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि, डीईओ राम ललित पटेल 28 फरवरी को रिटायर भी होने वाले थे, लेकिन उससे पहले 1 लाख रुपए की रिश्वत लेते ट्रैप हो गए। दफ्तर से कुल 3 लाख रुपए मिले हैं।

जानकारी के मुताबिक, डीईओ ने आरटीआई के तहत मिलने वाली राशि के बदले 5 प्राइवेट स्कूल के संचालकों से 2 लाख रुपए की डिमांड की थी, जो लगभग 10 परसेंट है। राम ललित पटेल को आज एसीबी कोर्ट में पेश करेगी। इसके अलावा रायगढ़ में भी एसीबी ने रेंजर को 15 हजार की रिश्वत लेते रंगहाथों पकड़ा है।

अंबिकापुर एसीबी की टीम ने स्कूल संचालकों से शिकायत मिलने पर ट्रैप की योजना बनाई। पहली किश्त में एक लाख रुपए देने की बात तय हुई। इसकी पुष्टि होने के बाद एसीबी की टीम शुक्रवार को सूरजपुर पहुंची। शाम करीब 6 बजे डीईओ कार्यालय में राम ललित पटेल को रिश्वत लेते रंगेहाथों पकड़ा।

डीईओ कार्यालय की जांच के दौरान 2 लाख रुपए और बरामद हुए हैं। आशंका है कि, यह राशि भी अन्य निजी स्कूलों से बतौर रिश्वत ली गई है। एसीबी की टीम ने डीईओ के निवास में भी छापा मारा है। डीईओ राम ललित पटेल के खिलाफ 7 पीसी एक्ट की कार्रवाई कर गिरफ्तार कर लिया गया है। डीईओ राम ललित पटेल मूल रूप से बलरामपुर जिले के वाड्रफनगर के रहने वाले हैं। सूरजपुर में ट्रैप किए जाने के बाद एसीबी की एक टीम ने उनके मूल निवास वाड्रफनगर भी पहुंची है। डीईओ के घर नगदी, जमीनों के दस्तावेज, बैंक रिकार्ड और लॉकरों की जानकारी जुटाई जा रही है।

सूरजपुर जिले के जिला शिक्षा अधिकारी राम ललित पटेल को सितंबर 2023 में 34 लाख रुपए के मिलेट्स खरीदी में गड़बड़ी के आरोप में निलंबित किया गया था। इस समय वे बलरामपुर और सूरजपुर जिलों के जिला शिक्षा अधिकारी का प्रभार संभाल रहे थे।

# आम आदमी की तरह प्रयागराज स्टेशन पर बैठे अर्जुन मुंडा

## ट्रेन का इंतजार करते दिखे झारखंड के पूर्व सीएम, पास बैठे लोग भी नहीं पहचान पाए



रांची, 15 फरवरी (एजेंसियां)। झारखंड के पूर्व सीएम और केंद्र में मंत्री रह चुके भाजपा के गद्दावर नेता अर्जुन मुंडा का एक 47 सेकेंड का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। यह वीडियो उनके कुंभ स्नान कर लौटते हुए प्रयागराज स्टेशन में ट्रेन का इंतजार करते हुए है। इस वीडियो को उन्होंने खुद अपने X अकाउंट में साझा किया है।

इस वीडियो में वह आमजन की तरह ट्रेन का इंतजार कर रहे हैं। 47 सेकेंड के इस वीडियो के पहले हिस्से में वह अकेले बैठे नजर आ रहे है तो वहीं दूसरे हिस्से में उनकी पत्नी मीरा मुंडा भी साथ नजर आ रही है। उनके ट्रेन का इंतजार करते हुए बैठे रहने का अंदाज कहीं से नहीं लग रहा है कि वह राष्ट्रीय स्तर के नेता हैं। एक दम आम लोगों के अंदाज में वह ट्रेन का इंतजार कर रहे हैं।

अपने इस वीडियो को शेयर करते हुए उन्होंने अपने X अकाउंट पर उन्होंने इस वीडियो को 9 फरवरी को साझा किया। साथ ही लिखा है कि महाकुंभ में स्नान कर आज प्रयागराज से झारखंड के लौटा हूं। महाकुंभ के भव्य आयोजन के लिए केंद्र सरकार और उत्तर प्रदेश की सरकार को बहुत- बहुत बधाई।

इस आयोजन का संचालन सफ़लतापूर्वक किया जा रहा है, जिसमें करोड़ों श्रद्धालु आस्था के इस महापर्व में भाग लेने के लिए पूरे देश और विदेश से भी आ रहे हैं। श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो इसके लिए सरकार के द्वारा सभी जगहों पर बेहतर इंतजाम किया गया है। इस भव्य आयोजन के व्यवस्था में लगे सभी लोग बधाई के पात्र हैं। सभी का बहुत - बहुत आभार।

अर्जुन मुंडा के इस वायरल वीडियो को एक्स पर कई यूजर्स ने शेयर कर भावनाएं व्यक्त की हैं। एक यूजर ने लिखा है कि प्रयागराज स्टेशन पर आम आदमी की तरह बैठे थे झारखंड के पूर्व सीएम। उनके पास बैठे लोग भी उन्हें नहीं पहचान पाए। पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा अपनी पत्नी मीरा मुंडा के साथ प्रयागराज महाकुंभ में स्नान करके झारखंड लौटते समय प्लेटफार्म पर बैठे नजर आए।

महज 35 वर्ष की आयु में मुख्यमंत्री का पद संभालने वाले अर्जुन मुंडा के नाम देश में सबसे कम उम्र में मुख्यमंत्री बनने का रिकॉर्ड है। अर्जुन मुंडा अकसर आम लोगों के बीच घुलने-मिलने के लिए जाने जाते हैं। चाहे वे राजनेता हों, उद्योगपति हों या खेल जगत की हस्तियां। महाकुंभ के दौरान भी उन्होंने अपनी यही सहजता दिखाई। स्नान के बाद, बिना किसी विशेष वीआईपी सुविधा का उपयोग किए, वे आम श्रद्धालुओं की तरह प्लेटफॉर्म पर बैठकर अपनी ट्रेन का इंतजार करते नजर आए।

# छत्तीसगढ़ में दिन गर्म, रात ठंडी, 3 डिग्री चढ़ेगा पारा

रायपुर, 15 फरवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में दिन के समय तेज धूप के कारण गर्मी बढ़ रही है, जबकि रात में हल्की ठंड बनी हुई है। प्रदेश के कई जिलों में अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी देखी जा रही है। मौसम वैज्ञानिक एचपी. चंद्रा के मुताबिक उत्तर से आने वाली ठंडी और शुष्क हवाओं का प्रभाव कमजोर पड़ रहा है, जिससे न्यूनतम तापमान में वृद्धि होने की संभावना है।

अगले दो दिनों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में 2-3 डिग्री तक की बढ़ोतरी हो सकती है। शुक्रवार को दुर्ग जिला सबसे गर्म रहा, यहां अधिकतम तापमान 33.8 डिग्री रहा। वहीं अंबिकापुर सबसे ठंडा रहा। यहां न्यूनतम तापमान 6.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

रायपुर के तापमान में उतार-चढ़ाव जारी है। बुधवार को न्यूनतम तापमान 20.8 डिग्री था, जो गुरुवार को गिरकर 18.5 डिग्री सेल्सियस हो गया, लेकिन यह अब भी सामान्य से 2.1 डिग्री ज्यादा है।

# महिला ने बदमाशों को धक्का देकर पकड़ा

## देवघर में चलती बाइक से पर्स छीनने की कोशिश, दोनों बदमाश गिरफ्तार

देवघर, 15 फरवरी (एजेंसियां)। देवघर में एक महिला की बहादुरी ने छिनतई की वारदात को नाकाम कर दिया। मामला शनिवार को कुंडा थाना क्षेत्र के बलिया चौकी के पास का है। मोटरसाइकिल सवार दो बदमाशों ने चलती बाइक पर पति संग बैठी महिला के पर्स को छीनने का प्रयास किया। महिला ने धक्का देकर बदमाशों को बाइक समेत सड़क पर गिरा दिया।

हालांकि दंपती भी गिर गए। महिला ने हार नहीं मानी और दौड़कर एक बदमाश को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। जबकि दूसरा बदमाश भाग निकला। वहीं, पुलिस गिरफ्त में आए बदमाश से पूछताछ के बाद उसके दूसरे साथी को भी गिरफ्तार कर लिया गया।

इस घटना में बाइक से गिरने की वजह से दंपती को भी हल्की चोट लगी है। दोनों बदमाशों की पहचान दशरथ यादव और अशोक यादव के रूप में हुई है। पुलिस अब दोनों के आपराधिक इतिहास की जांच कर रही है।

महिला जैबुन निशा के पति चिराउद्दीन अंसारी ने बताया कि वो सारठ के बगडबरा गांव के रहने वाले हैं। शनिवार को बाइक से दोनों देवघर जा रहे थे। जैबुन निशा ने कंधे पर पर्स लटका रखा था। जैसे ही बाइक बलिया चौकी के पास पहुंची, बाइक सवार दो बदमाश पीछे लग गए।

कुछ आगे बढ़ने पर बदमाश बाइक से सामने आए और जैबुन निशा के पर्स को छीनने का प्रयास किया। जैबुन निशा ने साहस दिखाते हुए बदमाशों को धक्का दे दिया, जिससे दोनों बदमाश बाइक समेत सड़क पर गिर गए।

हालांकि झटके की वजह से दंपती भी नीचे गिर गए, पर जैबुन निशा ने तत्काल एक बदमाश को पकड़ लिया, जबकि दूसरा मौके से फरार हो गया। महिला के शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीण मदद के लिए पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने दूसरे बदमाश को भी गिरफ्तार कर लिया है। इधर, पुलिस विभाग में महिला की बहादुरी की सराहना की जा रही है, जिसकी वजह से दोनों अपराधी पुलिस की गिरफ्त में आ गए।

# कुख्यात गणेश सिंह गिरोह का सक्रिय सदस्य गिरफ्तार

**एमजीएम थाना क्षेत्र में हत्या की साजिश रचते पकड़ाया, पिस्टल और कारतूस बरामद**

जमशेदपुर, 15 फरवरी (एजेंसियां)। जमशेदपुर पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई में कुख्यात गणेश सिंह गिरोह के सक्रिय सदस्य स्वराज नर्सिंग को गिरफ्तार किया है। एमजीएम थाना क्षेत्र से की गई इस गिरफ्तारी में आरोपी को हत्या की साजिश रचते हुए पकड़ा गया। पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस कार्रवाई में आरोपी के पास से एक पिस्टल और कारतूस बरामद किए गए हैं। यह गिरफ्तारी पुलिस के लिए एक बड़ी सफलता मानी जा रही है। ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग ने इस सफलता पर प्रतिक्रिया देते हुए बताया कि पुलिस अपराधियों के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है।

# झारखंड भाजपा में कुर्सी के लिए सेटिंग जारी

## नेता प्रतिपक्ष के बाद प्रदेश अध्यक्ष पर विचार प्रदेश अध्यक्ष के लिए ओबीसी नेताओं पर नजर



रांची, 15 फरवरी (एजेंसियां)। झारखंड बीजेपी में वैसे तो सबकुछ शांत सा लग रहा है लेकिन नेता प्रतिपक्ष और प्रदेश अध्यक्ष की कुर्सी के लिए सेटिंग-गेटिंग जारी है।

इन दिनों नेता प्रतिपक्ष से अधिक प्रदेश अध्यक्ष को लेकर चर्चा का बाजार गर्म है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक नेता प्रतिपक्ष के लिए तो दावेदार सीमित हैं, पर प्रदेश अध्यक्ष के दावेदारों की संख्या अधिक है। ऐसी संभावना है कि नेता प्रतिपक्ष की घोषणा के बाद ही प्रदेश अध्यक्ष के नाम पर विचार होगा।

वर्तमान परिस्थिति में नेता प्रतिपक्ष और प्रदेश अध्यक्ष का पद एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। अगर, बाबूलाल मरांडी नेता प्रतिपक्ष बनते हैं, तो फिर प्रदेश अध्यक्ष की कुर्सी पर कोई ओबीसी नेता बैठेगा, पर अगर नेता प्रतिपक्ष की कुर्सी किसी सामान्य या पिछड़े को मिली, तो प्रदेश अध्यक्ष की कुर्सी अनुसूचित जाति के नेता या अनुसूचित जनजाति के हवाले की जाएगी। दिल्ली से मिल रही सूचना के अनुसार प्रदेश अध्यक्ष के लिए ओबीसी नेताओं पर केंद्रीय नेतृत्व की नजर है। ऐसा हुआ, तो भाजपा एक बार फिर प्रदेश में ओबीसी राजनीति को प्रमुखता देगी।

बताया जा रहा है कि इन दो नियुक्तियों के माध्यम से पार्टी सामाजिक समीकरण साधते हुए अगले पांच वर्ष की अपनी कार्ययोजना तैयार करेगी। विधानसभा में पार्टी का मुख्य सचेतक और सचेतक कौन होगा, इसके लिए भी दो नाम तय होने हैं। इस बीच, कई सांसद, विधायक और वरीय नेता दिल्ली के अपने-अपने संपर्कों को साधने में लगे हुए हैं।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मिलने की होड़ अचानक तेज हो गई है। राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू और धनबाद सांसद ढुलू महतो एक साथ, तो हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने अकेले अमित शाह से मुलाकात की है। इस प्रकार इन तीनों सांसदों ने यह संकेत दिया है कि वे प्रदेश अध्यक्ष की दौड़ में हैं।

**ओबीसी से नेताओं के संभावित नाम**

**रघुवर दास** : पूर्व मुख्यमंत्री और दो बार प्रदेश अध्यक्ष रहे हैं। ओडिशा के राज्यपाल पद से त्यागपत्र देने के बाद प्रदेश की राजनीति में सक्रिय होने को इच्छुक।

**आदित्य प्रसाद साहू** : राज्यसभा सदस्य और संगठन में प्रदेश महामंत्री हैं। प्रदेश उपाध्यक्ष भी रह चुके हैं।

**मनीष जायसवाल** : हजारीबाग से सांसद हैं। पहले हजारीबाग से विधायक थे।

**राकेश प्रसाद** : प्रदेश उपाध्यक्ष के साथ-साथ सदस्यता अभियान के प्रदेश प्रभारी भी हैं। प्रदेश बीस सूत्री कार्यान्वयन समिति के दो बार उपाध्यक्ष रह चुके हैं।

# धनबाद के डी-3 रेस्टोरेंट के मालिक का घर जला

धनबाद, 15 फरवरी (एजेंसियां)। धनबाद के सरायढेला के भुईफोड़ मंदिर के समीप स्थित शिवम कॉलोनी में शुक्रवार की रात 9 बजे आग लगने से डी-3 रेस्टोरेंट के मालिक शांतनु चंद्रा उर्फ बबलू का घर जलकर खाक हो गया। घटना का कारण बिजली का शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। घर में शांतनु के बच्चे खाना खा रहे थे। इस दौरान कार पार्किंग में लगे इलेक्ट्रॉनिक पैनल में शॉर्ट होने से आग लग गई।

आग लगने के बाद शांतनु की पत्नी, मां और बच्चे घर से बाहर की ओर भागे। थोड़ी देर में आग ने पूरे घर को चपेट में ले लिया। इस दौरान 2 गैस सिलेंडरों के फटने से आसपास के लोगों में भी अफरातफरी मच गई।

सूचना मिलते ही पहले सरायढेला थाना प्रभारी नूतन मोदी और फिर अग्निशमन विभाग की गाड़ी पहुंच गई। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद तीन दमकलों ने आग पर काबू पाया।

आगलगी में लाखों की संपत्ति जलकर खाक हो गई है। शांतनु की डी-3 रेस्टोरेंट प्रभातम मॉल में है। इसके अलावा वे मेमको मोड़ में विंध्यवासिनी नामक का गैस एजेंसी भी चलाते हैं।

# भीषण सड़क हादसा, 3 की मौत

## तेज रफ्तार 2 बाइक आमने-सामने टकराई, मासूम समेत 4 की हालत गंभीर

बालोद, 15 फरवरी (एजेंसियां)। बालोद जिले में सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने की टक्कर में यह हादसा हुआ। मनकुंवर से महामाया जाने वाले मार्ग पर ग्राम आड़ेझर के पास शुक्रवार की घटना है।

महामाया थाना क्षेत्र का मामला है। हादसे में एक मासूम बच्चे सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तत्काल दल्ली राजहरा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्थानीय लोगों के मुताबिक दोनों वाहनों की रफ्तार तेज थी जिसके कारण हादसा हुआ।

स्थानीय लोगों के मुताबिक, दोनों वाहनों की रफ्तार काफी तेज थी, जिसके कारण यह हादसा हुआ। घटनास्थल पर एक मोड़ होने के कारण दोनों वाहन एक-दूसरे से टकरा गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मर्ग कायम कर लिया है और मामले की जांच कर रही है।

हादसे में मृतक भूपत चुरेंद्र, संग्राम कोटागांव और छबिलाल नारंगसुर गांव के रहने वाले थे। महामाया थाना पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

# एक मिनट में लाखों रुपए की लूट

चाईबासा, 15 फरवरी (एजेंसियां)। पश्चिमी सिंहभूम के नोवामुंडी में ग्राहक सेवा केंद्र में शनिवार को दो बदमाशों ने लूट की घटना को अंजाम दिया। महज एक मिनट में उन्होंने लाखों रुपए लूटे और बाइक से भाग निकले। दोनों बदमाशों ने चेहरे पर नकाब लगा रखा था और पिस्तौल के साथ थे। नोवामुंडी एसबीआई ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक शेखर साव ने बताया कि सुबह साढ़े 9 बजे के करीब नकाब पहने दो लोग अंदर आए। इसके बाद उन्होंने संचालक के कनपट्टी पर पिस्तौल सटा दिया और रुपए से भरे बैग और काउंटर में रखे नगद रुपए लेकर फरार हो गए।

शेखर साव ने बताया कि अभी स्पष्ट नहीं है कि कुल कितने रुपए थे पर चार कस्टमर ने पैसे जमा किए थे। दोनों बदमाश 20-25 साल की उम्र के थे। इधर, घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला।

# कोडरमा घाटी में फ्लाई ऐश से भरा हाइवा पलटा

कोडरमा, 15 फरवरी (एजेंसियां)। कोडरमा में शनिवार को एक बड़ा सड़क हादसा हुआ, जब फ्लाई ऐश से भरा एक हाइवा मेघातरी के पास कोडरमा घाटी में पलट गया। हादसे में वाहन चालक राम कुमार राय (50) गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना उस समय हुई, जब राम कुमार राय अपने हाइवा से फ्लाई ऐश की खेप कोडरमा से बिहार की ओर ले जा रहे थे। मेघातरी के पास वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। स्थानीय लोग तुरंत मदद के लिए आगे आए और हाईवे पेट्रोलिंग पुलिस को सूचित किया।

पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घायल चालक को सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचाया, जहां उनका इलाज चिकित्सकों की देखरेख में जारी है। राम कुमार स्वर्गीय देवकी राय के पुत्र हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

# अमेरिका बोला- हम यूक्रेन में टिकाऊ शांति चाहते हैं

## यूरोप से कहा- अपनी सुरक्षा मजबूत करो, ताकि हम दूसरे खतरों पर फोकस करें

म्यूनिख, 15 फरवरी (एजेंसियां)। जर्मनी के म्यूनिख में जारी सिक्योरिटी कॉन्फ्रेंस में शुक्रवार को अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ बैठक की। वेंस ने कहा कि अमेरिका यूक्रेन में टिकाऊ और स्थायी शांति चाहता है। हम ऐसी शांति नहीं चाहते जिससे आने वाले सालों में पूर्वी यूरोप में संघर्ष शुरू हो जाए।

जेडी वेंस ने यूरोप से कहा कि वह अपनी रक्षा को मजबूत करने के लिए कदम बढ़ाए, ताकि अमेरिका दुनिया में अन्य जगहों पर मौजूद खतरों पर भी फोकस कर सके।

बैठक से पहले वेंस ने कहा था कि यूरोप को भी इस बैठक में शामिल होना चाहिए। अमेरिका रूस पर दबाव बनाने के लिए तैयार है। म्यूनिख में 14 फरवरी से 16 फरवरी तक 3 दिन की सिक्योरिटी कॉन्फ्रेंस जारी है।

जेलेंस्की ने वेंस के साथ मुलाकात के बाद कहा कि हमारी बीच अच्छी बातचीत हुई। भले ही ये हमारे बीच पहली मुलाकात थी, लेकिन ये आखिरी नहीं है। यूक्रेनी



राष्ट्रपति ने X पर लिखा- हम जल्द से जल्द सुरक्षा गारंटी के साथ शांति समझौते के लिए तैयार हैं।

बैठक से पहले जेलेंस्की ने कहा था कि अमेरिका और रूस बिना यूक्रेन को शामिल किए डील करते हैं, तो सफल नहीं होगी। जेलेंस्की का कहना था कि यूक्रेन तभी बातचीत के लिए तैयार होगा, जब सुरक्षा गारंटी मिलेगी। मैं कातिल (पुतिन) के साथ बैठने के लिए भी तैयार हूं, लेकिन सुरक्षा गारंटी के बिना सब बेकार है।

अमेरिकी उपराष्ट्रपति ने अप्रवासियों के मुद्दे पर भी यूरोपीय सरकारों को आड़े हाथ लिया। हाल ही में जर्मनी में एक अफगान व्यक्ति ने लोगों को कार से टक्कर मार दी थी, जिसमें 36 लोग घायल हो गए थे।

इसे लेकर उन्होंने कहा कि हमें कितनी बार इस तरह के भयानक झटकों का सामना करना पड़ेगा। यह एक डरावनी कहानी है, जिसे हमने यूरोप और अमेरिका में भी बहुत बार सुना है।

ट्रम्प ने वेंस का सपोर्ट करते हुए कहा कि मैंने उनका भाषण सुना। उन्होंने अप्रवासियों के बारे में बात की, जो यूरोप में एक बड़ी दिक्कत है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भी बुधवार को रूसी राष्ट्रपति पुतिन और यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की से फोन पर जंग खत्म करने को लेकर बातचीत की थी। ट्रम्प की पुतिन से लगभग डेढ़ घंटे बातचीत हुई। दोनों नेता एक-दूसरे के देशों का दौरा करने पर सहमत हुए।

दूसरी तरफ अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने साफ कर दिया कि अमेरिका अब युक्रेन को पहले की तरह बड़ी आर्थिक और सैन्य सहायता नहीं देगा। उन्होंने यह भी कहा कि ट्रम्प यूक्रेन की नाटो में सदस्यता का समर्थन नहीं करते हैं। हेगसेथ ने कहा कि यूक्रेन के लिए 2014 से पहले की सीमाओं पर लौटना अब असंभव है। अमेरिका रूस के साथ किसी भी शांति समझौते के लिए यूक्रेन में सैनिक नहीं भेजेगा।

अमेरिका में ट्रम्प के शपथ लेने के बाद रूस-यूक्रेन जंग के समाप्त होने को लेकर चर्चा बढ़ गई है। चुनाव के दौड़ान ट्रम्प ने यह दावा किया था कि वे शपथ लेने के 24 घंटे के भीतर जंग रोक देंगे। पिछले महीने यूक्रेन में ट्रम्प के विशेष शांति दूत कीथ केलॉग ने कहा था कि उनका मकसद ट्रम्प प्रशासन के 100 दिन के भीतर जंग रोकना है।

# जयशंकर बोले- पश्चिमी देशों का लोकतंत्र पर डबल स्टैंडर्ड

## लोकतंत्र को खुद का सिस्टम मानते हैं, दूसरे देशों ने तानाशाह ताकतों को बढ़ावा दिया

म्यूनिख, 15 फरवरी (एजेंसियां)। भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर शुक्रवार को जर्मनी के म्यूनिख में आयोजित सिक्योरिटी कॉन्फ्रेंस में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने लोकतंत्र पर पश्चिमी देशों के डबल स्टैंडर्ड पर सवाल उठाया। जयशंकर ने कहा कि पश्चिमी देश लोकतंत्र को अपने यहां की व्यवस्था मानते हैं और ग्लोबल साउथ के देशों में गैर-लोकतांत्रिक ताकतों को बढ़ावा देते हैं।

जयशंकर से पूछा गया कि क्या दुनिया भर में लोकतंत्र खतरे में है। इसके जवाब में उन्होंने उंगली पर लगी स्याही दिखाते हुए कहा कि हमारे लिए लोकतंत्र सिर्फ एक थ्योरी नहीं, बल्कि एक डिलीवर किया हुआ वादा है। हम अपने लोकतंत्र को लेकर आशावादी।

भारतीय विदेश मंत्री ने कहा- भारत ऐतिहासिक रूप से खुला समाज रहा है और चुनौतियों के बावजूद हम लोकतांत्रिक के ईमानदारी से समर्पित रहे हैं।

**जयशंकर बोले- पिछले साल 70 करोड़ लोगों ने वोट किया**

भारतीय विदेश मंत्री ने कहा कि "आप मेरे नाखून पर स्याही देख



रहे हैं, क्योंकि हमारे राज्य दिल्ली में अभी अभी चुनाव हुए हैं। पिछले साल हमारे यहां आम चुनाव हुए थे। भारतीय चुनाव में लगभग 66% लोग मतदान करते हैं। पिछले साल राष्ट्रीय चुनाव के दौरान 90 करोड़ मतदाताओं में से 70 करोड़ ने वोट दिया। हमारे यहां इन वोटों की एक दिन में ही गिनती होती है, और नतीजों पर कोई विवाद नहीं होता।"

उन्होंने बताया कि बीते कुछ दशकों में हमारे यहां वोटिंग प्रतिशत 20% तक बढ़ा है। यह साबित करता है कि हमारे यहां लोकतंत्र मजबूत हुआ है। हम अच्छे से मतदान कर रहे हैं, हम लोकतंत्र के बारे में आशावादी हैं। अमेरिकी सीनेटर स्लॉटकिन ने बैठक के दौरान कहा कि लोकतंत्र लोगों के खाने का इंतजाम नहीं करता है। इसके जवाब में उन्होंने कहा कि हम एक लोकतांत्रिक समाज हैं और हम 80 करोड़ लोगों को भोजन भी देते हैं। लोगों के लिए यह मायने रखता है कि वे कितने स्वस्थ हैं और उनका पेट कितना भरा हुआ है।

बता दें कि जर्मनी के म्यूनिख में 14 फरवरी से 16 फरवरी तक के लिए सिक्योरिटी कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान रूस यूक्रेन जंग से लेकर नाटो तक कई अलग अलग मुद्दों पर बात होगी।

अमेरिका और उसके सहयोगी पश्चिमी देशों पर अक्सर अन्य देशों में तख्तापलट के आरोप लगते रहे हैं। कुछ महीने पहले बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने तख्तापलट को लेकर अमेरिका पर आरोप लगाया था। उन्होंने कहा था कि अगर मैंने बंगाल की खाड़ी में स्थित सेंट मार्टिन द्वीप को अमेरिका के लिए छोड़ दिया होता तो मैं सत्ता में बनी रह सकती थी। सिक्योरिटी कॉन्फ्रेंस में शामिल होने के लिए दुनिया भर से नेता जर्मनी पहुंचें हैं। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने शुक्रवार जर्मनी में यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मुलाकात की।

# दक्षिणी साइबेरिया में 6.4 तीव्रता का भूकंप

## किसी के हताहत होने की खबर नहीं

मॉस्को, 15 फरवरी (एजेंसियां)। पृथ्वी के अंदर 7 प्लेट्स हैं, जो लगातार घूमती रहती हैं। जहां ये प्लेट्स ज्यादा टकराती हैं, वह जोन फॉल्ट लाइन कहलाता है। बार-बार टकराने से प्लेट्स के कोने मुड़ते हैं। जब ज्यादा दबाव बनता है तो प्लेट्स टूटने लगती हैं। नीचे की ऊर्जा बाहर आने का रास्ता खोजती हैं और डिस्टर्बेंस के बाद भूकंप आता है। भूकंप का केंद्र उस स्थान को कहते हैं जिसके ठीक नीचे प्लेटों में हलचल से भूगर्भीय ऊर्जा निकलती है। इस स्थान पर भूकंप का कंपन ज्यादा होता है। कंपन की आवृत्ति ज्यों-ज्यों दूर होती जाती हैं, इसका प्रभाव कम होता जाता है। फिर भी यदि रिक्टर स्केल पर 7 या इससे अधिक की तीव्रता वाला भूकंप है तो आसपास के 40 किमी के दायरे में झटका तेज होता है। लेकिन यह इस बात पर भी निर्भर करता है कि भूकंपीय आवृत्ति ऊपर की तरफ है या दायरे में। यदि कंपन की आवृत्ति ऊपर को है तो कम क्षेत्र प्रभावित होगा। भूकंप की जांच रिक्टर स्केल से होती है।

# एशिया के इस्लामिक देशों पर चढ़ा एर्दोगन का बुखार

## तुर्की के राष्ट्रपति ने जमकर बेचे हथियार, तीन देशों के दौरे में की अरबों डॉलर की डील

इंस्ताबुल, 15 फरवरी (एजेंसियां)। तुर्की के राष्ट्रपति रेचेप तैय्यप एर्दोगन ने इस हफ्ते तीन देशों की यात्रा की है। इंडोनेशिया, मलेशिया और पाकिस्तान। इन तीनों देशों में तुर्की के राष्ट्रपति का गहरा असर देखा गया। इस दौरान इन देशों ने तुर्की की रक्षा कंपनियों के साथ कई हथियार समझौते किए हैं। जिनका असर आगे जाकर देखे जाने की उम्मीद है। माना जा रहा है इन सौदों से तुर्की की डिफेंस इंडस्ट्री को काफी फायदा होने वाला है।

तुर्की के राष्ट्रपति के एशिया दौरे के दौरान उनके साथ विदेश मंत्री हकन फिदान, राष्ट्रीय रक्षा मंत्री यासर गुलर, उद्योग एवं प्रौद्योगिकी मंत्री मेहमत फतिह कासिर, कृषि एवं वानिकी मंत्री इब्राहिम युमकली और व्यापार मंत्री ओमर बोलत भी शामिल थे।

तुर्की की मीडिया के मुताबिक एर्दोगन ने मलेशिया की यात्रा के दौरान 11 समझौतों पर हस्ताक्षर किए। इनमें से एक देसन शिपयार्ड और मलेशियाई गृह मंत्रालय के बीच बहुउद्देशीय मिशन जहाजों की खरीद के लिए प्रारंभिक समझौता



किया गया है। हालांकि ये समझौता कितने अरब डॉलर का है, फिलहाल इसका खुलासा दोनों ही पक्षों की तरफ से नहीं किया गया है। मलेशियाई सरकार ने कहा है कि यह जहाज 2027 की पहली तिमाही में पूरी तरह से ऑपरेशनल होने की उम्मीद है। इस जहाज की क्षमता लगातार 30 दिनों तक गहरे समुद्र में काम करने की होगी। इसके जहाज पर मौजूद विशेषताओं में एक हेलीडेक, दो हवाई ड्रोन और चार तेज इंटरसेप्टर बोट शामिल हैं। मलेशियाई नौसेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि यह 99 मीटर लंबा जहाज है, जो 70 चालक दल के सदस्यों और 30 यात्रियों को ले जाने में सक्षम है। यह जहाज दक्षिण चीन सागर में गतिविधियों की निगरानी पर ध्यान केंद्रित करेगा। इसके अलावा विशेष रूप से विदेशी जहाजों की घुसपैठ, अवैध मछली पकड़ने की गतिविधियों और तस्करी और मानव तस्करी जैसे सीमा पार अपराधों का मुकाबला करने का काम करेगा। जहाज निर्माण प्रोजेक्ट तुर्की में चल रही एलएमएस बैच 2 कार्वेट निर्माण परियोजना का एक अतिरिक्त हिस्सा है, जिसका नेतृत्व एसटीएम शिपयार्ड कर रहा है।

मलेशिया के बाद अपनी यात्रा के दूसरे चरण में एर्दोगन इंडोनेशिया गए, जहां दोनों देशों के नेताओं ने 13 समझौतों पर हस्ताक्षर किए। इनमें इंडोनेशिया में ड्रोन फैक्ट्री के निर्माण के लिए रिपब्लिकॉर्प और बायकर के बीच ज्वाइंट वेंचर समझौता भी शामिल था। रिपब्लिकॉर्प की प्रेस रिलीज के मुताबिक, संयुक्त फर्म मानव रहित हवाई वाहनों के निर्माण और रखरखाव पर ध्यान केंद्रित करेगी। इसके अलावा तुर्की की कंपनी मलेशिया में बायरकटर टीबी3 का निर्माण करेगी। मलेशिया में 60 ड्रोन सेट बनाए जाएंगे। इसके अलावा मलेशिया में बायरकटर अकिंसी ड्रोन के नौ सेट भी बनाए जाएंगे। बायकर विनिर्माण, टेक्नोलॉजी ट्रांसफर और प्रशिक्षण में मलेशिया की मदद करेगा। जबकि रिपब्लिकॉर्प विनियामक अनुपालन, बुनियादी ढांचे के विकास, स्थानीय विशेषज्ञ प्रमाणन और इंडोनेशिया के डिफेंस इंको सिस्टम को बनाने में मदद करेगा।

# अमेरिकी इन्फ्लुएंसर का दावा- मस्क मेरे बच्चे के पिता

## बच्चे की सेफ्टी के लिए पहले नहीं बताया, मस्क के पहले से 12 बच्चे

वॉशिंगटन, 15 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिकी सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और राइटर एश्ले सेंट क्लेयर ने दावा किया है कि वे टेस्ला इलॉन मस्क के बेटे की मां है। क्लेयर ने कहा कि उसने 5 महीने पहले सीक्रेट तौर पर इस बच्चे को जन्म दिया है, लेकिन सेफ्टी और प्राइवेसी के चलते पहले इसकी घोषणा नहीं की। क्लेयर का दावा सही है तो यह मस्क का 13वां बच्चा होगा। दो पत्नियों और 3 गर्लफ्रेंड से मस्क की 12 संतानें हुई हैं।

एश्ले क्लेयर ने सोशल मीडिया पोस्ट की- 5 महीने पहले मैंने बच्चे का इस दुनिया में स्वागत किया। मस्क उसके पिता हैं। मीडिया में इसे उजागर किया जा रहा है। बच्चे को एक सुरक्षित माहौल देना चाहती हूं। मैं मीडिया से अपील करती हूं कि वह हमारे बच्चे की निजता का सम्मान करे। 26 साल की एशले सेंट क्लेयर इन्फ्लुएंसर और लेखिका हैं। उन्होंने एलिफेंट्स ऑर नॉट बर्ड्स नाम से एक किताब लिखी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक न्यूयॉर्क के सबसे महंगे इलाके मैनहैट्टन में रहने वाली एश्ले



रूढ़िवादी विचारों को सपोर्ट करती हैं। उनके X पर 10 लाख फॉलोअर्स हैं। डेलीमेल के मुताबिक एशले क्लेयर मैनहट्टन में एक शानदार अपार्टमेंट में रह रही हैं, जिसका महीने का किराया 12 से 15 हजार डॉलर के बीच यानी करीब 13 लाख रुपए है। यहां रहने वाले लोगों ने बताया कि एश्ले उन शुरुआती लोगों में से थीं, जिनके पास टेस्ला साइबर ट्रक था। इलॉन मस्क ने अभी तक इस दावे पर कोई बयान नहीं दिया है। मस्क फिलहाल न्यूरालिंक की मैनेजर शिवॉन जिलिसल के साथ रिलेशन हैं। दोनों के तीन बच्चें है। वो पिछले साल ही 12वें बच्चे के पिता बने थे।

मस्क ने सबसे पहले साल 2000 में एक कनाडाई ऑथर जस्टिन विल्सन से शादी की थी। उनका पहले बेटे नेवाडा का जन्म 2002 में हुआ था, जब वह दस हफ्ते का था तो इंफेंट डेथ सिंड्रोम से उसकी मौत हो गई थी। 2008 में विल्सन से उनका तलाक हो गया। इलॉन ने 2010 में ब्रिटिश स्टार तालुलाह रिले से शादी की थी। हालांकि, 2012 में तलाक हो गया। इसके बाद उन्होंने फिर से आपस में शादी कर ली।

दिसंबर 2014 में तालुलाह ने दूसरी बार तलाक की अर्जी दायर की, लेकिन अगले साल इसे वापस ले लिया। मार्च 2016 में तालुलाह ने तीसरी बार तलाक अर्जी दायर की और तलाक ले लिया। कपल का कोई बच्चा नहीं है। मस्क का मानना है कि दुनिया इस समय कम जनसंख्या के संकट का सामना कर रही है और अच्छे आईक्यू वाले लोगों को बच्चे पैदा करने चाहिए।

# चुनाव आए और गए, 8 साल में कांग्रेस की स्टेट कमेटी तक नहीं बनी

## अब नए प्रभारी कृष्णा करेंगे उद्धार?

पटना, 15 फरवरी (एजेंसियां)। बिहार में अक्टूबर-नवंबर में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। कांग्रेस पार्टी चुनाव की तैयारी में जुटी है। हालांकि, पार्टी के सामने संगठन को मजबूत करने की बड़ी चुनौती है। पार्टी ने बिहार में नया प्रभारी नियुक्त किया है। लेकिन सवाल यह है कि क्या सिर्फ प्रभारी बदलने से कांग्रेस की हालत सुधरेगी? कांग्रेस में अध्यक्ष बदलते रहते हैं, लेकिन संगठन में कोई बदलाव नहीं होता। 2017 से प्रदेश अध्यक्ष अपनी कमेटी तक नहीं बना पाए हैं। पूर्व अध्यक्ष मदन मोहन झा अपना कार्यकाल पूरा होने तक कमेटी नहीं बना सके। वर्तमान अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह भी दिसंबर 2022 में नियुक्त होने के बाद अब तक कमेटी बनाने में नाकाम रहे हैं। 2023 और 2024 बीत गया, 2025 का फरवरी आ गया, लेकिन कमेटी नहीं बनी। ये हैरानी की बात है कि प्रदेश अध्यक्ष इतना महत्वपूर्ण काम नहीं कर पा रहे हैं। सवाल उठता है कि क्या अखिलेश प्रसाद सिंह नई कमेटी बनाना नहीं चाहते या फिर वे इसमें सक्षम नहीं हैं?

दिल्ली में पार्टी के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद कांग्रेस ने कई राज्यों में अपने प्रभारी बदल दिए हैं। इस बदलाव के तहत मोहन प्रकाश को बदलते हुए पार्टी ने कृष्णा अल्लावरु को बिहार कांग्रेस का नया प्रभारी बनाया है। प्रभारी बनाए जाने के बाद बिहार के बड़े नेताओं ने कृष्णा अल्लावरु को बधाई दी है। कांग्रेस के राहुल गांधी के करीबी माने जाने वाले कृष्णा कांग्रेस के विश्वास पर कितना खरे उतरेंगे, यह तो भविष्य में पता चलेगा लेकिन, इतना तय है कि उनकी बिहार की राह आसान नहीं होने वाली है। बिहार में इस साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। फिलहाल, पार्टी राजद नेतृत्व वाले महागठबंधन के साथ खड़ी नजर आ रही है।

आखिर आठ साल से बिहार में प्रदेश कमेटी क्यों नहीं बन पाई, इसका जवाब किसी के पास नहीं है। हरियाणा, महाराष्ट्र और दिल्ली में हुए विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को करारी हार का सामना करना पड़ा है। इसके बाद पार्टी दिखावे के लिए ही सही, चुनावी तैयारी में जुट गई है। बिहार में नए प्रभारी की नियुक्ति इसी कड़ी का हिस्सा है। लेकिन क्या सिर्फ प्रभारी बदलने से कांग्रेस का कायाकल्प हो जाएगा? यह एक बड़ा सवाल है। कांग्रेस बिहार में पिछले कई सालों से अपनी खोई जमीन की तलाश में है, लेकिन उसे अब तक सफलता नहीं मिली है। वर्ष 2015 के विधानसभा चुनाव में पार्टी ने 27 सीटें जीतकर अपनी मजबूती का दावा भी पेश किया था, लेकिन पांच साल बाद हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस मात्र 19 सीटें ही जीत सकी। पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस महागठबंधन में शामिल होकर राज्य के 243 विधानसभा सीटों में से 70 सीटों पर चुनाव लड़ी और उसके मात्र 19 प्रत्याशी ही विजयी हो सके। कांग्रेस के नेता एक बार फिर 70 सीटों की मांग कर रहे हैं।

कहा जा रहा है कि कृष्णा अल्लावरु को ऐसे समय में बिहार कांग्रेस का प्रभार मिला है, जब कुछ ही महीने बाद राज्य में विधानसभा का चुनाव होना है। बेहद कम समय में न केवल उन्हें पार्टी और संगठन को मजबूती देने पर काम करना होगा, बल्कि राजद के साथ सीट बंटवारे पर भी सामंजस्य बिठाना होगा।

बताया जा रहा है कि राजद इस बार किसी हाल में कांग्रेस को 70 सीट देने के पक्ष में नहीं है। ऐसे में लालू यादव और तेजस्वी यादव से तालमेल बनाना उनके लिए बड़ी चुनौती होगी।

# इजराइल ने 369 फिलिस्तीनी कैदियों को टी-शर्ट पहनाकर रिहा किया

## इस पर लिखा- न भूलेंगे, न माफ करेंगे, हमास ने 3 इजराइली बंधकों को छोड़ा

तेल अवीव, 15 फरवरी (एजेंसियां)। हमास की कैद से इजराइली बंधकों की रिहाई के बाद इजराइल ने भी शनिवार को 369 फिलिस्तीनी कैदियों को छोड़ दिया है। टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के मुताबिक इन कैदियों को एक खास तरह की टी-शर्ट पहनाकर रिहा कर दिया है। इस पर 'हम न भूलेंगे और न माफ करेंगे' लिखा हुआ है।

दरअसल, हमास हर बार इजराइली बंधकों की रिहाई से पहले एक इवेंट करता है। इसमें बंधकों को लाया जाता है और उनसे हमास की तारीफ करवाई जाती है। इस इवेंट में हजारों फिलिस्तीनी जुटते हैं। इजराइल इसी बात से नाराज है।

आज भी हमास ने 3 इजराइली बंधकों को रिहा किया और इवेंट का आयोजन किया। सीजफायर डील के तहत इन तीनों बंधकों को गाजा के खान यूनिस इलाके में सुबह 10 बजे (इजराइली समय



के मुताबिक) रेड क्रॉस के हवाले किया गया। इसके बाद इन्हें इजराइली सेना के हवाले कर दिया गया। रिहा होने वाले तीनों पुरुष बंधकों के नाम सागुई डेकेल-चेन, साशा ट्रोफानोव और इएयर हॉर्न हैं।

पिछले महीने लागू हुए सीजफायर डील के तहत बंधकों और फिलिस्तीनी कैदियों की यह छठी अदला-बदली थी। इस बार रिहा हुए तीनों इजराइली बंधक पिछले सप्ताह रिहा हुए बंधकों की तुलना में ज्यादा स्वस्थ नजर आ रहे थे। दरअसल, पिछली बार रिहा हुए तीनों बंधक बेहद दुबले हो गए थे। इजराइल ने उनकी हालत को लेकर हमास की आलोचना भी की थी। हमास अब तक इजराइल के 19 और थाईलैंड के 5 बंधकों को रिहा कर चुका है। आईडीएफ ने कहा कि रिहा किए गए तीनों बंधक 498 दिन के बाद इजराइल लौटे हैं। इन तीनों को मेडिकल चेकअप के लिए आईडीएफ कैंप ले जाया जाएगा। इसके बाद इन्हें उनके परिवारों से मिलाया जाएगा।

## न्यूयॉर्क पुलिस को मिला लापता व्यक्ति का शव

न्यूयॉर्क, 15 फरवरी (एजेंसियां)। न्यूयॉर्क पुलिस ने एक लापता व्यक्ति की हत्या मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। मामले में पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार लापता व्यक्ति के साथ एक महीने से अधिक समय तक मारपीट की गई। साथ ही उतने समय तक ही यातना देने के बाद उसकी हत्या कर शव को खेत में फेंक दिया गया। पुलिस ने आगे बताया कि 24 वर्षीय पीड़ित सैम नॉर्डक्विस्ट एक ट्रांसजेंडर था जो मिनसोटा का रहने वाला था। बता दें कि सैम नॉर्डक्विस्ट का लापता होना 9 फरवरी को रिपोर्ट किया गया था।

# ऐसे सैनिकों से दोबारा बात करें, जिन्हें कोरोना वैक्सीन की वजह से सेना से निकाला गया था

वाशिंगटन, 15 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप द्वारा सत्ता संभालते ही कई सारे बदलाव देखने को मिल रहें है। इसके बाद अमेरिकी रक्षा विभाग मुख्यालय पेंटागन ने एक बड़ा कदम उठाते हुए सैन्य सेवाओं से कहा है कि वे उन सैनिकों से फिर से संपर्क करें जिन्हें कोविड वैक्सीनेशन नहीं कराने पर सेना से बाहर किया गया था या जिन्होंने स्वेच्छा से सेना छोड़ दी थी। साथ ही इस बात की भी जानकारी लेने के लिए कहा कि क्या वे सैनिक फिर से भर्ती होना चाहते है। पेंटागन द्वारा यह कदम राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कार्यकारी आदेश के बाद उठाया गया है, जिसमें कहा गया था कि जो सैनिक वापस आना चाहते हैं, उन्हें कम से कम दो साल के लिए फिर से भर्ती होना होगा। मामले में जारी ज्ञापन में रक्षा अवर सचिव डेरिन सेलनिक ने कहा कि कोविड वैक्सीनेशन अनिवार्यता सैनिकों पर अनावश्यक और अत्यधिक बोझ थी। इसके तहत सैनिकों से संपर्क करने के लिए एक कार्यक्रम शुरू करने को कहा गया है। बता दें कि 2021 में 8,200 से ज्यादा सैनिकों को वैक्सीन लेने से इनकार करने पर सेना से बाहर कर दिया गया था। हालांकि, 2023 में उन सैनिकों को यह सलाह दी गई कि वे फिर से सेना में शामिल हो सकते हैं, लेकिन केवल 113 सैनिकों ने वापस लौटने का विकल्प चुना।

# अंतरिक्ष से कैसी दिखती है धरती की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट

वॉशिंगटन, 15 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने माउंट एवरेस्ट की एक दुर्लभ तस्वीर जारी की है। अंतरिक्ष से ली गई इस तस्वीर में चोटी और उसके ग्लेशियरों को दिखाया गया है। नासा के अनुसार, यह तस्वीर 30 नवंबर 1996 को एसटीएस-80 मिशन के दौरान स्पेस शटल कोलंबिया में सवार क्रू (चालक दल) ने ली थी। 8,848 मीटर ऊंचा यह पर्वत वी-आकार की घाटी के पास दिखाई देता है। चोटी के आसपास कई ग्लेशियर भी देखे जा सकते हैं। एसटीएस-80 उस वर्ष अंतिम शटल उड़ान थी। एसटीएस-80 मिशन की विशेषता दो मुक्त-उड़ान अनुसंधान अंतरिक्ष यान की सफल तैनाती, संचालन



और पुनर्प्राप्ति थी। यह तस्वीर अंतरिक्ष से दुनिया के सबसे ऊंचे पर्वत का एक अनूठा दृश्य प्रस्तुत करती है। नासा पृथ्वी के प्राकृतिक आश्चर्यों की अंतरिक्ष-आधारित तस्वीरें साझा करता रहता है। ये तस्वीरें वैज्ञानिकों को नए दृष्टिकोण से परिदृश्यों का अध्ययन करने में मदद करती हैं। बता दें कि माउंट एवरेस्ट को स्थानीय रूप से सागरमाथा या कोमोलांगमा के नाम से जाना जाता है। समुद्र तल से ऊपर यह पृथ्वी का सबसे ऊंचा पर्वत है। यह हिमालय की महालंगुर हिमाल उप-श्रेणी में है। चीन-नेपाल सीमा इसके शिखर बिंदु से होकर गुजरती है। इसकी ऊंचाई (बर्फ की ऊंचाई) 8,848.86 मीटर सबसे हाल ही में 2020 में चीनी और नेपाली अधिकारियों की ओर से दर्ज की गई थी।

माउंट एवरेस्ट कई पर्वतारोहियों को आकर्षित करता है, जिनमें अत्यधिक अनुभवी पर्वतारोही भी शामिल हैं। जानकारी के मुताबिक, चढ़ाई के लिए दो मुख्य मार्ग हैं, एक मार्ग नेपाल में दक्षिण-पूर्व से शिखर तक पहुंचता है (स्टैंडर्ड रूट माना जाता है) और दूसरा मार्ग तिब्बत में उत्तर में है। स्टैंडर्ड रूट पर चढ़ाई की कोई बड़ी तकनीकी चुनौती नहीं होने के बावजूद एवरेस्ट में ऊंचाई पर तबीयत बिगड़ने, मौसम और हवा के साथ-साथ हिमस्खलन और खुम्बू हिमपात जैसे जोखिम भी हैं।

# डकैती के दौरान विश्वविद्यालय के छात्र की हत्या का मामला

## ईरान के उपराष्ट्रपति आरिफ ने जांच के दिए आदेश

दुबई, 15 फरवरी (एजेंसियां)। ईरान के उपराष्ट्रपति ने शनिवार को तेहरान विश्वविद्यालय में विरोध प्रदर्शन के बाद एक विश्वविद्यालय के छात्र की हत्या की जांच के आदेश दिए हैं। मामले में आधिकारिक समाचार एजेंसी आईआरएनए की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि उपराष्ट्रपति मोहम्मद रजा आरिफ ने सुरक्षा अधिकारियों को मामले की तुरंत जांच करने का आदेश दिया। यह फैसला तेहरान विश्वविद्यालय के छात्रावास में अधिक सुरक्षा उपायों की मांग को लेकर गुस्साए छात्रों के विरोध प्रदर्शन के एक दिन बाद उठाया गया। सोशल मीडिया पर वीडियो के अनुसार, विरोध प्रदर्शन कुछ समय के लिए हिंसक हो गया और पुलिस ने छात्रावास के गेट पर सुरक्षा बलों को तैनात कर दिया है। प्रदर्शनकारियों ने इस दौरान 'शर्म करो' के नारे लगाते हुए छात्रावास और उसके आस-पास अधिक सुरक्षा उपायों की मांग की, और कभी-कभार होने वाली डकैती की शिकायत भी की। 12 फरवरी बुधवार को, 19 वर्षीय छात्र आमिर मोहम्मद खालेगी को दो अज्ञात लुटेरों ने चाकू मार दिया, जिन्होंने छात्रावास के सामने उसका बैग चुरा लिया।



# रेरा की अनदेखी करने वाले बिल्डर-प्रमोटर्स पर सरकार ने कसा शिकंजा

## 1 मार्च से लागू होंगे ये फैसले




जयपुर, 15 फरवरी (एजेंसियां)। राजस्थान में फ्लैट, भूखंड खरीदने वालों के साथ गड़बड़ी करने और रेरा नियमों की पालना नहीं करने वाले बिल्डर-प्रमोटर्स पर सरकार ने शिकंजा कस दिया है। बुकिंगकर्ता को तय समयावधि में निर्माण की रिपोर्ट नहीं देने पर जुर्माना राशि बढ़ाकर 15 हजार रुपए (हर तिमाही) और पूर्णता-अधिवास प्रमाण पत्र व रहन मुक्त पत्र सबमिट नहीं करने पर प्रतिदिन एक हजार रुपए जुर्माना वसूला जाएगा। इसके बाद भी पालना नहीं करने पर राजस्थान रियल एस्टेट रेग्यूलेटरी ऑथोरिटी (रेरा) प्रोजेक्ट टेकओवर भी कर सकेंगी। इसी तरह रेरा में रजिस्ट्रेशन से छूट योजनाओं के लिए भी अधिवास प्रमाण पत्र पेश करना बाध्यकारी किया गया है।

**एक मार्च से लागू होगा यह फैसला**

सभी बिल्डर, विकासकर्ता को रेरा में पूर्णता-अधिवास प्रमाण पत्र और रहन मुक्त पत्र देना अनिवार्य है। उसी के जरिए पता चलता है वहां रहने योग्य सुविधा उपलब्ध है। ऐसा नहीं करने वाले बिल्डर, प्रमोटर पर पहली बार एक हजार रुपए प्रतिदिन के अनुसार जुर्माना लगाया गया है। यह फैसला एक मार्च से लागू होगा।

**क्यूपीआर सौंपनी ही होगी**

सभी बिल्डर, विकासकर्ताओं को हर तीन में प्रोजेक्ट की निर्माण की स्थिति क्वाटर प्रोजेक्ट रिपोर्ट रेरा को बताना जरूरी है, लेकिन अभी कई बिल्डर ऐसा नहीं कर रहे। इससे बुकिंगकर्ता को अपनी प्रॉपर्टी निर्माण की वास्तविक स्थिति का पता नहीं चल पाता है। अब ऐसे बिल्डर, विकासकर्ता को 15 हजार रुपए तिमाही जुर्माना देना होगा। जबकि, अभी तक उसे केवल एक बार ही 5 हजार रुपए जुर्माना देना होता था।

उन रियल एस्टेट प्रमोटर्स को राहत दी है, जिन्होंने अपने प्रोजेक्ट रेरा में नहीं कराए थे और अब प्रोजेक्ट पूरा हो चुका है। ऐसे मामलों में रेरा ने इस वर्ष 30 जून तक पंजीकरण की छूट दे दी है।

साथ ही औद्योगिक योजनाओं की स्टैण्डर्ड फीस 10 रुपए से घटाकर 5 रुपए प्रति वर्गमीटर कर दी है।

# बायतु विधायक हरीश चौधरी का कद बढ़ा

## आलाकमान ने दी नई जिम्मेदारी, मप्र कांग्रेस के प्रभारी बने



बाड़मेर, 15 फरवरी (एजेंसियां)। कांग्रेस पार्टी ने संगठन मे बड़ा फेरबदल करते हुए कई राज्यों के प्रभारी बदल दिए हैं। जिसमें बायतु विधायक हरीश चौधरी का नाम भी शामिल है। चौधरी को कांग्रेस हाईकमान ने बड़ी जिम्मेदारी देते हुए मध्यप्रदेश का प्रभारी नियुक्त किया है। इस नई जिम्मेदारी से उनका राजनीतिक कद और बढ़ गया है।

दरअसल, कांग्रेस पार्टी ने संगठन में बदलाव करते हुए कई वरिष्ठ और अनुभवी नेताओं को बड़ी जिम्मेदारियां सौंपी है। कांग्रेस नेतृत्व ने पार्टी के वरिष्ठ नेता और बायतु विधायक हरीश चौधरी को बड़ी जिम्मेदारी सौपते हुए उन्हें मध्यप्रदेश का प्रभारी नियुक्त किया है। कांग्रेस ने यहां पर भंवर जितेंद्र सिंह को हटाकर हरीश चौधरी को मप्र कांग्रेस का नया प्रभारी बनाया है। जिसके बाद से चौधरी के प्रशंसकों और समर्थकों में खुशी का मौहोल है। मध्यप्रदेश कांग्रेस के प्रभारी की जिम्मेदारी मिलने पर विधायक हरीश चौधरी ने हाईकमान का आभार व्यक्त किया। उन्होंने पार्टी नेतृत्व को भरोसा दिलाते हुए कहा कि वह प्रदेश में संगठन को मजबूत करने का काम करेंगे।

**कौन है हरीश चौधरी?**

बता दें कि हरीश चौधरी गांधी परिवार के करीबी नेताओं में गिने जाते हैं। वे इससे पूर्व पहले पंजाब कांग्रेस के प्रभारी भी रह चुके हैं। 2021 में एक व्यक्ति, एक पद के सिद्धांत का पालन करते हुए उन्होंने मंत्री पद से इस्तीफा दिया था। हरीश चौधरी 2009 से 2014 तक बाड़मेर-जैसलमेर से सांसद भी रहे हैं। 2014 से 2019 तक एआईसीसी के राष्ट्रीय सचिव के रूप में पार्टी संगठन में सक्रिय भूमिका निभा चुके हैं। कांग्रेस नेतृत्व ने पार्टी के वरिष्ठ नेता और बायतु विधायक हरीश चौधरी पर एक बार फिर भरोसा जताते हुए उन्हें मध्यप्रदेश कांग्रेस की बड़ी जिम्मेदारी दी है। चौधरी ने भी पार्टी हाईकमान को भरोसा दिलाया कि वह सबको साथ लेकर मध्यप्रदेश में संगठन को मजबूत करने का काम करेंगे।

# पंचायतीराज संस्थाओं के पुनर्गठन प्रक्रिया की अवधि 65 दिन बढ़ाई, आदेश जारी

बांसवाड़ा, 15 फरवरी (एजेंसियां)। राजस्थान में पंचायतीराज विभाग ने ग्राम पंचायत और पंचायत समितियों के नवसृजित, पुनर्सीमांकन और पुनर्गठन की प्रक्रिया की अवधि बढ़ा दी है। पंचायतीराज विभाग ने ग्राम पंचायतों, पंचायत समितियों, जिला परिषदों के पुनर्गठन की समय सीमा बढ़ाकर अब 65 दिन कर दी है। यानि की 20 जनवरी से 25 मार्च 2025 कर दी है।

**सुझावों के आधार पर लिया राजस्थान सरकार ने फैसला**

राजस्थान सरकार ने यह फैसला आमजन एवं जनप्रतिनिधियों के सुझावों के आधार पर लिया। व्यावहारिक रूप से प्रारंभिक प्रस्ताव तैयार करने की आवश्यकता के मद्देनजर पूर्व निर्धारित समयसीमा बढ़ाने की बात कही गई।

**प्रस्ताव 20 जनवरी से 25 मार्च तक बनेगा – अतिरिक्त जिला कलक्टर**

अतिरिक्त जिला कलक्टर अभिषेक गोयल ने समस्त उपखंड अधिकारियों को प्राप्त निर्देशों के आधार पर पुनर्गठन संबंधित कार्य निर्धारित समय सीमा में करने के निर्देश दिए हैं। नई ग्राम पंचायतों एवं पंचायत समितियों के प्रस्ताव तैयार करने का कार्य 20 जनवरी से 25 मार्च-2025 तक चलेगा।

**फिर राज्य सरकार को भिजवाने होंगे प्रस्ताव**

अब 25 मार्च तक प्रस्ताव तैयार किए जा सकेंगे। 26 मार्च से 25 अप्रेल तक आपत्तियां आमंत्रित की जाएंगी। आपत्तियों का निस्तारण 26 अप्रेल से 5 मई तक किया जाएगा। 6 से 15 मई तक आपत्तियों का निस्तारण करके प्रस्ताव राज्य सरकार को भिजवाने होंगे।

# पानी को लेकर सड़कों पर उतरे हजारों किसान

## बीकानेर-श्रीगंगानगर हाईवे किया जाम; ये हैं प्रमुख मांगे

बीकानेर, 15 फरवरी (एजेंसियां)। बीकानेर और श्रीगंगानगर जिले में इंदिरा गांधी नहर परियोजना में पानी की कमी से जूझ रहे किसानों ने अब आंदोलन का रुख अपना लिया है। सिंचाई पानी की मांग को लेकर बीकानेर, खाजूवाला, लूणकरणसर, छतरगढ़, घड़साना, पूगल और बज्जू सहित कई इलाकों में किसानों ने महापड़ाव शुरू कर दिया और नेशनल हाईवे को जाम कर दिया।

बता दें, किसानों ने शनिवार को दोपहर 2 बजे तक चक्काजाम और बाजार बंद का आह्वान किया।




संयुक्त किसान मोर्चा के नेतृत्व में किसानों ने रावला, घड़साना, लूठकरणसर, जैतसर और अन्य स्थानों पर नाके लगाकर हाईवे को पूरी तरह जाम कर दिया।

किसानों ने स्पष्ट कहा है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होती, तब तक विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। किसानों का कहना है कि यह सिर्फ उनका नहीं, बल्कि पूरे राजस्थान के लाखों किसानों का मुद्दा है, जो नहर के पानी पर निर्भर हैं। इंदिरा गांधी नहर परियोजना के प्रथम चरण के किसानों को जल्द सिंचाई का पानी उपलब्ध कराया जाए। नहर की मरम्मत और जल प्रबंधन में सुधार किया जाए, ताकि पानी की कमी की समस्या दोबारा न हो। फसल बर्बादी से बचाने के लिए सरकार मुआवजे की घोषणा करे। संयुक्त किसान मोर्चा के नेता लालचंद भादू, डॉ राजेंद्र मूंड और महीपाल सारस्वत ने बताया कि आईजीएनपी में घड़साना से लेकर लूणकरणसर तक चक्का जाम है। किसान नेताओं ने बताया कि 13 एमडी टोल नाका, रामसिंहपुर, सलेमपुरा, पीपेरा, जामसर, खाजूवाला समेत कई जगहों पर चक्काजाम जारी है। किसानों ने बताया कि राजस्थान की सरकार किसानों की मांगो को लेकर गंभीर नहीं है, इसलिए किसान सरकार की ही वजह से सड़कों पर उतरा है। किसान नेताओं ने कहा कि हमने पांच-छः दिन तक सरकार को चेताया, लेकिन सरकार ने ध्यान नहीं दिया। कहा कि हम हमारी फसलों को जलने नहीं देंगे, इसलिए हम सड़कों पर हैं।

# वीडियो कॉल पर लूटने का नया तरीका

## एआई से चेहरा बदलकर पैसे मांग रहे बदमाश, जरा सी लापरवाही से हो सकते हैं शिकार

जयपुर, 15 फरवरी (एजेंसियां)। ओटीपी फ्रॉड और डिजिटल अरेस्ट के बाद अब साइबर ठग आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल कर लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। इसमें परिचित का फोन या वीडियो कॉल आता है। जो पैसे की डिमांड करते हैं। सामने वाली की आवाज और चेहरा एआई की मदद से परिचित की तरह ही दिखता है। रुपए मांगने वाले को रिश्तेदार समझकर लोग पैसे ट्रांसफर कर देते हैं। इस तरह से देश के कई राज्यों में साइबर ठग अपराध कर रहे हैं। राजस्थान पुलिस मुख्यालय ने आने वाले इस खतरे को लेकर एडवाइजरी भी जारी की है।

राजस्थान पुलिस की साइबर सैल में तैनात आईपीएस एसपी शांतनु कुमार ने बताया- कुछ दिन पहले उन्होंने दिल्ली में साइबर अपराध को लेकर एक मीटिंग की थी। इस मीटिंग में देश के कई राज्यों के पुलिस अधिकारी शामिल हुए थे। साइबर फ्रॉड करने वाले आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग तकनीक का उपयोग कर के वास्तविक ऑडियो और वीडियो का अपने फ्रॉड के लिए उपयोग लेते हैं। ये बदमाश किसी भी पब्लिक फिगर पर्सन, राजनेता, अभिनेता और रिश्तेदार का ऑडियो यूज कर परिचित को फोन करते हैं। इसी प्रकार ये लोग वीडियो का भी इस्तेमाल कर के उस का प्रारूप बदल देते हैं।

जिन राज्यों में इस तरह के अपराध हुए उन राज्यों के अधिकारियों ने सेमिनार में बताया- ये बदमाश कई तरह से इस पर काम कर रहे हैं। इसमें फेस स्वैपिंग एक है। एक व्यक्ति के चेहरे को दूसरे व्यक्ति के चेहरे से बदल दिया जाता है। साइबर फ्रॉड या फिर उस व्यक्ति को ब्लैकमेल किया जाता है। वॉइस क्लोनिंग के केस भी सामने आए। इसमें बदमाश एआई की मदद से एक व्यक्ति की आवाज को दूसरे व्यक्ति की आवाज से बदल कर कुछ भी डिमांड कर लेते हैं।

# अलवर बनेगा एनसीआर का सबसे बड़ा चिड़ियाघर

## जू में पर्यटक 150 से ज्यादा जानवरों की प्रजातियां एक साथ देख सकेंगे

अलवर, 15 फरवरी (एजेंसियां)। एनसीआर का सबसे बड़ा चिड़ियाघर अलवर में बनने जा रहा है। इसके लिए सरकार ने दो करोड़ रुपए मंजूर कर दिए हैं। वन विभाग इसी माह में टेंडर करने जा रहा है। इसका निर्माण तमिलनाडु के चेन्नई स्थित जू अरिगनार अन्ना जूलॉजिकल पार्क की तरह होगा। पहले चरण में इस कार्य पर 25 करोड़ रुपए खर्च होंगे।

चिड़ियाघर 95 हेक्टेयर में बनेगा। इसके लिए सरकार ने 35 हेक्टेयर सिवायचक जमीन कटीघाटी व जयसमंद के आस-पास दे दी है। इस जू में 150 से ज्यादा जानवरों की प्रजातियां होंगी। एनक्लोजर भी बनाए जाएंगे। पक्षियों के लिए अलग से बसेगा होगा। सांप भी कई प्रजातियों के यहां देखने को मिलेंगे। इस चिड़ियाघर में ऐसे पौधे भी होंगे, जो पर्यटकों को आकर्षित करेंगे। वन विभाग ने डीपीआर तैयार कर ली है। वन विभाग के एक अधिकारी का कहना है कि किसी टॉप फर्म का चयन किया जाएगा, जो इस कार्य में महारथ रखती होगी।

**बजट में मिल सकती है रकम**

चिड़ियाघर बड़ा प्रोजेक्ट है। प्रदेश सरकार इसके लिए बजट में रकम की घोषणा कर सकती है। बताते हैं कि 25 करोड़ रुपए इस कार्य के लिए कम हैं। ऐसे में पूरी प्रोजेक्ट कॉस्ट को मंजूरी मिल सकती है।

**पेड़ नहीं कटेंगे**

कटीघाटी व जयसमंद के आस-पास जितने भी पेड़ हैं, वे काटे नहीं जाएंगे। पेड़ों के बीच से ही रास्ते तैयार होंगे। ज्यादा घनी झाड़ियों को हटाया जा सकता है।

# 329 प्रिंसिपल को मिला प्रमोशन

## बने डीईओएस शिक्षा विभाग का बड़ा आदेश

बीकानेर, 15 फरवरी (एजेंसियां)। राजस्थान शिक्षा विभाग ने कार्यरत 329 प्रधानाचार्य को जिला शिक्षा अधिकारी और उसके समकक्ष पद पर पदोन्नति दी है। इन्हें कार्यरत स्थल पर ही पदोन्नत पद पर कार्य ग्रहण करने के आदेश दिए गए है।

बाद में काउंसलिंग कर अलग से पदस्थापन आदेश जारी किए जाएंगे। यानि प्रदेश को 329 नए जिला शिक्षा अधिकारी मिले हैं। यह माध्यमिक और प्रारंभिक जिला शिक्षा अधिकारी के तौर पर काम देखेंगे।

शिक्षा विभाग की विभागीय पदोन्नति समिति की 11 फरवरी को हुई बैठक में प्रिंसिपल को जिला शिक्षा अधिकारी एवं समकक्ष अधिकारियों का वित्तीय वर्ष 2023-24 व वर्ष 2024-25 की रिक्तियों पर पदोन्नत किया गया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के 182 प्रिंसिपल और वित्तीय वर्ष 2024-25 के 147 प्रिंसिपल शामिल हैं।

**पदोन्नति का लाभ पा सकेंगे**

चयनित शिक्षा अधिकारी अपने अलग से आदेश जारी होने तक पदोन्नति का लाभ पा सकेंगे। वर्तमान में जहां कार्यरत है वहां पर ही अस्थायी रूप से आगामी आदेशों तक कार्य करते रहेंगे। सेवानिवृत्त और नौकरी छोड़ चुके अधिकारियों को छोड़कर शेष के पदस्थापन आदेश से जारी किए जाएंगे।

# नकली नोटों की टकसाल, धड़ल्ले से बाजारों में खप रहे हैं जाली नोट

## एंटी गैंगस्टर फोर्स ने दो को दबोचा

जयपुर, 15 फरवरी (एजेंसियां)। यदि कोई ऐसा कहे कि जाली नोट सिर्फ सीमा पार से आ रहे हैं तो ऐसा नहीं है, यहां तो अपराधियों ने देश में ही नकली नोट बनाने की टकसाल खड़ी कर दी है। राजधानी जयपुर के झोटवाड़ा इलाके में पुलिस की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने खुफिया इनपुट पर बड़ी कार्रवाई करते हुए नकली नोट बनाने वाले अपराधियों को धर लिया है। मौके पर 2 लाख 17 हजार रुपए से ज्यादा के नकली नोट मिले हैं। इस कार्रवाई में पुलिस ने दो आरोपियों मुकेश (27) और मोहन सैनी (28) को गिरफ्तार किया है। इनके पास से नकली नोट और नोट छापने में इस्तेमाल होने वाला प्रिंटर और स्याही बरामद की गई है, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है।



एडीजी दिनेश एमएन ने बताया कि एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स के एएसआई शंकर दयाल और हेड कांस्टेबल कमल सिंह को मुखबिर से सूचना मिली थी कि जयपुर शहर में कुछ लोग नकली नोट छापकर बाजार में सप्लाई कर रहे हैं। इस पर तुरंत कार्रवाई करते हुए झोटवाड़ा थाना इलाके में स्थानीय पुलिस की मदद से नकली नोटों का कारोबार कर रहे आरोपी मुकेश जाट और मोहन सैनी को पकड़ा गया। कार्रवाई के दौरान टीम ने 500 के 434 और 100 के 7 नोट समेत 2,17,700 रुपए के नकली नोट बरामद किए।

जयपुर में की गई इस कार्रवाई को लेकर एडीजी दिनेश एमएन ने आगे बताया कि धरपकड़ अभियान के तहत प्रदेश के विभिन्न इलाकों में लगातार इस तरह की कार्रवाई की जा रही है। इन अपराधियों को पकड़ने के लिए उनके निर्देशन में डीआईजी योगेश यादव और एएसपी सिद्धांत शर्मा के सुपरविजन में एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स की विभिन्न टीमें गठित की गई। जिसमें एएसआई शंकर दयाल, हेड कांस्टेबल सुरेश कुमार, नरेंद्र सिंह, कमल सिंह, कांस्टेबल नरेश कुमार, रतिराम और ड्राइवर सुरेश कुमार को सूचना के आधार पर आरोपियों को गिरफ्तार करने का टास्क दिया गया। फिलहाल पुलिस ने आगे की कार्रवाई के लिए झोटवाड़ा थाने में दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उनसे विस्तृत पूछताछ की जा रही है।

# पुलिस ने पेट्रोल पंप चोरी का 24 घंटे में किया खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

जालौर, 15 फरवरी (एजेंसियां)। राजस्थान के जालौर जिले में सांचौर पुलिस ने पेट्रोल पंप पर हुई चोरी की वारदात का 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई 55,300 रुपये की नकदी भी बरामद की है। पुलिस अधीक्षक ज्ञानचंद यादव के निर्देशन में, सांचौर थानाधिकारी देवेंद्र सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने 10 फरवरी को सांकड़ गांव स्थित पेट्रोल पंप पर हुई चोरी की घटना की जांच की। टीम ने आरोपी संजय विश्नोई (27) पुत्र मोटाराम, निवासी सेडिया, थाना करड़ा, जिला जालौर को गिरफ्तार किया। घटना के संबंध में प्रवीण विश्नोई निवासी सांकड़ की रिपोर्ट पर थाना सांचौर में प्रकरण संख्या 73/2025 दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए, पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपी की पहचान कर 24 घंटे के भीतर उसे गिरफ्तार कर लिया। एसपी ज्ञानचंद यादव ने बताया कि आरोपी संजय विश्नोई ने पेट्रोल पंप की रैकी कर, सैल्समैन के व्यस्त होने के दौरान ऑफिस में रखी नकदी चोरी की थी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए वारदात का जल्द खुलासा किया।

# 14 गांवों में अब नहीं गूंजेगी शादियों पर डीजे की धुन

बांसवाड़ा, 15 फरवरी (एजेंसियां)। बांसवाड़ा जिले के 14 गांवों में अब शादी समारोह में डीजे की धुन नहीं सुनाई पड़ेगी। यह निर्णय बच्चों की पढ़ाई और विवादों से बचने के लिए लिया गया है। वाल्मिक एकता भील समाज 14 गांव चोखला की पहल सराहनीय है। डीजे बंद करने के साथ ही इन 14 गांव के पंचों ने लोहारिया एवं मोटागांव थाने पहुंच डीजे बजाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए ज्ञापन भी सौंपा।

ज्ञापन में बताया गया कि शादी समारोह में डीजे बजाने पर कई प्रकार के विवाद होते हैं और डीजे बजाने से बच्चों की पढ़ाई पर बुरा असर पड़ता है। इसी को देखते हुए समाज द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि अब शादी समारोह में किसी भी व्यक्ति के द्वारा यदि डीजे बजाया जाता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। समाज जब तक सहमति नहीं देता है तब तक पुलिस को उक्त व्यक्ति को नहीं छोडने की बात भी कही।

**इन्होंने दिया ज्ञापन**

ज्ञापन देने वालों में वाल्मीकि एकता भील समाज अध्यक्ष रामलाल कलासुआ, सचिव रणछोड़ लाल बुज, कालूराम राणा, रामाजी मुखिया, देवीलाल डामोर, देवीलाल कटारा, कालूराम डामोर, रमेश चंद्र डोडियार, देवीलाल रिटवा, गांगजी रिटवा, हकरू एवं समस्त 14 के पंचगण उपस्थित रहे।

**डीजे जब्त करने की गुहार**

ग्रामीणों ने मामले में पुलिस प्रशासन से गुहार लगाई कि यदि कहीं पर भी डीजे बजता है और उसकी सूचना पुलिस को मिलती है तो तुरंत डीजे को जब्त किया जाए।

**इन गांवों का किया उल्लेख**

भीमपुर, नागनसेल, सिंगपुरा, चिरावाला गड़ा, भुवासा, वंदैया, सज्जन सिंह का गडा, आखे पानजी का गडा, आसन, खाखरीया गड़ा, लीलाऊआ गड़ा, तोरना, दलजी का गडा, डालिया।

# बैट्री नहीं बदलने से नाराज युवक ने खुद पर छिड़का पेट्रोल

## फाइनेंस कंपनी के सामने ई-रिक्शा पर चढ़कर आत्मदाह का प्रयास

अलवर, 15 फरवरी (एजेंसियां)। लालसोट शहर के कोथून रोड पर एक युवक ने फाइनेंस कपंनी के सामने ई-रिक्शा चालक पर चढ़कर शरीर पर पेट्रोल छिडक़कर आत्मदाह का प्रयास किया। भनक लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची। लालसोट पुलिस ने युवक को ई-रिक्शा से उतारा और थाने लेकर आई। जहां पर दोनों पक्षों से वार्ता के बाद मामला शांत हुआ।

सवाई माधोपुर जिले के मलारणा डूंगर उपखण्ड के माणौली गांव निवासी छोटूलाल बैरवा ने बताया कि उसने लालसोट में एक शोरुम से किश्तों पर ई-रिक्शा खरीदा था। इसके बाद वह नियमित किश्त भी जमा कराता रहा, लेकिन छह माह बाद ही ई-रिक्शा की बैट्री खराब हो जाने से उसकी दो किश्त बकाया हो गई।

बैट्री बदलने के लिए कई बार गुहार लगाते हुए



कह दिया था कि, जब तक उसकी बैट्री को नहीं बदला जाएगा, तब तक वह पैसे जमा नहीं कराएगा। सुनवाई नहीं होने व दो किश्त बकाया होने से उस पर फाइनेंस कपंनी द्वारा दबाव बनाने के बाद आत्मदाह की कोशिश की। सूचना मिलते ही थानाधिकारी श्रीकिशन मीना जाप्ते के साथ पहुंचे। पुलिसकर्मियों व कुछ लोगों ने ई-रिक्शा पर चढ़कर छोटूलाल बैरवा को नीचे उतारकर थाने पहुंचाया। इस दौरान फाइनेंस कपंनी के प्रतिनिधि भी थाने पर पहुंचे।उनका कहना था कि बैट्री बदलने का कार्य उनका नहीं है।

# कोई फर्क नहीं पड़ेगा, बुमराह पर बीसीसीआई के बयान ने मचा दी हलचल

## टीम इंडिया से बाहर होते ही कही ऐसी बात

मुंबई, 15 फरवरी (एजेंसियां)। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में आठ टीमें हिस्सा ले रही हैं. सभी आठ टीमों को अपने स्क्वाड का ऐलान करने के बाद बड़ा झटका लगा है. लगभग सभी टीमों का कोइ ना कोई स्टार खिलाड़ी चोट के बाद टूर्नामेंट से बाहर हो गया. सबसे बड़ा झटका टीम इंडिया ने झेला. बैक इंजरी के चलते दिग्गज तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह इस टूर्नामेंट से बाहर हो चुके हैं. इस दिग्गज गेंदबाज की कमी फैंस और टीम इंडिया को इस बड़े टूर्नामेंट में जरूर खलेगी. हालांकि BCCI का मानना है कि टीम इंडिया को बुमराह की कमी महसूस नहीं होगी.



### बुमराह के बाहर होने पर क्या बोला बीसीसीआई?

जसप्रीत बुमराह के चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर होने के बाद बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने बड़ा बयाना दिया है. उन्होंने कहा कि बुमराह के ना होने पर भी टीम कॉम्बिनेशन पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा. सैकिया ने IANS से बात करते हुए कहा, 'हमने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए जिस टीम का सेलेक्शन किया है वो सर्वश्रेष्ठ टीम है. हमारे पास इतनी बड़ी बेंच स्ट्रेंथ है और मुझे नहीं लगता कि इससे (बुमराह के चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर होने से) टीम कॉम्बिनेशन पर कुछ असर होगा'.

### बुमराह की जगह हर्षित राणा को मिला मौका

जसप्रीत बुमराह को ऑस्ट्रेलिया दौरे पर बैक स्पाज्म का सामना करना पड़ा था. ऑस्ट्रेलिया में उनका स्कैन किया गाय था. बाद में भारत में भी उनकी चोट का स्कैन हुआ. 11 फरवरी को बुमराह पर चैंपियंस टॉफी को लेकर BCCI का फाइनल फैसला आया. बुमराह चोट से पूरी तरह रिकवर नहीं हो पाए इसके बाद उन्हें भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने बाहर करने का फैसला लिया था. बुमराह की जगह चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय स्क्वाड में युवा तेज गेंदबाज हर्षित राणा को शामिल किया है.

### जायसवाल को किया बाहर, वरुण को किया शामिल

टीम इंडिया में आखिरी समय में एक और अहम बदलाव हुआ था. युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को पहले स्क्वाड में जगह दी गई थी.

हालांकि उन्हें अचानक से ही बीसीसीआई ने स्क्वाड से बाहर का रास्ता दिखाते हुए 'मिस्ट्री स्पिनर' वरुण चक्रवर्ती को शामिल किया है. टीम इंडिया चैंपियंस ट्रॉफी में अपना पहला मैच 20 फरवरी को बांग्लादेश, दूसरा मैच 23 फरवरी को पाकिस्तान और 2 मार्च को तीसरा मैच न्यूजीलैंड से खेलेगी. भारत के सभी मैच दुबई में होंगे.

# विराट जिंदाबाद, अपने ही देश में पिट गए बाबर आजम

## पाकिस्तानी फैंस ने कोहली पर लुटाया जमकर प्यार

इस्लामाबाद,, 15 फरवरी (एजेंसियां)। टीम इंडिया के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली की पूरी दुनिया दीवानी है. उनके चाहने वाले दुनियाभर में मौजूद हैं. पाकिस्तान में भी विराट कोहली की तगड़ी फैन फॉलोइंग है. समय-समय पर पाकिस्तान में कोहली की दीवानगी के किस्से सुनने और देखने को मिलते हैं. इस बार तो पाकिस्तानियों ने विराट कोहली जिंदाबाद के नारे लगाए हैं. जबकि अपनी ही देश के स्टार खिलाड़ी बाबर आजम की जमकर धुनाई कर दी और कोहली के मुकाबले बाबर को कुछ भी नहीं बताया. एक तरफ पाकिस्तानी फैंस ने कोहली पर जमकर प्यार लुटाया तो वहीं दूसरी तरफ बाबर आजम को जमकर लताड़ लगा दी.




### पाकिस्तानी फैंस ने लगाए कोहली जिंदाबाद के नारे

बाबर आजम ने 14 फरवरी को खत्म हुई ट्राई सीरीज में लगातार तीनों मैचों में अपना फ्लॉप प्रदर्शन जारी रखा. तीनों ही मैचों में वो बड़ी पारी नहीं खेल पाए. 14 फरवरी को न्यूजीलैंड और पकिस्तान के बीच ट्राई सीरीज का फाइनल था इसमें भी बाबर आजम नहीं चले और पाकिस्तान भी हार गई. हार के बाद पाकिस्तानी फैंस का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने स्टेडियम के बाहर बाबर आजम की खिंचाई करते हुए कोहली जिंदाबाद... कोहली जिंदाबाद के जमकर नारे लगाए.

### बाबर-कोहली पर भिड़े पाकिस्तानी फैंस

पाकिस्तानी मीडिया से लेकर फैंस तक के दिलों में विराट कोहली छाए हुए हैं. विराट के बड़ी संख्या में पकिस्तान में फैंस हैं. चैंपियंस ट्रॉफी की सरगर्मी के बीच फैंस बाबर आजम और विराट कोहली को लेकर भिड़ गए. हालांकि ज्यादातर फैंस कोहली के सपोर्ट में नजर आए. बाबर को चाहने वाले और उनके समर्थन में काफी कम फैंस थे. इस दौरान एक फैन ने तो अपनी शर्ट तक निकाल दी और और कहा मुझे नहीं चाहिए. उसकी शर्ट को दूसरे फैंस ने फाड़ दिया. फैन की शर्ट पर बाबर के लिए कुछ लिखा हुआ था लेकिन फाइनल में बाबर के फ्लॉप प्रदर्शन के बाद वो फैन बेहद नाराज नजर आया.

### बाबर ने कहा मुझे 'किंग' मत कहो

विराट कोहली को क्रिकेट का 'किंग' कहा जाता है और ये नाम उन पर फिट बैठता है. हालांकि बीते कुछ समय में देखा गया है कि पाकिस्तानी फैंस ने बाबर आजम को भी 'किंग' बुलाना शुरू कर दिया था. अक्सर उनकी तुलना भी विराट कोहली से की जाती है. लेकिन हाल ही में बाबर ने अपने फैंस से अपील की थी कि उन्हें किंग बोलना छोड़ दें.

# फिरोजा से हारे गुकेश, फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंड स्लैम में अंतिम स्थान पर रहे

हैम्बर्ग, 15 फरवरी (एजेंसियां)। विश्व चैंपियन डी गुकेश यहां फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंड स्लैम में सातवें स्थान के प्लेऑफ मैच की दूसरी बाजी में ईरानी मूल के फ्रांसीसी खिलाड़ी अलीरेज़ा फ़िरोज़ा से हारकर अंतिम स्थान पर रहे। गुकेश इस तरह से इस टूर्नामेंट में एक भी जीत हासिल नहीं कर पाए और उनके अभियान का निराशाजनक अंत हुआ।



गुकेश और फिरोजा के बीच पहली बाजी ड्रॉ रही थी। भारतीय खिलाड़ी दूसरी बाजी सफेद मोहरों से खेल रहा था लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाए और 30 चाल तक चली बाजी में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। इस बीच जर्मनी के विंसेंट कीमर ने अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखते हुए खिताब जीता। उन्हें टूर्नामेंट के शुरुआत में सबसे कमजोर खिलाड़ी माना जा रहा था।

दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को टूर्नामेंट से पहले खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा था लेकिन आखिर में उन्हें तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। टूर्नामेंट में भाग ले रहे खिलाड़ियों की अंतिम स्थिति इस प्रकार रहीः 1. विंसेंट कीमर; 2. फैबियानो कारुआना; 3. मैग्नस कार्लसन; 4. जावोखिर सिंदारोव; 5. हिकारू नाकामुरा; 6. नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव; 7. अलीरेज़ा फ़िरोज़ा; 8. डी गुकेश।

# तिराना टूर्नामेंट से बाहर रह सकते हैं भारतीय पहलवान

## मंत्रालय-महासंघ ने एक-दूसरे पर फोड़ा ठीकरा

नई दिल्ली, 15 फरवरी (एजेंसियां)। भारतीय पहलवान अल्बानिया में वर्ष की दूसरी रैंकिंग सीरिज से बाहर रहेंगे चूंकि खेल मंत्रालय ने यह कहकर मंजूरी रोक दी कि भारतीय कुश्ती महासंघ ने समय पर जरूरी अनुशंसा जमा नहीं की जबकि महासंघ ने इस आरोप को खारिज किया। मंत्रालय और निलंबित डब्ल्यूएफआई के बीच मतभेदों के चलते भारतीय पहलवान क्रोएशिया के जगरेब में पहली रैंकिंग सीरिज से बाहर रह चुके हैं। दूसरा रैंकिंग सीरिज टूर्नामेंट 26 फरवरी से दो मार्च तक अल्बानिया में होगा।

मंत्रालय ने दिसंबर 2023 को डब्ल्यूएफआई को निलंबित कर दिया था लेकिन अंतरराष्ट्रीय कुश्ती से उसे मान्यता मिली हुई है। उसने 30 जनवरी को भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) को प्रस्ताव भेजा था। एक सूत्र ने पीटीआई को बताया, 'डब्ल्यूएफआई ने ऐन मौके पर प्रस्ताव भेजा और प्रस्तावित नाम भेजने में भी विलंब हुआ। इसलिए मंजूरी नहीं दी जा सकी।'



वहीं महासंघ के एक अधिकारी ने कहा, 'हमने 30 जनवरी को प्रस्ताव भेजा और अगले दिन जवाब आ गया। साइ ने हमसे बैठक का ब्यौरा मांगा था जो हमने तुरंत भेज दिया। उसके बाद से कोई जवाब नहीं मिला। इससे पहले भी एक सप्ताह भेजे गए प्रस्ताव मंजूर हुए हैं तो इस बार यह ऐन मौके पर कैसे हो गया।' साइ के एक अधिकारी ने कहा, 'हम अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों के लिये खिलाड़ियों को मंजूरी देने को हमेशा तैयार रहते हैं, लेकिन प्रक्रिया का पालन करना जरूरी है। यह भी स्पष्ट नहीं है कि टीम कैसे चुनी गई क्योंकि डब्ल्यूएफआई ने कोई ट्रायल नहीं कराए थे।'

इस पर महासंघ ने कहा, 'हम निलंबित होने के कारण ट्रायल नहीं करा सकते हैं। अगर कराते हैं तो सत्यव्रत कादियान जैसे पहलवान हमें अदालत में यह कहकर घसीटते हैं कि हम अदालत की अवमानना कर रहे हैं। ऐसे में हम आखिर क्या करें।' उन्होंने कहा, 'हमने हर वर्ग में पहलवानों को उनके हालिया प्रदर्शन के आधार पर चुना। इसमें क्या गलत है। अगर मंत्रालय चाहता है कि हम ट्रायल करायें तो निलंबन हटाना होगा।' इसके बाद अम्मान में 25 से 30 मार्च तक सीनियर एशियाई चैम्पियनशिप होगी, मंगोलिया में 29 मई से एक जून तक तीसरी रैंकिंग सीरिज, हंगरी में 17 से 20 जुलाई तक चौथी रैंकिंग सीरिज होगी।

# स्मृति मंधाना की टीम को लगा बड़ा झटका

## स्टार खिलाड़ी डब्ल्यूपीएल से हुई बाहर, पिछले सीजन में थी चैंपियन

बेंगलुरु, 15 फरवरी (एजेंसियां)। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम ने विमेंस प्रीमियर लीग 2025 की शुरुआत जीत के साथ की है. इस सीजन का पहला मैच वडोदरा के कोटांबी स्टेडियम में खेला गया, जहां आरसीबी ने गुजरात जायंट्स को 6 विकेट से हराया. ये जीत कई मायनों में खास रही, आरसीबी ने 202 रन का टारगेट चेज करने मुकाबला अपने नाम किया, जो इस लीग का सबसे बड़ा रन चेज है. लेकिन इस ऐतिहासिक जीत के बीच आरसीबी की टेंशन बढ़ गई है. दरअसल, उनकी एक स्टार खिलाड़ी चोट से जूझ रही है और माना जा रहा है कि ये खिलाड़ी इस सीजन में नहीं खेल पाएगी.



### स्मृति मंधाना की टीम को लगा बड़ा झटका

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की स्टार स्पिनर श्रेयंका पाटिल चोट के कारण महिला प्रीमियर लीग 2025 से बाहर हो गई हैं. श्रेयंका पाटिल आरसीबी की सबसे अहम गेंदबाजों में से एक हैं. लेकिन वह फिलहाल चोट से जूझ रही हैं. सीजन के पहले मुकाबले में श्रेयंका पाटिल टीम की प्लेइंग 11 का भी हिस्सा नहीं थीं. वहीं, मुकाबले के दौरान वह टीम के साथ नजर भी नहीं आईं थीं. इसी दौरान उन्होंने सोशल मीडिया पर भी एक पोस्ट किया, जिसके बाद माना जा रहा है कि वह पूरे सीजन से बाहर हो गई हैं.

### टीम में हुई इस खिलाड़ी की जगह

हाल ही में सोशल मीडिया पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की प्रैक्टिस का एक फोटो काफी वायरल हो रहा है. इस फोटो में ऑलराउंडर स्नेह राणा RCB टीम के साथ नजर आ रही हैं. माना जा रहा है कि स्नेह राणा को श्रेयंका पाटिल के रिप्लेसमेंट के तौर पर आरसीबी की टीम में शामिल किया गया है. स्नेह राणा पिछले सीजन तक गुजरात जायंट्स का हिस्सा थीं. लेकिन ऑक्शन से पहले गुजरात जायंट्स ने उन्हें रिलीज कर दिया था और फिर ऑक्शन में उन्हें कोई खरीददार भी नहीं मिला था.

### श्रेयंका पाटिल जीत चुकी हैं पर्पल कैप

श्रेयंका पाटिल के लिए पिछला सीजन काफी यादगार रहा था. उन्होंने कुल 13 विकेट चटकाए थे और पर्पल कैप भी अपने नाम की थी. उनके इस प्रदर्शन के चलते रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम खिताब जीतने में भी कामयाब रही थी. फाइनल मैच में भी श्रेयंका पाटिल एक बड़ी मैच विनर साबित हुई थीं, उन्होंने कुल 4 विकेट हासिल किए थे. ऐसे में श्रेयंका पाटिल का बाहर होना कप्तान स्मृति मंधाना और उनकी टीम के लिए एक बड़ा झटका है.

# जिम्बाब्वे ने आयरलैंड को 49 रन से पहला वनडे हराया

## प्लेयर ऑफ द मैच ब्रायन बेनेट ने 169 रन बनाए; मुजरबानी को 4 विकेट

हरारे, 15 फरवरी (एजेंसियां)। जिम्बाब्वे ने आयरलैंड को पहले वनडे में 49 रन से हरा दिया। हरारे में आयरलैंड ने बॉलिंग चुनी। जिम्बाब्वे ने 5 विकेट खोकर 299 रन बना दिए। प्लेयर ऑफ द मैच ब्रायन बेनेट ने 169 रन बनाए। जवाब में आयरिश टीम 250 रन बनाकर ऑलआउट हो गई।

जिम्बाब्वे से गेंदबाजी में ब्लेसिंग मुजरबानी ने 4 और रिचर्ड नगारवा ने 3 विकेट लिए। आयरलैंड से एक भी प्लेयर ने फिफ्टी नहीं लगाई। कर्टिस कैम्फर ने सबसे ज्यादा 44 रन बनाए।



### बेनेट 50वें ओवर में आउट हुए

टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी जिम्बाब्वे टीम से बेन करन और ब्रायन बेनेट ने 95 रन की पार्टनरशिप की। करन 28 रन बनाकर आउट हुए। कप्तान क्रैग इरविन ने बेनेट के साथ 136 रन की पार्टनरशिप की। इरविन 66 रन बनाकर आउट हुए। सिकंदर रजा और वेसले मधेवेरे 8-8 रन बनाकर पवेलियन लौट गए।

बेनेट एक एंड पर टिके रहे, वे 50वें ओवर में 169 रन बनाकर आउट हुए। उनकी पारी की मदद से टीम ने 5 विकेट खोकर 299 रन बनाए। जोनाथन कैम्पबेल 6 और टी मरुमानी 2 रन बनाकर नॉटआउट रहे। आयरलैंड से मार्क अडायर ने 2 विकेट लिए। जोशुआ लिटिल, ग्राहम ह्यूम और एंडी मैक्ब्रायन ने 1-1 विकेट लिया।

### आयरलैंड ने पहले ओवर में विकेट गंवाया

300 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी आयरिश टीम ने पहले ही ओवर में विकेट गंवा दिया। एंडी बलबर्नी खाता खोले बगैर आउट हो गए। कप्तान पॉल स्टर्लिंग ने 32, कर्टिस कैम्फर ने 44, हैरी टेक्टर 39, लोर्कन टकर ने 31, एंडी मैक्ब्राइन ने 32 और जॉर्ज डॉकरेल ने 34 रन बनाए।

6 आयरिश प्लेयर्स को शुरुआत मिली, लेकिन कोई भी बड़ा स्कोर नहीं बना सका। आखिर में टीम 46 रन बनाकर 250 रन पर ऑलआउट हो गई। जिम्बाब्वे से वेसले मधवेरे ने 2 और सिंकदर रजा ने 1 विकेट लिया।

### दूसरा वनडे 16 फरवरी को

पहला वनडे जीतकर जिम्बाब्वे ने 3 मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। दूसरा वनडे 16 फरवरी को हरारे में ही खेला जाएगा। सीरीज से पहले आयरलैंड ने इकलौता वनडे 63 रन से जीता था। दोनों टीमें 3 टी-20 की सीरीज भी खेलेंगी।

# न्यूजीलैंड ने ट्राई सीरीज जीतीः पाकिस्तान को 5 विकेट से फाइनल हराया

## डेरिल मिचेल और टॉम लैथम की फिफ्टी, ओरूर्क को 4 विकेट

कराची, 15 फरवरी (एजेंसियां)। न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को ट्राई सीरीज का फाइनल हराकर खिताब जीत लिया है। कराची के नेशनल स्टेडियम में पाकिस्तान ने बैटिंग चुनी। टीम 49.3 ओवर में 242 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। न्यूजीलैंड ने 45.2 ओवर में 5 विकेट खोकर ही टारगेट हासिल कर लिया।

न्यूजीलैंड से विलियम ओरूर्क ने 4 विकेट लिए। डेरिल मिचेल और टॉम लैथम ने फिफ्टी लगाई। पाकिस्तान से कप्तान मोहम्मद रिजवान 46 रन बनाकर टॉप स्कोरर रहे। नसीम शाह ने 2 विकेट लिए।



243 रन के टारगेट के सामने न्यूजीलैंड की शुरुआत खराब रही। विल यंग 5 रन बनाकर दूसरे ही ओवर में आउट हो गए। डेवोन कॉन्वे और केन विलियमसन ने फिर 71 रन की पार्टनरशिप की। विलियमसन 34 रन बनाकर आउट हुए। कॉन्वे भी फिफ्टी नहीं लगा सके और 48 रन बनाकर आउट हो गए। 108 रन पर 3 विकेट गिरने के बाद डेरिल मिचेल और टॉम लैथम ने टीम को संभाला। मिचेल 57 रन बनाकर आउट हुए। उनके बाद लैथम भी 56 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। ग्लेन फिलिप्स ने 20 और माइकल ब्रेसवेल ने 2 रन बनाकर टीम को जीत दिला दी।

पाकिस्तान से नसीम शाह ने 2 विकेट लिए। शाहीन अफरीदी, अबरार अहमद और सलमान अली आगा को 1-1 विकेट मिला। न्यूजीलैंड ने ट्राई सीरीज में सभी मैच जीते, जबकि पाकिस्तान को इकलौती जीत साउथ अफ्रीका के खिलाफ ही मिल सकी।

पाकिस्तान से रिजवान ने 76 बॉल पर 46 रन बनाए। जबकि आगा सलमान ने 65 बॉल पर 45 रनों की पारी खेली। तैय्यब ताहिर ने 38 और बाबर आजम ने 29 रन बनाए। न्यूजीलैंड की ओर से विलियम ओरूर्क ने 4 विकेट झटके। माइकल ब्रेसवेल और मिचेल सैंटनर ने 2-2 विकेट लिए। जैकब डफी और नाथन स्मिथ को एक-एक विकेट मिला।

पाकिस्तान के कप्तान मोहम्मद रिजवान और आगा सलमान फिफ्टी बनाने से चूक गए हैं। रिजवान 46 और सलमान 45 रन बनाकर आउट हुए। इससे पहले दोनों ने चौथे विकेट के लिए 120 बॉल पर 88 रन की पार्टनरशिप करके पाकिस्तानी पारी को संभाला। टीम ने 54 रन पर 3 विकेट गंवा दिए थे। यहां बाबर आजम 29 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें नाथन स्मिथ ने कॉट एंड बोल्ड किया।

आउट होने से पहले बाबर आजम ने वनडे क्रिकेट में 6 हजार रन पूरे किए। वे सबसे तेज 6 हजार रन बनाने के मामले में साउथ अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज हाशिम अमला के बराबर हैं।

# पैट कमिंस की झोली में आई एक और बड़ी उपलब्धि

## अपनी कप्तानी में लगभग हर आईसीसी खिताब जिताया है

मेलबर्न, 15 फरवरी (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस की झोली में एक और बड़ी उपलब्धि आई है, जहां उन्हें एक खास अवॉर्ड से नवाजा गया है। उन्हें यह खिताब साल 2024 में उनके शानदार प्रदर्शन की वजह से मिला है। उनकी कप्तानी में टीम ने पिछले साल दस साल बाद भारत से बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी जीतने में कामयाब हासिल की। इस दौरान उन्होंने गेंद और बल्ले से जोरदार प्रदर्शन किया था। पिछले कुछ सालों को देखा जाए तो उन्होंने अपनी कप्तानी में अपनी टीम को लगभग हर आईसीसी खिताब जिताया है।



### कमिंस की कप्तानी में हैदराबाद ने बनाई फाइनल में जगह

उन्होंने अपनी कप्तानी में पिछले साल सनराइजर्स हैदराबाद को आईपीएल फाइनल में भी पहुंचाया था। उन्होंने इससे साबित किया है कि चाहे इंटरनेशनल क्रिकेट का कोई भी फॉर्मेट हो या कोई लीग, उनका जलवा हर जगह दिखता है। अब भी काफी लोगों का मानना है कि अगर टीम पिछले साल वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेले गए टी-20 वर्ल्ड कप में मिचेल मार्श की जगह उनको कप्तान बनाती, तो नतीजा कुछ और होता।

### कमिंस की कप्तानी में कंगारुओं ने जीती बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी

कमिंस की अगुवाई वाली कंगारू टीम भारत के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज का पहला मैच हार गई थी, जो पर्थ में खेला गया था। इस मैच में टीम को 295 रनों से हार झेलनी पड़ी थी। हालांकि इसके बाद टीम ने जबरदस्त तरीके से वापसी करते हुए अगले चार में से तीन मैच जीते, जबकि गाबा में खेला गया तीसरा टेस्ट ड्रॉ रहा था।

# तेलंगाना में बिल्डरों को मिलेगा पूरा सहयोग : भट्टी



हैदराबाद, 15 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क ने कहा कि राज्य सरकार बिल्डरों और रियल एस्टेट डेवलपर्स को समाज के मूल्यवान सदस्य के रूप में मानती है क्योंकि वे तेलंगाना के विकास में धन सृजन और योगदान देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि सरकार इन हितधारकों को पूरा समर्थन प्रदान करेगी। भट्टी विक्रमार्क ने शनिवार को नोवोटेल में आयोजित तेलंगाना बिल्डर्स ग्रीन समिट में मुख्य अतिथि के रूप में बात की। अपने संबोधन के दौरान उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि राज्य सरकार ऐसे कार्यक्रम शुरू करेगी जिनका उद्देश्य बिल्डरों के प्रयासों में बाधा डालने के बजाय उन्हें सुविधा प्रदान करना है। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि यदि कोई बिल्डरों और डेवलपर्स की गतिविधियों को बाधित करने के इरादे से गलत सूचना फैलाता है, तो सरकार उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी। उपमुख्यमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि हैदराबाद बिल्डरों के लिए एक बेहतरीन वातावरण प्रदान करता है, उन्होंने कहा कि शहर की हरित स्थिति को बढ़ाने के लिए विभिन्न नीतिगत पहलों को लागू किया गया है।

भट्टी विक्रमार्क ने आगे कहा कि राज्य सरकार ने हैदराबाद को वैश्विक शहर में बदलने के लिए मुसी कायाकल्प परियोजना शुरू की है। उन्होंने कहा कि राज्य के इतिहास में अभूतपूर्व रूप से सरकार ने अकेले हैदराबाद के विकास के लिए 10,000 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। उपमुख्यमंत्री ने घोषणा की कि हैदराबाद शहर के सभी डीजल वाहनों को धीरे-धीरे इलेक्ट्रिक वाहनों में बदल दिया जाएगा। राज्य सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए पंजीकरण शुल्क कम करने में संकोच नहीं किया, हालांकि इससे राज्य के राजस्व में कमी आएगी। हमारा उद्देश्य हैदराबाद को प्रदूषण मुक्त शहर के रूप में बदलना है। आय से अधिक, हैदराबाद में रहने वाले लोगों का स्वास्थ्य हमारे लिए अधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि कि चौथा शहर हैदराबाद का भविष्य का शहर होगा, विक्रमार्क ने कहा कि चौथे शहर को वैश्विक केंद्र और केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। नेट जीरो सिटी के निर्माण के हिस्से के रूप में, सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए नीतिगत निर्णय लेगी कि इस क्षेत्र में भविष्य में किसी भी तरह की समस्या न हो। मुसी नदी पुनरुद्धार परियोजना को राज्य के इतिहास में एक मील का पत्थर बताते हुए, उपमुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस सरकार मुसी को ताजे पानी की नदी में बदलने और इसे हैदराबाद के लिए वरदान बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। हैदराबाद को एक अद्भुत शहर में बदल दिया जाएगा। उन्होंने कहा, अपने प्रयास के तहत राज्य सरकार ने इस परियोजना को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया, चाहे इसमें कितनी भी बाधाएं और खर्च क्यों न हों।

# एमएलसी कविता ने रेवंत सरकार की आलोचना की



खम्मम, 15 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस पार्टी की एमएलसी कविता ने आज रेवंत रेड्डी सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि वह राज्य में शासन नहीं कर पा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ पार्टी उनकी पार्टी के नेताओं के खिलाफ अवैध मामले दर्ज कर रही है। कविता ने पार्टी नेता लक्कीनेनी सुरेंदर से मुलाकात की, जो खम्मम उप-जेल में रिमांड पर हैं। इस अवसर पर मीडियाकर्मियों से बात करते हुए, उन्होंने आरोप लगाया कि लक्कीनेनी सुरेंदर को अवैध रूप से गिरफ्तार किया गया था और कहा कि सीएम रेवंत रेड्डी बीआरएस पार्टी प्रमुख केसीआर पर लगाम लगाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया, अगर बीआरएस नेताओं को गिरफ्तार किया जाता है, तो यह केसीआर को रोकने जैसा होगा। कांग्रेस सरकार में, रैतु बंधु, रैतु भीम योजनाएं, पेंशन और नौकरियां उपलब्ध नहीं थीं। रेवंत रेड्डी लोगों को धोखा देने के लिए झूठे वादे कर रहे हैं। उन्होंने रेवंत रेड्डी की आलोचना करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी के 14 महीने के शासन में, चोरी के अलावा कुछ नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि इस सरकार पर निश्चित रूप से सवाल उठेंगे। कविता ने चेतावनी दी कि सरकार चाहे जितने भी मुकदमे दर्ज कर ले, वे नहीं फंसेंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि पार्टी के हर कार्यकर्ता को पार्टी हाईकमान की ओर से सुरक्षा दी जाएगी। कविता ने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से मुकदमों से नहीं डरने को कहा और कहा कि वे जनता के बीच लड़ाई लड़ते रहेंगे। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं का समाधान किया जाना चाहिए। इससे पहले दिन में पूर्व विधायक कुसुकुंतला प्रभाकर रेड्डी और पार्टी कार्यकर्ताओं ने खम्मम जाते समय चौटुप्पल में एमएलसी कविता का स्वागत किया।

कविता ने कहा कि क्षेत्र के आदिवासी किसान काफी कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा, इससे पहले मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने कहा था कि वह ट्रिपल आर परियोजना के किसानों के साथ खड़े रहेंगे। जब रेवंत सत्ता में आए, तो वह अपना वादा भूल गए। सत्ता में आने के 14 महीने बाद भी उन्हें ट्रिपल आर परियोजना के कारण किसानों की समस्याओं की चिंता क्यों नहीं है। एमएलसी कविता ने स्थानीय विधायक राजगोपाल रेड्डी से ट्रिपल आर परियोजना पीड़ितों के मामले में पहल करने का आग्रह किया।

# किसानों की उपेक्षा कर रही सरकार : केटीआर



हैदराबाद, 15 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य के किसानों की उपेक्षा करने और उन्हें वित्तीय संकट में डालने के लिए कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला करते हुए बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष के टी रामाराव ने शनिवार को कांग्रेस शासन में किसान समुदाय के साथ किए गए व्यवहार पर सवाल उठाया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार पर्याप्त सिंचाई सुविधाएं उपलब्ध कराने में विफल रही है। इसके परिणामस्वरूप फसलें बर्बाद हो गईं और किसान कर्ज में डूब गए। उन्होंने सरकार द्वारा जल उपकर वसूलने के हालिया प्रयासों की आलोचना की, जिसे पिछली बीआरएस सरकार ने खत्म कर दिया था।

कांग्रेस सरकार पर रैतु भरोसा योजना पर प्रतिबंध लगाने और 2 लाख रुपये के ऋण माफी के अपने वादे को पूरा करने में विफल रहने का आरोप लगाते हुए उन्होंने निवेश सहायता प्रदान करने में विफल रहने के लिए सरकार की आलोचना की, जिसके कारण किसानों को दो वक्त की रोटी के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। रामाराव ने चेतावनी दी कि तेलंगाना के किसान इस तरह के अन्याय को बर्दाश्त नहीं करेंगे और उन पर किए गए अत्याचार के लिए सरकार को जवाबदेह ठहराते हुए सामूहिक रूप से लड़ेंगे।

उन्होंने किसानों से एकजुट होकर कांग्रेस प्रशासन की दमनकारी नीतियों के खिलाफ खड़े होने का आग्रह किया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में उन्होंने न्याय की लड़ाई में राज्य के किसानों के बीच एकजुटता पर जोर दिया।

# किसानों को डर! कपास की खरीद बंद न हो जाए

आदिलाबाद, 15 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। कांग्रेस के शासन में तेलंगाना में कपास किसानों के सामने चुनौतियां बनी हुई हैं। अब उन्हें कॉटन कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (सीसीआई) द्वारा कपास की उपज की खरीद में अभूतपूर्व गतिरोध का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें डर है कि आधार सर्वर में गड़बड़ियों का हवाला देकर प्रक्रिया को रोका जा सकता है।

पिछले कुछ दिनों से आधार के सर्वर में गड़बड़ी के कारण कपास की खरीद पूरी तरह ठप्प हो गई है। सीसीआई और विपणन विभाग के अधिकारी इस समस्या के समाधान में देरी के लिए एक-दूसरे को दोषी ठहरा रहे हैं। वे इस गड़बड़ी को दूर करने और खरीद बहाल करने में लगने वाले समय के बारे में नहीं बता पा रहे हैं, जो निराशाजनक स्थिति को दर्शाता है।

किसानों ने आरोप लगाया कि सीसीआई और राज्य सरकार जानबूझकर सर्वर की गड़बड़ियों को दूर करने के लिए कदम नहीं उठा रही है। उन्हें डर है कि गड़बड़ियों को खरीद प्रक्रिया को समाप्त करने का कारण बताया जाएगा। उन्होंने निगम और राज्य पर गड़बड़ियों को दूर करने में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया।

आसिफाबाद के एक किसान मल्लैया ने कहा कि जब हमने जिनिंग मिलों के मालिकों से पूछताछ की, तो पता चला कि खरीद जल्द ही बंद कर दी जाएगी। सीसीआई और राज्य सरकार कपास की खरीद में देरी के कारण किसानों को होने वाली असुविधा से बचने में दिलचस्पी नहीं रखती है।






# जनगणना का पुन: सर्वेक्षण कराने के फैसले का स्वागत

हैदराबाद, 15 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष जी निरंजन ने कहा कि ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी) की सीमा और अन्य शहरी क्षेत्रों में जाति जनगणना का एक महत्वपूर्ण हिस्सा आयोजित नहीं किया गया था। उन्होंने तेलंगाना सरकार के 16 से 28 फरवरी तक राज्य में जाति जनगणना का पुन: सर्वेक्षण कराने के फैसले का स्वागत किया। उन्होंने शुक्रवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जीएचएमसी में कम गणना के मुद्दे पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है।

बीसी आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि घरों में जागरूकता पैदा करने के लिए आयोग के सदस्यों ने उन इलाकों का दौरा करने का फैसला किया है, जहां जाति गणना कम है। वे 16 से 18 फरवरी तक अलग-अलग इलाकों का दौरा करेंगे। सरकार ने टोल-फ्री नंबर के माध्यम से जवाब दर्ज करने का फैसला किया है, जिसकी घोषणा कुछ दिनों में होने की संभावना है। इसके अलावा, परिवार ऑनलाइन और प्रजा पालना सेवा केंद्रों पर विवरण अपलोड कर सकते हैं।

## मूसी नदी और उसके आस-पास के इलाकों में मच्छरों पर नियंत्रण

हैदराबाद, 15 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। मूसी नदी और उसके आस-पास के इलाकों में मच्छरों के खतरे को कम करने के लिए, मच्छरों के लार्वा को नियंत्रित करने के लिए 3 से 14 फरवरी तक जीएचएमसी के कीट विज्ञान विभाग के 100 से अधिक कर्मचारियों के साथ एंटी-लार्वा ऑपरेशन चलाए गए हैं। कीट विज्ञान कर्मचारियों ने हर दिन अत्तापुर से चदरघाट ब्रिज तक मूसी नदी में जलकुंभी को भी हटाया और जलकुंभी को हटाने के बाद मच्छरों के लार्वा को नियंत्रित करने के लिए एमएलओ ऑयल और टेमेफोस जैसे लार्वासाइड का छिड़काव करने के लिए लगभग 25 नैपसेक स्प्रेयर और पांच पावर स्प्रेयर का इस्तेमाल किया गया। मच्छरों के लार्वा को नियंत्रित करने और मूसी नदी में जलकुंभी को हटाने के लिए कीट विज्ञान विभाग ने दस दिनों तक कड़ी मेहनत की है। मूसी बेल्ट के आसपास के गोशामहल और कारवान सर्किल के पांच से छह डिवीजनों के साथ-साथ बस्तियों, कॉलोनियों और ऐतिहासिक इमारतों (उस्मानिया अस्पताल, उच्च न्यायालय, सिटी कॉलेज और सालारजंग संग्रहालय) में लार्वा-रोधी अभियान चलाए गए हैं।






Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.